19 अक्टूबर 2024
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पटना में जाम की समस्या से जल्द मिलेगी निजात: सीएम नीतीश कुमार

2



## चाकू के हमले से आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल

- जयपुर में शरद पूर्णिमा उत्सव के दौरान बवाल
- जयघोष पर ऐतराज को लेकर हुआ विवाद

**एजेंसी/जयपुर**



राजधानी जयपुर में गुरुवार रात को आरएसएस की ओर से करणी विहार थाने इलाके में मनाए जा रहे शरद पूर्णिमा उत्सव में भारी बवाल मच गया। कार्यक्रम के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां चाकूबाजी कर दी। इससे संघ के करीब 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले जाया गया। बाद में आक्रोशित कार्यकताओं ने करणी विहार थाने पर जोरदार प्रदर्शन किया। हालात देखकर आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस जाब्ता बुलाया गया। बाद में मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ और विधायक गोपाल शर्मा भी ट्रामा सेंटर पहुंचे। उन्होंने घायलों से मिलकर घटना के बारे में जाना।

जानकारी के अनुसार संघ के कार्यकताओं की ओर से करणी विहार थाना इलाके में स्थित निम्बार्क नगर के शिव मंदिर में शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया जा रहा था। उसमें खीर वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। खीर वितरण और खेल के साथ साथ संघ के स्वयंसेवक जयघोष लगा रहे थे। इसका पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने एतराज जताया तो उन्होंने हनुमान चालीसा शुरू कर दिया। इससे गुस्साए पड़ोस में रहने वाले बाप बेटे चाकू और लाठी लेकर वहां आ गए। उन्होंने वहां आते ही चाकूबाजी शुरू कर दी। इसमें संघ के करीब 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। चाकूबाजी की घटना से वहां अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर वहां भारी भीड़ एकत्र हो गई। आक्रोशित लोगों ने वहां जाम लगा दिया। फिर सैकड़ों की संख्या में लोग करणी विहार थाने के बाहर इकट्ठा होकर प्रदर्शन करने लग गए। सूचना मिलने पर एडिशनल पुलिस कमिशनर कुंवर राष्ट्रदीप और डीसीपी अमित कुमार सहित तमाम पुलिस अफसर वहां पहुंचे। इस मामले को लेकर देर रात बवाल मचा रहा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## महाराष्ट्र सीएम के बेटे ने तोड़ा महाकाल मंदिर का नियम

- मंदिर के गर्भगृह में पत्नी के साथ दर्शन पर बवाल
- 1 साल से गर्भगृह में सभी के प्रवेश पर लगी है रोक

**एजेंसी/उज्जैन**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे सांसद श्रीकांत शिंदे के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में पत्नी और अन्य दो लोगों को ले जाने पर अब बवाल मच गया है, क्योंकि महाकालेश्वर मंदिर में पिछले एक साल से गर्भगृह में सभी के प्रवेश पर रोक लगी हुई है। आम श्रद्धालु रेलिंग से बाबा महाकाल के दर्शन कर जल्द से जल्द गर्भगृह में सभी का प्रवेश दिए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी बातों को न मानकर कर वीआईपी श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश दिए जाने से श्रद्धालु नाराज हैं। वैसे इस मामले में कलेक्टर और श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे अपनी पत्नी और दो अन्य लोगों के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। श्रीकांत शिंदे ने गर्भगृह में जाकर बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया और उसके बाद बाबा महाकाल की भक्ति में लीन भी दिखाई दिए।

सांसद श्रीकांत शिंदे ने परिवार सहित गर्भगृह में पहुंचकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया. वहीं अब उनके दर्शन करने के फोटो वीडियो वायरल हो रहे हैं। मामले पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह का कहना है कि सांसद श्रीकांत शिंदे और उनके परिवार को गर्भगृह में जाने की अनुमति नहीं दी गई। यह लोग गर्भगृह में कैसे पहुंचे, इस पर जांच की जाएगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था भेदभावपूर्ण है। यहां आम श्रद्धालुओं को 50 फीट दूर से बाबा महाकाल के दर्शन करवाए जाते हैं, जबकि वीआईपी श्रद्धालुओं को गर्भगृह से दर्शन करवा दिया जाता है। शुरूआत से ही ऐसी दर्शन व्यवस्था का विरोध हो रहा है।

### खबरें फटाफट

#### जेईई मेन 2025 के प्रश्न पत्र के पैटर्न में बदलाव

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेन 2025 के प्रश्न पत्र के पैटर्न में बदलाव किए हैं। एनटीए की तरफ से कहा गया है कि एग्जाम के सेक्शन बी में अब वैकल्पिक सवाल शामिल नहीं होंगे। यह बदलाव बीई-बीटेक, पेपर 1 और बीआर्क, बी प्लानिंग, पेपर 2 दोनों परीक्षाओं पर लागू होगा। ज्यादा डिटेल्स के लिए कैंडिडेट्स आधिकारिक वेबसाइट jeemain.nta.ac.in की सहायता भी ले सकते हैं। एजेंसी की तरफ से कहा गया है कि रजिस्ट्रेशन प्रोसेस जल्द ही शुरू हो जाएगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि जेईई मेन 2025 में सेक्शन बी में हर सब्जेक्ट के लिए केवल 5 सवाल होंगे। सभी अभ्यर्थियों को पेपर 1 बीई-बीटेक, पेपर 2अ बीआर्क, बी प्लानिंग के लिए सभी 5 सवालों का प्रयास करना होगा, जिसमें कोई विकल्प नहीं दिया जाएगा।

#### युवाओं का भविष्य बर्बाद करना बीजेपी की नीति: प्रियंका

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रिलिम्स परीक्षा दूसरी बार स्थगित किए जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षाएं स्थगित करना, पेपर लीक और भ्रष्टाचार के जरिये युवाओं का भविष्य बर्बाद करना बीजेपी सरकार की नीति बन चुकी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यूपी पीसीएस की प्रिलिम्स दूसरी बार स्थगित कर दी गई। यूपी टेक्निकल एजुकेशन सर्विसेज-2021 की परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया। प्रतियोगी छात्र यूपीपीसीएस की परीक्षा दो दिन में कराने के प्रस्ताव का भी विरोध कर रहे हैं। यूपीपीसीएस की परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को कराने पर मंथन चल रहा है।

### एनजीओ की ओर से दायर याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने सुनाया अहम फैसला

## बाल विवाह निषेध कानून को पर्नसल लॉ के जरिये नहीं कर सकते बाधित: सुप्रीम कोर्ट

- बाल विवाह रोकने के लिए बने कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए कुछ दिशा निर्देश
- पीठ ने कहा- अधिकारी बाल विवाह रोकने और नाबालिगों की सुरक्षा के साथ ही दोषियों को कड़ी सजा दिलाने पर फोकस करें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि बाल विवाह के खिलाफ बने कानून को पर्नसल लॉ के जरिए बाधित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह, जीवन साथी अपनी इच्छा से चुनने के अधिकार का भी उल्लंघन करता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ ने बाल विवाह रोकने के लिए बने कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए कुछ दिशा निर्देश जारी किए। अपने फैसले में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए बने बाल विवाह निषेध कानून को पर्सनल कानूनों के जरिए बाधित या रोका नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अधिकारियों को बाल विवाह रोकने और नाबालिगों की सुरक्षा के साथ ही दोषियों को कड़ी सजा दिलाने पर फोकस करना चाहिए। अपने फैसले में पीठ ने ये भी माना कि बाल विवाह निषेध कानून में कुछ खामियां भी हैं।

बाल विवाह निषेध कानून, 2006 देश में बाल विवाह रोकने के लिए लागू किया गया था। साल 1929 में यानी कि आजादी से पहले से देश में ये कानून मौजूद है। साल 2006 में तत्कालीन सरकार ने इस कानून में बदलाव कर बाल विवाह निषेध कानून 2006 लागू किया। पीठ ने कहा कि ऐसी कोशिश की जानी चाहिए कि अलग-अलग समुदायों के लिए कानून में लचीलापन मौजूद रहे। कोई कानून तभी सफल हो सकता है, जब उसमें विभिन्न पक्षों का समन्वय और सहयोग होगा। इसके लिए जांच अधिकारियों को प्रशिक्षित करने और नए तौर तरीके सिखाने की जरूरत है। हमारा मानना है कि इसमें समाज आधारित सोच का समावेश किया जाना चाहिए।

**साल 2017 में दायर की गई थी याचिका :** सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए समाज में जागरुकता फैलाने की जरूरत और सिर्फ सजा का प्रावधान करने से कुछ नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोसाइटी फॉर एनलाइनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन की याचिका पर यह फैसला सुनाया। एनजीओ का आरोप था कि बाल विवाह निषेध कानून को शब्दशः लागू नहीं किया जा रहा है। एनजीओ ने साल 2017 में याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने अब फैसला सुनाया है।

### निश्चित समय सीमा के भीतर मामलों के निस्तारण से जुड़ी याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने निश्चित समय सीमा के भीतर मामलों के निस्तारण का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने देश की सभी अदालतों में पेंडिंग मामलों का निस्तारण एक निश्चित समय सीमा के भीतर करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अमेरिका का सुप्रीम कोर्ट नहीं है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि याचिका में सुप्रीम कोर्ट सहित सभी अदालतों में 12 से 36 महीने के बीच सभी मामलों का निस्तारण करने का अनुरोध किया गया है। अन्य देशों में मामलों के निस्तारण के लिए एक निश्चित समय-सीमा होने को याचिकाकर्ता द्वारा रेखांकित किये जाने के बाद पीठ ने टिप्पणी की, ह्यह्यहम अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट नहीं हैं। इसके साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, आप चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में सभी मामलों की सुनवाई 12 महीने के भीतर पूरी कर दी जाए? इसके बाद उखकने टिप्पणी की, हालांकि, यह बहुत वांछनीय है लेकिन यह असंभव है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कवायद के लिए कई चीजों की जरूरत है, जिसमें बुनियादी ढांचा बढ़ाना और न्यायाधीशों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना शामिल है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में पांच और आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी/मुंबई**



महाराष्ट्र में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने पांच और आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। इस तरह से इस हत्याकांड में कुल गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर नौ हो गयी है। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को रायगढ़ जिले के कर्जत और पनवेल से गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कनेक्शन हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगा है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच इस हत्या की जांच कर रही है। बता दें कि 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन मुंबई के बांद्रा इलाके के निर्मल नगर में बाबा सिद्दीकी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। बाबा सिद्दीकी उस दिन अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय से बाहर निकल रहे थे। उसी दौरान तीन हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं थी।

मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पुलिस को विशेष सूचना मिली थी। उसके आधार पर रायगढ़ जिले के कर्जत और पनवे में अपराध शाखा की ओर से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अपराध से संबंधित साजिश और उसके निष्पादन के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

वहीं विधायक जीशान शेखावत ने कहा कि मैं अभी कोई टिप्पणी करने के मूड में नहीं हूं। मैं अपने परिवार की रक्षा करना चाहता हूं। कृपया मुझे कुछ समय दें, ताकि मैं आपके परिवार को सुरक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य प्रदान कर सकूं। हम निश्चित रूप से न्याय चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि न्याय जरूर मिलेगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पुलिस कमिश्नर सभी इस मामले में काम कर रहे हैं। हमारी जांच जारी है। बाबा सिद्दीकी की हत्या क्यों हुई? इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। बाबा की हत्या को लेकर एसआरए प्रोजेक्ट पर क्या विवाद हुआ? पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को मिली जमानत, तिहाड़ जेल से 18 महीने बाद आए बाहर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को शुक्रवार को दिल्ली की अदालत ने जमानत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा- अभी ट्रायल के जल्द खत्म होने के आसार नहीं हैं। कोर्ट ने सत्येंद्र को 50 हजार रुपए का निजी मुचलका भरने का भी आदेश दिया। ईडी ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। ईडी ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र ने उनसे जुड़ी 4 कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की।

जमानत मिलने के बाद सत्येंद्र जैन 18 महीने बाद तिहाड़ जेल से रिहा हो गए। जेल के बाहर समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सारे नेता बाहर आ गए हैं। सारे काम पूरे करके दिखाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था, यमुना नदी को साफ कर-के दिखाएंगे। सत्येंद्र जैन ने कहा, अरविंद ने पहले ही कहा था कि आग का दरिया है जेल तो जाना पड़ेगा। आज इस देश के आम आदमी ने जनता की पार्टी बनाई। देश के बारे में सोचने के लिए बनाई. मनीष सिसौदिया ने स्कूल बना दिए तो उन खांटी नेताओं को कौन पूछेगा। मैंने अगर यमुना साफ कर दी तो उन्हें कौन पूछेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा, आप चिंता मत करना। अरविंद केजरीवाल जी बाहर आ चुके हैं। मनीष जी पहले ही बाहर आ चुके हैं। संजय सिंह बाहर हैं। मैं भी बाहर आ गया हूं। सारे रुके हुए काम करके दिखाऊंगा। जेल से बाहर निकलते ही मनीष सिसोदिया को उन्होंने गले लगा लिया। इसके बाद संजय सिंह से भी गले मिले और सीएम आतिशी का अभिवादन किया।

### हरियाणा के सीएम नायब सिंह ने किया बड़े फैसले का ऐलान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में फिर से सत्ता में आने के बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को बड़े फैसला का ऐलान किया। उन्होंने अनुसूचित जातियों के भीतर उप श्रेणी के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को तुरंत लागू करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दूसरे दिन सीएम सैनी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में 17 अगस्त को हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की रिपोर्ट में हरियाणा में एससी के लिए सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत आरक्षण कोटा का प्रावधान शामिल है।






### ड्रोन शो के जरिए प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान जी की वीर मुद्रा का दर्शन कर सकेंगे लोग

## अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान भव्य ड्रोन शो करायेगी सरकार

**केटी न्यूज/अयोध्या**



रामनगरी अयोध्या में भक्ति, अध्यात्म, आधुनिकता और संकल्प की शक्ति को सार्थक करने में जुटी योगी सरकार दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन शो का आयोजन करेगी। सीएम योगी के विजन अनुसार, अयोध्या के आकाश में रंग-बिरंगी रोशनी युक्त 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन होगा। इसके जरिए, दीपोत्सव के दौरान मुख्य कार्यक्रम में 15 मिनट तक एरियल ड्रोन शो आयोजन होगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मेड इन इंडिया ड्रोन्स का इस्तेमाल होगा। एरियल ड्रोन शो के जरिए प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान जी की वीर मुद्रा का लोग दर्शन कर सकेंगे और इस कार्यक्रम में लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर व म्यूजिकल नैरेशन के जरिए समां बांधा जाएगा। रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार वाल्मीकि, तुलसीदास व राम मंदिर को भी अयोध्या के आकाश में ड्रोन के जरिए दशार्या जाएगा जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठेंगे। वहीं, दीपोत्सव, उ.प्र सरकार व पर्यटन विभाग के लोगो भी कार्यक्रम में अयोध्या के आकाश पर साकार हो उठेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा ड्रोन शो का आयोजन

प्रभु रामलला के विग्रह के भव्य मंदिर में विराजित होने के बाद पहली बार आयोजित होने जा रहे दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, 8वें दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन शो का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा। 30 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम से पूर्व 29 अक्टूबर को ड्रोन शो की रिहर्सल भी की जाएगी जिससे ड्रोन के समन्वय और फॉर्मेशन के सही क्रम को परखा जाएगा। राम की पैड़ी पर इस ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत, 15 फॉमेर्शंस को आकाश में साकार करने की योजना है। इन कार्यों को पूरा करने के लिए एनिमेशन के साथ डीटेल्ड स्टोरीबोर्ड का निर्माण किया जाएगा जिसे उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। आकाश में बनने वाले फॉमेर्शंस को सपोर्ट करने के लिए कॉन्सेप्ट, पटकथा, बैकग्राउंड म्यूजिक, वॉयसओवर, नैरेशन व लेजर लाइट्स समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा जिन पर कार्य शुरू हो गया है।

**लाइट एंड साउंड शो के साथ ही आतिशबाजी का भी लुत्फ उठाएंगे लोग:** राम की पैड़ी पर लेजर लाइट एंड साउंड शो के जरिए प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को लेजर लाइट शो के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। ड्रोन शो के साथ ही साउंड व लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा और इसे आर्टिस्टिकली डिजाइंड ग्रीन फायरक्रैकर्स की आतिशबाजी का साथ मिलेगा।

# उपेंद्र कुशवाहा ने जज बहाली प्रक्रिया को बताया गैर लोकतांत्रिक

♦ सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह से आपत्तिजनक

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को मुजफ्फरपुर के साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कई गंभीर मुद्दों पर अपने विचार रखे। बिहार यात्रा के तहत आयोजित इस सभा में कुशवाहा ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की बहाली की प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए और इसे गैर लोकतांत्रिक और गैर संवैधानिक करार दिया। उपेंद्र कुशवाहा ने जोर देकर कहा कि मैं सत्ता में रहा हूं, सदन में रहा हूं और सड़क पर भी जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष करता रहा हूं। मैं किसी भी मुद्दे को भूलता नहीं हूं। चाहे सत्ता में हूं या विरोध में, जनहित के सवाल हमेशा मेरे दिल में होते हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने जजों की नियुक्ति पर कॉलेजियम सिस्टम को अनुचित बताया। उपेंद्र कुशवाहा ने कॉलेजियम सिस्टम के तहत जजों की नियुक्ति पर गंभीर आपत्ति जताई।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह से आपत्तिजनक है। इसमें पूर्व से बहाल हुए जज ही अगले जज का चयन करते हैं, जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इसमें पारदर्शिता की कमी है और यह प्रणाली कई तरह के सवाल खड़े करती है।

### पिछड़ा वर्ग और दलितों की अनदेखी पर चिंता

राज्यसभा सांसद कुशवाहा ने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम में पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, दलित और महादलित समुदायों को नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जहां सभी वर्गों को समान अवसर मिलते हैं, वहीं जज बहाली की इस प्रक्रिया में खास वर्गों को ही मौका दिया जा रहा है। यह सरासर गलत है और समाज के सभी वर्गों को इस पर आपत्ति है।

2025 के विधानसभा चुनाव के लिए जनता से की अपील

कुशवाहा ने अपने संबोधन में जनता से अपील कर कहा कि आप हमारे हाथों को मजबूत करें, आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में हमें आपका समर्थन चाहिए। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जनता के मुद्दों को उठाते रहे हैं और आगे भी संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी आम जनता से जड़े मुद्दों को उठाया गया था। यहीं नहीं उसके लिए लगातार संघर्ष किया गया था। उस दौरान सूबे की जनता को अपार समर्थन मिला था। इस बार भी उम्मीद है कि जनसमर्थन प्राप्त होगा। इस बार भी जनता से जुड़े बातों को उठाया जाएगा। संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

# दुष्कर्म-भ्रष्टाचार के आरोप में आईएएस संजीव हंस और गुलाब यादव गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

सीनियर आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। संजीव हंस के ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की थी। टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर संजीव हंस के चार ठिकानों पर रेड की है। इतना ही नहीं संजीव हंस से जुड़े लोगों के तीन-तीन अलग ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही थी। इस कारण संजीव हंस और करीबीयों में हड़कंप मचा था। घर के अंदर बाहर से आने वाले लोगों की इंट्री बंद कर दी गई थी। ईडी के अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव की तलाश कर रहे थे। बता दें कि कुछ माह पहले ही गैंगरेप केस के आरोपी संजीव हंस और गुलाब यादव के पटना, पुणे, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, पंजाब समेत देश के दर्जनभर ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने दोनों के खिलाफ पीएमएलए के तहत पहले से ही केस दर्ज कर रखा है। तीन माह पहले आईएएस अधिकारी संजीव हंस औरपूर्व एमएलए गुलाब यादव केस में नया मोड़ तब आया था प्रवर्तन निदेशालय ने केस करने वाली महिला को पूछताछ के लिए बुलाया था।

## सीएम ने पटना रेलवे स्टेशन पास पार्किंग हब का किया निरीक्षण

# पटना में जाम की समस्या से जल्द मिलेगी निजात: नीतीश

♦ रेलवे स्टेशन के पास ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए कराया जा रहा सब-वे का निर्माण

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पटना जंक्शन के पास निमाणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग हब और सब-वे का निरीक्षण करने पहुंचे। मुख्यमंत्री निमाणाधीन तीन मंजिला मल्टीलेवल हब के सबसे ऊपरी तल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना जंक्शन के समीप ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए इस सब-वे का निर्माण कराया जा रहा है। इस स्थान पर काफी भीड़-भाड़ रहती है, जिसके कारण रोड क्रॉस करना कठिन होता है. दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है. इस कारण सब-वे की परिकल्पना की गई। उन्होंने कहा कि इसके बनने से यात्रियों को आवागमन में सहूलित होगी और जाम की परेशानी से उन्हें निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर सोलर प्लेट भी लगाएं ताकि यहां की बिजली की जरूरत को पूरा किया जा सके। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मल्टीलेवल पार्किंग से पटना जंक्शन के निमाणाधीन सब-वे का निरीक्षण किया।



### हेल्थ वेन्टिलेशन एयर कंडिशनिंग की व्यवस्था

भूमिगत लम्बाई में हेल्थ वेन्टिलेशन एयर कंडिशनिंग की व्यवस्था होगी। इसमें 3 जगहों मल्टीलेवल पार्किंग के निकट, बुद्धा स्मृति पार्क तथा पटना जंक्शन के निकट हनुमान मंदिर के बगल से प्रवेश–निकास की व्यवस्था होगी। इस सब–वे के निर्माण से ट्रेन यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी और उन्हें कहीं भी जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। पैदल यात्री रेलवे स्टेशन के ट्रैफिक जाम से बचते हुए सब–वे का उपयोग कर मल्टी–लेवल पार्किंग तक पहुंच सकेंगे और विभिन्न जगहों पर आवागमन कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान विजय कुमार चौधरी, नितिन नवीन, दीपक कुमार, अभय कुमार सिंह, कुमार रवि सहित अन्य मौजूद थे।

**32 बस, 225 कार पार्किंग की व्यवस्था**: नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को साइट प्लान के द्वारा निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस मल्टीलेवल पार्किंग में 32 बस और 225 कार पार्किंग की व्यवस्था है। पार्किंग का सीधा सम्पर्क बुद्धस्मृति पार्क के पास बने हुए पार्किंग और पटना रेलवे जंक्शन से सब-वे के माध्यम से होगा।

### मल्टीलेवल पार्किंग की सुविधाएं

इस परियोजना का मकसद पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र के तहत यातायात व्यवस्था को विकसित किया जाना है। पटना जीपीओ गोलम्बर के समीप मल्टीलेवल पार्किंग (हब) का निर्माण किया जा रहा है, जो यातायात के विभिन्न स्त्रोतों को जोड़ने वाला एक प्रमुख केन्द्र है। यहां सिटी बस, ऑटो, टैक्सी और निजी कार पार्किंग की व्यवस्था है, जहां से पटना रेलवे स्टेशन तथा महावीर मंदिर, बुद्धा पार्क को जोड़ने हेतु सब–वे का निर्माण किया गया है। मल्टीलेवल पार्किंग से पटना जंक्शन तक की सब–वे की कुल लम्बाई 440 मीटर है। इसमें ट्रैवलेटर की संख्या– 4 होगी, जिनकी लम्बाई क्रमशः 18 मीटर, 30 मीटर, 45 मीटर और 55 मीटर यानी कुल 148 मीटर है। इसके अलावा एस्केलेटर की संख्या– 2, अंडर ग्राउंड बॉक्स एरिया लिफ्ट की संख्या– 2 (महावीर मंदिर निकास के पास एवं मल्टी–लेवल पार्किंग के पास) होगी। लोगों को गाडी पार्क करने के बाद पटना जंक्शन जाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इसके बन जाने से पटना जंक्शन के आस–पास लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। लोगों को हनुमान मंदिर जाने में भी सुविधा होगी।

# औरंगाबाद में भीषण सड़क हादसा दो महिलाओं की मौत, 12 घायल



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद के दाउदनगर में दाउदनगर-गया पथ पर मंडल उप कारा के पास शुक्रवार की दोपहर तीन वाहनों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दाउदनगर से एक निजी बस तेज गति से गोह की ओर जा रही थी। इसी दौरान दाउदनगर मंडल उप कारा के पास बस की सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे बस से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पीछे से आ रहे तेज गति में आ रहे हाईवा ने भी बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बस से निकाला गयामरने वालों में दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर जेसीबी लाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को खड़ा किए जाने के बाद घायलों को बस से निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान एवं एसआई आरती कुमारी सदल बल मौके पर पहुंचीं और जांच में जुट गईं।जांच में जुटी औरंगाबाद पुलिस

आननफानन में पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए दाउदनगर के अनुमंडल अस्पताल लाया। यहां कुछ को प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। शेष का दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल घटना की जानकारी नजदीकी थाने की पुलिस को दे दी गई है। उसके बाद पुलिस की टीम मामले की जांच में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि, दाउदनगर में हाइवा और बस के बीच अचनाक से भिड़ंत हो गई। उसके बाद बस में सवार दो महिला सड़क पर गिर गई और उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद बस का ड्राइवर अंदर फंस गया। स्थानीय लोगों ने उसे बस से निकालकर दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है।

## एक नजर

### आंखों में मिर्च पाउडर झोंक पांच पर धारदार हथियार से हमला, दो भाइयों की मौत



**पूर्णिया।** पूर्णिया में दो डिसमिल जमीन को लेकर पड़ोसी ने धारदार हथियार से काटकर दो भाइयों की हत्या कर दी। वहीं, इस घटना में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की स्थिति काफी गंभीर है। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार देर शाम सरसी थानाक्षेत्र के कचहरी बलुआ गांव की है। जहां घटना पड़ोसी पुरुष और महिलाओं द्वारा आंख में मिर्च उड़ेल दी गई। उसके बाद धारदार हथियार से काटकर युवक की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान कचहरी बलुआ निवासी लक्ष्मण राम के बेटे राजेंद्र राम (22) और उपेंद्र राम (30) के रूप में की गई है, जबकि इस घटना में सिंटू राम (28), सुमन देवी (26) और बिसेखा देवी घायल हैं।घटना को लेकर घायल सुमन देवी ने बताया कि साल 1999 से दो डिसमिल जमीन को लेकर पड़ोसी पांचू राम और वीरेंद्र राम से विवाद से विवाद चल रहा है। आज शुक्रवार देर शाम को राजेंद्र राम घर के आंगन स्थित चापाकल की टटिया बांध रहा था। इसी दौरान पड़ोसी पांचू राम, वीरेंद्र राम, सुरेंद्र राम, गोनर राम, धीरेंद्र राम, अमित राम, रवींद्र राम और बेचन राम सहित अन्य लोग आए। फिर मेरे भाई राजेंद्र राम को उठाकर आंगन से बाहर लेकर चले गए। हम सब कुछ समझ पाते इतने में वे लोग धारदार हथियार से मेरे भाई को काटने लगे। जब हम लोग बचाने के लिए गए तो तेतरी देवी सहित अन्य महिलाओं ने हम लोगों की आखों में मिर्च उड़ेल दी। उसके बाद गाय-भैंस की तरह धारदार हथियार से काटने लगे, जिससे मेरे भाई राजेंद्र राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, मेरा पति सिंटू राम, दूसरा भाई उपेंद्र राम और बहन बिसेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद कुछ स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने राजेंद्र राम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बड़ा भाई उपेंद्र जिन्दगी और मौत से लड़ रहा है।

# बोले गिरिराज... स्वाभिमान यात्रा के माध्यम से आया हूं चेतावनी देने

**केटी न्यूज/भागलपुर**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह हिंदू स्वाभिमान यात्रा में जमकर गरजे। उन्होंने कहा- चेतावनी देने आया हूं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान वह भागलपुर में जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि मैं आपको चेतावनी देने आया हूं।। अगर आप संगठित रहे तो सशक्त भारत बनेगा। भारत की लोकतंत्र तभी तक सुरक्षित है जब तक भारत का सनातन हिंदू बहुमत में है। जिस दिन यह अल्पमत में होगा उसे दिन लोकतंत्र भी सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अब हिन्दू नहीं हैं।



बांग्लादेश में भी हमारे भाई टूट गए, लूट गए। लोग कहते हैं कि 1947 में हमारी जनसंख्या थी, लेकिन अब हम (हिन्दू) 70 प्रतिशत पर आ गए हैं। जहां 3000 मस्जिदे थी आज वहां 20 लाख मस्जिद हो गई हैं। जब मैं बोलता हूं तो सचमुच में मुझे पीड़ा होती है। इस वजह से यहां से शुरू किया हिंदू स्वाभिमान यात्रा गिरिराज सिंह ने कहा कि भागलपुर के लोगों ने यहां के मुसलमान को जवाब दिया है इसलिए हम अपनी यात्रा की शुरूआत यहां से कर रहे हैं। आसपास के इलाकों में खासकर अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिमा में जो डेमोग्राफिक बदलाव आये है यह चिंता की बात है।

# कांवड़ियों के झुंड को ट्रक ने कुचला, पांच की मौत, कई घायल

**बांका।** बांका में कांवड़ियों के झुंड को एक अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया, जिसमें पांच कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गये हैं। घटना फूलीडूमर थाना क्षेत्र के नगरडीह गॉव के पास की है। सभी श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल भरकर गौर नाथ महादेव मंदिर जा रहे थे। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। घटना होते ही आसपास के लोग वहां जमा हो गये। घटनास्थल पर उग्र हुए ग्रामीणों ने पुलिस की 112 की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। फिलहाल घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। मृतकों की पहचान की कोशिश की जा रही है। ताकि परिजनों को सूचित हो सके।

## राज्य के कलाकारों के लिए वरदान साबित होगी फिल्म नीति

# राज्य के कलाकारों को मिलेगा नई उड़ान का मौका

♦ छोटे कस्बों के कलाकारों को मिलेगा बड़ा मंच

♦ बिहार को मिलेगा फिल्म निर्माण का नया केंद्र

**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार की फिल्म संस्कृति को नए आयाम देने और राज्य के कलाकारों को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से बिहार फिल्म कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन पटना में किया गया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग और बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर के 65 से अधिक फिल्मी हस्तियों ने हिस्सा लिया। कलाकारों, निर्देशकों, लेखकों और फिल्म निमार्ताओं ने बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 पर अपने विचार साझा किए, जिसमें राज्य के



फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा हुई। क्रांति प्रकाश झा और रीना रानी जैसे दिग्गज कलाकारों ने फिल्म नीति की प्रशंसा करते हुए इसे बिहार के कलाकारों के लिए एक बड़ा अवसर बताया। क्रांति प्रकाश झा ने कहा कि इस नीति के तहत बिहार के फिल्म कल्चर को न केवल उत्तर प्रदेश और मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री से प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी अपने सपनों को पूरा करने का मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह नीति कलाकारों को अपनी बुलंदियों को हासिल करने का मौका देती है, बशर्ते वे इसका अधिकतम लाभ उठाएं।वहीं, रीना रानी ने फिल्म नीति को सशक्त बनाने के लिए कुछ सुझाव दिए, जैसे कि वरिष्ठ कलाकारों के लिए आर्थिक सहायता और बाहर से आने वाले कलाकारों के लिए एक स्थायी ठिकाने के निर्माण की मांग।

उन्होंने कहा कि इससे छोटे कलाकारों को ज्यादा लाभ मिलेगा और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। बुल्लू कुमार और मनोज टाइगर जैसे कलाकारों ने भी फिल्म नीति को राज्य के छोटे कस्बों के कलाकारों के लिए एक वरदान बताया। बुल्लू कुमार ने कहा कि यह नीति उन कलाकारों के लिए अवसरों का द्वार खोलेगी जिनके पास प्रतिभा तो है, लेकिन प्लेटफार्म और आर्थिक सहायता की कमी है। अब उन्हें मुंबई जाने की जरूरत नहीं होगी। मनोज टाइगर ने इस नीति का स्वागत करते हुए कहा कि अगर इसे जमीन पर सही तरीके से उतारा गया, तो यह राज्य के कलाकारों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी ने किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति राज्य को फिल्म निर्माण के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए है।



# कर्मनाशा रेल पुल के समीप से मिला जहानाबाद के युवक का कंकाल

- 13 दिन से लापता था मृतक, मोबाइल के अलावा घड़ी व कपड़े से हुई पहचान
- गुत्थी सुलझाने के लिए बुलाई गई एसएफएल टीम

केटी न्यूज/चौसा



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कर्मनाशा पुल के समीप खेत से शुक्रवार को एक युवक का कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। कंकाल के पास मिले युवक के खून से सने कपड़े, मोबाईल तथा घड़ी के आधार पर उसके भाई ने ही उसकी शिनाख्त कर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए एसएफएल टीम की मदद ली गई है। एसएफएल टीम मौके से खून के नमूने अपने साथ ले गई है। घटना के संबंध में कई तरह के कयाश लगाए जा रहे है। कुछ इसे सुनियोजित साजिश मान रहे थे तो कुछ का कहना था कि टेज्न से सफर के दौरान वह गिर गया होगा तथा कुत्ते शव को घसीटकर रेलवे टैज्क से दूर ले गए होंगे। बहरहाल परिजनों ने अभी किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

**गायब होने के बाद से ही तलाश में जुटे थे परिजन :** मृतक की पहचान जहानाबाद निवासी बीरेन्द्र कुमार के 26 वर्षीय पुत्र अंकित उर्फ राहुल के रूप में हुई। वह घर से पांच अक्टूबर को ही बिना किसी से कुछ बताए अचानक गायब हो गया था। जिसके बाद पांच अक्टूबर की शाम ही परिजनों ने स्थानीय थाने में उसके गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था। सात अक्टूबर को उसके मोबाईल का लोकेशन डीडीयू रेलवे स्टेशन पर मिला था। जिसकी सूचना परिजनों को दी थी। तब जहानाबाद पुलिस परिजनों के साथ दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन भी गई थी, लेकिन उसका कही सुराग नहीं मिला था। इसके बाद पुलिस टीम लौट आई थी, लेकिन मृतक के भाई तथा अन्य परिजन लगातार डीडीयू से बक्सर के बीच के रेलवे स्टेशनों पर जा अपने अंकित की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार को वे लोग कर्मनाशा पुल के पास पहुंचे तथा आस पास खेतों में उसकी तलाश करने लगे। इसी दौरान एक जगह पड़े कंकाल पर उनकी नजर पड़ी। कंकाल के पास रखे कपड़े, मोबाईल तथा घड़ी को देख उसके भाई तथा अन्य परिजन चौंक पड़े। कंकाल के पास मिले कपड़े, मोबाईल व घड़ी अंकित के ही थे। इसके बाद उनलोगों ने स्थानीय मुफस्सिल पुलिस को इस घटना की जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे मुफस्सिल थाने के एएसआई अभय कुमार सिंह ने बताया कि जांच के लिए एसएफएल टीम को भी बुलाया गया है। एसएफएल टीम ने घटना स्थल से कई नमूने एकत्र किए है। उन्होंने कहा कि युवक की हत्या की गई है या फिर वह रेल हादसे का शिकार हो गया है, इसकी जांच की जा रही है।

### हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं साक्ष्य

अंकित का कंकाल रेलवे लाइन से काफी दूर मिला है, उसके कपड़े भी खून से सने थे, जो सुनियोजित हत्या की ओर इशारा कर रहे है। भले ही प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि वह टेज्न से गिर गया होगा, लेकिन सवाल उठता है कि यदि टेज्न से गिरने से उसकी मौत हुई होती तथा कुत्ते शव खींचकर शव को दूर ले गए होते तो उसका कपड़ा घड़ी व मोबाईल भी कंकाल के पास कैसे मिलता, यह सवाल इस बात की ओर इशारा कर रहे है कि उसकी सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है।

## खबरें फटाफट

### जनता दरबार में आए 80 मामले

**बक्सर।** शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के जनता दरबार में कुल 80 फरियादी पहुंचे थे। डीएम ने सभी फरियादियों से बारी बारी से मुलाकात की तथा उनके आवेदनों को अपने हाथों लिया। आवेदन पढ़ डीएम ने उसे संबंधित अधिकारी को अग्रसारित करते हुए उसे प्राथमिकता के तौर पर समाधान करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि आम जनता की अधिकारियों से अपेक्षा रहती है कि उन्हें न्याय मिलेगा। हमे जनता के इस उम्मीद पर खरा उतरना है। इस दौरान डीएम ने कई फरियादियों से औपचारिक हाल चाल भी पूछा। डीएम के इस रवैये से फरियादी काफी खुश नजर आ रहे थे।

### चार वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**नावानगर।** स्थानीय थाने की पुलिस ने दो गांव से चार कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार कोर्ट वारंटी परमानपुर निवासी मुटन मिश्रा के अलावा तेतरहर निवासी विजय कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह व गोरख मुसहर है। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि चारों पर कोर्ट से वारंट निर्गत हुआ था। जिस पर अमल करते हुए उनके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं, पुलिस ने पड़रिया मुसहर टोली में अभियान चलाया। जिसमें 400 लीटर अर्धनिर्मित महुआ शराब को बरामद किया। जिसे नाली में बहाकर कर नष्ट कर दिया। वासुदेवा थानाध्यक्ष ने शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया जो अतिमी गांव की शहरी देवी बताई जाती है।

## गलत रिपोर्ट देने वाले तीन राजस्व कर्मियों पर प्रपत्र-क गठित, बोले जिलाधिकारी...

# गलत सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपने वाले कर्मियों पर दो दिन में हो कार्रवाई

- डीएम ने की राजस्व समन्वय समिति व आंतरिक संसाधन की समीक्षा
- समीक्षा बैठक में राज्य स्तरीय रैंकिंग में गिरावट पर डीएम ने जताई नाराजगी

केटी न्यूज/बक्सर

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व समन्वय समिति एवं आंतरिक संसाधन की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। बैठक में सर्वप्रथम अपर समाहर्त्ता भूमि सुधार, उप समाहर्त्ता व अंचल अधिकारियों पर सितम्बर महीने की जारी राज्य स्तरीय रैंकिंग में गिरावट पर नाराजगी जताई तथा सभी सीओ, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता तथा अपर समाहर्त्ता को निदेशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित प्रगति लाए, ताकि विभाग द्वारा निर्धारित प्राथमिकता वाले कार्यों में प्रगति दिखाई पड़े। ताकि, उक्त कार्यक्रमों का लाभ लाभुकों को पादर्शी तरीके से मिल सके। अभियान बसेरा-2 की समीक्षा में राजपुर, इटाढ़ी, चक्की, केसठ, डुमरांव, नावानगर एवं चौसा सहित सभी अंचलों की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। डीएम ने यह भी पाया कि कुछ राजस्व कर्मचारियों द्वारा बिना जांच किए ही सर्वेक्षण किया गया है।

**गलत प्रतिवेदन देने वाले राजस्वकर्मियों पर प्रपत्र-क गठित करने का निर्देश :** समीक्षा बैठक के दौरान गलत सर्वेक्षण प्रतिवेदन देने वाले राजपुर के राजस्व कर्मी रेहान अहमद, बक्सर अंचल के प्रकाश कुमार, नावानगर में आथर पंचायत के राजस्व कर्मचारी रविशंकर शर्मा के विरूद्ध प्रपत्र-क गठित करने का निदेश दिया गया। जबकि बद्री प्रसाद सिंह, संविदाधारी राजस्व कर्मचारी को अंचल-राजपुर में पदस्थापन के दौरान पंचायत-हरपुर व दुल्फा में गलत सर्वेक्षण करने के कारण संविदा समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

**निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कार्य निष्पादित करेंगे :** जिलाधिकारी के द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निदेशित किया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कार्य निष्पादित करेंगे। साथ ही गलत सर्वेक्षण करने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरूद्ध दो दिनों के अन्दर अनुशंसा समर्पित करेंगे। डीएम ने भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बक्सर एवं डुमरांव को अपने स्तर से नियमित रूप से जांच कर नियम विरूद्ध कार्य करने वाले राजस्व कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई तथा प्रपत्र-ह्यकह्ल गठित करने का प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। अभियान बसेरा-2 में अगले माह तक 35 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी सीओ को ठोस कार्य योजना बनाकर गंभीरतापूर्वक कार्य करने का निर्देश डीएम ने दिया।

**आगामी बैठक में लक्ष्य और प्राप्ति की जानकारी के साथ लेंगे बैठक :** जबकि आन्तरिक संसाधन की समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि अगली बैठक से माहवार निर्धारित लक्ष्य तथा माहवार प्राप्ति की जानकारी के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। विगत बैठक में दिये गये निदेश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए बैठक संबंधी प्रतिवेदन में मदवार निर्धारित लक्ष्य एवं वसूली का प्रतिशत आवश्यक रूप से अंकित करने का निर्देश दिया गया। सोन नहर प्रमण्डल, बक्सर एवं आरा, खनन कार्यालय, नगर परिषद, बक्सर एवं डुमरांव, विद्युत, माप-तौल आदि को निदेशित किया गया कि आगामी बैठक में राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए कार्ययोजना के साथ बैठक में भाग लेंगे।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर एक को किया गया सेवामुक्त




### प्राथमिकता में सर्वोच्च स्थान पर है परिमार्जन प्लस

डीएम ने कहा कि परिमार्जन प्लस विभागीय प्राथमिकता में सर्वोच्च स्थान पर है, क्योंकि इसका संबंध सीधे तौर आम जनता से जुड़ा हुआ है। यदि किसी भी अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारी द्वारा नियम के विरूद्ध कार्रवाई की जाती है और जांच के क्रम में इस प्रकार के मामलें संज्ञान में आते है तो संबंधित अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारी पर प्रपत्र-ह्यकह्ल गठित कर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। समीक्षा के क्रम में यह भी पाया गया कि ज्यादा मामलें को रिवर्ट किया गया है, जिसकी जांच आवश्यक है। भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर एवं डुमरांव को निदेशित किया गया कि इस प्रकार के 20-20 मामलें की जांच एक सप्ताह में करते हुए जांच प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

### दाखिल खारिज में लापरवाही करने वालों से शो-कॉज

दाखिल-खारिज की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकरी अंशुल अग्रवाल ने पाया गया कि जिले के तीन अंचल यथा चौसा, बक्सर एवं नावानगर में 75 दिनों से ज्यादा वाले मामलें सर्वाधिक लंबित है। जिसको लेकर जिलाधिकारीर द्वारा संबंधित सीओ से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही, अन्य सभी अंचल अधिकारियों को निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अन्दर ऐसे सभी लंबित मामलों का निष्पादन करेंगे। भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर एवं डुमरांव को निदेशित किया गया कि अंचल की समीक्षा के दौरान इस प्रकार की मामलें की अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अंचल अधिकारी को निदेशित किया गया कि सर्वाधिक दिनों से दाखिल-खारिज संबंधी मामलें को लंबित रखने वाले राजस्व कर्मचारी को स्पष्टीकरण करते हुए उनके विरूद्ध प्रपत्र-क गठित कर अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा करना सुनिश्चित करेंगे।

# किशोर की मौत पर मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

- मंगलवार की शाम टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से दक्षिण स्थित बागीचे में मिला था शव
- सोमवार को ही घर से बाजार जाने की बात कह निकला था किशोर
- हत्या की जताई आशंका, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/डुमरांव

15 अक्टूबर को टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन के दक्षिण स्थित बागीचे में डुमरांव के कड़वी निवासी किशोर का शव बरामद हुआ था। इस मामले में शुक्रवार को उसकी मां संतरा देवी ने कृष्णाब्रह्म थाने में लिखित आवेदन दे अपनी पुत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

पुलिस को दिए आवेदन में संतरा ने जिक्र किया है कि उसका 17 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उर्फ अरविंद कुमार 14 अक्टूबर को घर से बाजार जाने की बात कह निकला था। उसके साथ खिरौली के बली राय का पुत्र विकास राय भी था। शाम तक जब वह नहीं लौटा तो मैं उसके मोबाईल पर फोन की तो मोबाईल स्वीच ऑफ आ रहा था। अभी हमलोग उसकी खोजबीन कर ही रहे थे कि मंगलवार की शाम करीब साढ़े छह बजे यह जानकारी मिली कि टुड़ीगंज स्टेशन से दक्षिण बागीचे में एक किशोर का शव पड़ा है। इस सूचना पर हमलोग तुरंत वहां पहुंचे। वह शव मेरे बेटे का ही था। संतरा की मानें तो उसके बेटे की सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है। उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वही, मृतक के परिजनों की मानें तो उसके मोबाईल के कॉल डिटेल्स इस मामले में अहम साबित हो सकता है। वही जानकारों की मानें तो पुलिस इस मामले को नशाखोरी तथा प्रेम प्रसंग के ऐंगल से जोड़कर देख रही है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# जिले के सरकारी स्कूलों में तंबाकू मुक्त युवा अभियान का लगेगा बैनर, डीईओ का फरमान

केटी न्यूज/बक्सर



तम्बाकू मुक्त युवा अभियान- 2 को धरातल पर उतारने तथा युवाओं को प्रेरित करने के लिए अब जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों पर तंबाकू मुक्त युवा अभियान का बैनर लगेगा। डीईओ अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने इस संबंध में सभी बीईओ को निर्देश जारी किया है।

ज्ञात हो कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के द्वारा 24 सितम्बर को सुबह 60 दिवसीय तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2 का शुभारंभ किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में तम्बाकू के उपयोग की शुरूआत को रोकने और उपयोगकताओं को तम्बाकू जनित रोगों से बचाने हेतु विभिन्न गतिविधियों को किये जाने से संबंधित है। पत्र में बक्सर जिला अन्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों (सरकारी एवं निजी) में दिये गये प्रारुप में एक बैनर शिक्षण संस्थान में लगवाने का अनुरोध किया गया है जिससे सभी शिक्षण संस्थान तम्बाकू मुक्त घोषित हो सकें। इसको देखते हुए डीइओ ने बीईओ को निदेश दिया है कि अपने प्रखंड के सभी शिक्षण संस्थानों (सरकारी एवं निजी) में दिये गये प्रारुप में एक बैनर व पोस्टर लगवाना सुनिश्चित करायें। बैनर व पोस्टर लग जाने के उपरान्त उसका फोटो बक्सर स्वास्थ्य विभाग के ईमेल आईडी पर संबंधित सभी विद्यालय प्रधान के माध्यम से भेजवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने के लिए लालायित है दीक्षा

# अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में दीक्षा कुमारी लेंगी हिस्सा

- बक्सर के महदह गांव की रहने वाली है एथलीट दीक्षा
- राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी जीत चुकी हैं कई इनाम

केटी न्यूज/बक्सर




बक्सर के महदह की बेटी दीक्षा अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने वुशु खेल के कौशल का प्रदर्शन करेगी। वह जॉर्जिया के बटूमी शहर में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशीप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जहां दुनिया भर के कई प्रतिभागियों से उनका मुकाबला होगा। इस प्रतियोगिता के लिए दीक्षा काफी उत्साहित हैं तथा पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने के लिए लालायित हैं। वही उसका चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होने पर जिला वुशु संघ ने खुशी जताई है तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह चैंपियनशिप 19 से 24 अक्टूबर तक चलेगी। जिसमें दुनिया भर के कई उत्कृष्ट वुशु खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**दीक्षा का चयन होने पर परिजनों में खुशी की लहर है :** दीक्षा महदह गांव निवासी बलवंत सिंह की सबसे छोटी बेटी है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने से पूर्व वह राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं। दीक्षा का लक्ष्य है कि वह अपने प्रदर्शन से देश, राज्य और जिले का नाम रौशन करें और इस प्रतियोगिता से प्रेरणा लेते हुए भविष्य में और भी उपलब्धियां हासिल कर सकें। वहीं, उसका चयन होने पर परिजनों में खुशी की लहर है। जबकि ग्रामीण भी अपने गांव की बेटी की इस सफलता से गौरवान्वित महसूस कर रहे है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताया है कि जॉर्जियां में भी उनके गांव की बेटी अपने कौशल व दमखम से बेहतर स्थान प्राप्त कर पूरे देश में गांव का नाम रौशन करेगी। ग्रामीणों दीक्षा को अपनी शुभकामनाएं दी है।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दीक्षा के अच्छे प्रदर्शन के लिए जिला वुशु संघ के अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार सिंह, महासचिव मुकेश कुमार, संघ के उपाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव राम रतन पाठक, संयोजक सागर कुमार, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दीपिल कुमार, निधि कुमारी, लव शर्मा, श्याम रजक, सुधीर कुमार, अमीषा कुमारी और कई अन्य खिलाडि ़ों ने बधाई देने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर करने की शुभकामना दी है।

## एक नजर

### बंद पड़े 89 नलकूपों को शीघ्र कराए चालू: डीएम



**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु जल संसाधन विभाग अंतर्गत नलकूप योजनाओं का बाह्य विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। समीक्षा के क्रम में यह जानकारी मिली कि कुल 89 नलकूप बाह्य विद्युतीकरण के अभाव में बंद पड़े हुए हैं। जिसके कारण कृषकों को फसलों की सिंचाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बंद पड़े नलकूपों से सिंचाई बाधित होने के कारण जिला प्रशासन की छवि भी धूमिल हो रही है, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल को लघु जल संसाधन विभाग से समन्वय स्थापित कर इस संबंध में प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर विद्युत विभाग को आवंटन निर्गत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक सप्ताह किया जा रहे कार्रवाई से अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया।

### ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर में तीन जख्मी

**बक्सर।** बक्सर-इटाढ़ी मार्ग पर मुफस्सिल थाना स्थित महदह पुलिस लाइन से पहले केदारनाथ कालेज के पास बाइक व ट्रैक्टर की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार तीन लोग जख्मी हो गए। जिनका इलाज स्थानीय निजी चिकित्सकों से कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार इटाढ़ी निवासी राधेश्याम वर्मा व दो अन्य लोग बाइक से बक्सर किसी काम से आये थे। वह देर शाम काम खत्म कर घर इटाढ़ी जा रहे थे तभी केदारनाथ कालेज के समीप सामने से आ रही ट्रैक्टर से बाइक की भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार तीनो लोग घायल हो गए। जबकि, बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सभी घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा निजी चिकित्सा केंद्र पर इलाज कराया गया। इस सम्बंध में पुलिस से पूछने पर बताया गया ऐसी कोई घटना की सूचना प्राप्त नही हो पाई है। पता लगाया जा रहा है।

### 17 लाभुकों को नोटिस भेज मांगा स्पष्टीकरण, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दर्ज होगा केस



**केसठ।** सरकार भले ही भ्रष्टाचार में जीरो टालरेंस की बात कर रही हो लेकिन स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से इस पर लगाम लगते नहीं दिख रहा है। लाख प्रयास के बाद भी विभिन्न योजनाओं में जमकर धोखाधड़ी की जा रही है। केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने रामपुर पंचायत के स्थानीय गांव में पीएम आवास योजना के लाभुकों का निरीक्षण किया। जिसमें कई अपात्र लोगों द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ लेने को बात सामने आई है। बीडीओ ने संदेह वाले 17 लाभुकों को नोटिस भेजा है। इस संदर्भ में बीडीओ ने बताया कि शिकायत मिल रहा था की रामपुर पंचायत में काफी संख्या में अपात्र लोगों ने पीएम आवास योजना का लाभ लिया है। जिसकी जांच रामपुर गांव में की गई है। जिसमें 17 लोग ऐसे है जिनके घर या तो पूर्व से है या घरों की संख्या अधिक है। लाभुकों से पूछने पर घर परिवार के अन्य सदस्यों का बताया जा रहा है। जिनसे वे अलग है। इसके लिए ऐसे 17 लाभुकों को नोटिस भेज 23 अक्तूबर तक अलग रहने का प्रमाण कार्यालय में देने को कहा गया है। नहीं देने पर रिकवरी के लिए नीलम पत्र दायर करने की बात कही। मजे की बात तो यह है कि एक पंचायत के एक गांव में इतने लोग संदेह में है तो पूरे प्रखंड में इसकी गहन जांच कर दी जाए तो बड़े घोटाला सामने आने से इंकार नहीं किया जा सकता। वही इस कार्रवाई से पूरे महकमें में हड़कम्प मच गया है।

### जहरीली शराब से मरने वालों के प्रति कांग्रेस नेता ने जताई संवेदना

**बक्सर।** कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने सीवान, छपरा में जहरीले शराब से मरने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार बिहार में शराब खुद बिकवा रही है तो जांच का आदेश कैसा। ऐसे कई जांच हुए लेकिन शराब पीकर मरने वालों की संख्या में इजाफा ही हुआ है। सरकार शराब बेचवाने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि बिहार कई राज्यों की सीमा से सटा हुआ है। इसे रोक पाना नामुमकिन है। पहले तो शराब दुकान पर मिलती थी अब डोर-टू-डोर मिलती है। क्या प्रशासन को इस बात की खबर नहीं है। अगर ऐसी कोई घटना होती हैं तो स्थानीय पदाधिकारी को निलंबित कर सरकार खानापूर्ति करती है। उन्होंने कहा कि 2016 में जब शराब बंदी हुई थी सभी पार्टियां एकजुट होकर इसका समर्थन किये थे, लेकिन जहरीले शराब से मरने वालों की संख्या में इतनी बढ़ोतरी होते जा रही है जिसका भय बिहार के लोगों को सता रहा है। जबकि सरकार कान में रूई डालकर बैठी हुई है।

### शासी निकाय की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

**बक्सर।** शुक्रवार को जननायक कपूर्री ठाकुर विधि महाविद्यालय में महाविद्यालय अध्यक्ष गणपति मंडल की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक की गई। जिसमें वीर कुंवर विश्वविद्यालय आरा के प्रतिनिधि डॉ. सुनीता कुमारी शर्मा, सीनेट सदस्य सह महाविद्यालय सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. कृष्ण अली अल्बर्ट एवं शिक्षक प्रतिनिधि माला दास उपस्थित रहे। उक्त बैठक में महाविद्यालय की सभी समस्याओं पर चर्चा किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास पर भी गहन चर्चा हुई। बार काउंसिल आफ इंडिया के निर्देश पर विधि महाविद्यालय में एलएलबी भाग 1 सेमेस्टर 1 में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ है। ज्ञातव्य है कि महाविद्यालय में मात्र 120 छात्र-छात्राओं के नामांकन का आदेश बार कौंसिल ऑफ इंडिया से प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की तरफ से बार काउंसिल ऑफ इंडिया को भी बधाई दी गई। इसके पूर्व विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि ने महाविद्यालय का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य कृष्ण अली अल्वर्ट ने विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का गुदस्ता देकर स्वागत किया।



# उपलब्धि: बिना किसी कोचिंग के रानी ने क्वालीफाई किया बीएसएसी नर्सिंग का एंट्रेंस

♦ रानी की सफलता देख विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



**केटी न्यूज/डुमरांव**

परिंदों को तालीम नहीं दी जाती है उड़ानों की, वे खुद ही छू लेती है बुलंदिया आसमानों की...। इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाई है मजदूर पिता की बेटी रानी गुप्ता ने। बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के रानी ने पहले इंजीनियरिंग की कठिन माने जाने वाली नीट का एंट्रेंस एक्जाम क्वालीफाई की, फिर उसने बीएससी नर्सिंग का एंट्रेंस एक्जाम पास कर अपनी प्रतिभा का लोह मनवा दिया। खरहाटांड़ पंचायत के छोटे से गांव भेड़िया की बेटी रानी अब वाराणसी के प्रतिष्ठित बीएचयू से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करेगी।

हालांकि उसका सपना इंजीनियर बनने का था, उसने नीट क्वालीफाई कर अपने सपनों को पंख भी दिया था, लेकिन नीट परीक्षा में 610 अंक मिलने के बाद उसे गुजरात के एक कॉलेज में दाखिला मिल रहा था। गरीब माता-पिता अपनी लाडली को इतना दूर पढ़ाई के लिए भेजने में सक्षम नहीं थे। बावजूद रानी न तो हार मानी और न ही निराश हुई, बल्कि वह लगे हाथ बीएससी नर्सिंग की परीक्षा भी दी, जिसमें सफल होने के बाद उसे बीचएचयू में दाखिला मिला है। लोगों के समझाने बुझाने के बाद उसके माता-पिता अब उसे बीएचयू में दाखिला दिलाने के लिए राजी हो गए है।

शुक्रवार को रानी की सफलता से खुश हो डुमरांव के टेक्सटाईल कॉलोनी में संचालित होने वाले जूनियर मॉर्डन इंगलिश स्कूल, डुमरांव के प्रांगण में रानी का सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय निदेशक संतोष ओझा, प्राचार्य विद्याभूषण चौबे आदि ने रानी को बुके, अंग वस्त्र, फूल माला तथा भागवद् गीता व रामचरित मानस जैसी ज्ञानवर्द्धक धार्मिक पुस्तकें दे सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक संतोष ने कहा कि रानी गुप्ता बचपन से ही मेधावी है तथा वह एक दिन जरूर देश का नाम रौशन करेगी। मौके पर उसके पिता मनोज कुमार गुप्ता, माता उषा देवी, बड़ी बहन पूजा कुमारी, भाई राजू कुमार गुप्ता के अलावे शिक्षिक संतोष सिंह, कुमुद देवी, लवली देवी, नैनसी तिवारी, रूबी देवी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे। बता दें कि रानी की प्रारंभिक शिक्षा इसी स्कूल से शुरू हुई थी।

### पिता करते है मजदूरी तो गृहिणी है मां

रानी की यह सफलता भले ही आपकों बहुत छोटी लग रही हो, लेकिन जिन परिस्थितियों में उसने अपनी प्रतिभा का झंडा बुलंद किया है वह वाकई काबिले-तारीफ है। बता दें कि उसके पिता मनोज कुमार गुप्ता दिहाड़ी मजदूर है, तो मां उषा देवी गृहिणी है। बड़ा भाई राजू एमए तो बड़ी बहन पूजा बीएससी कर रही है। पिता की आय इतनी अधिक नहीं है कि वह अपने बच्चों को महंगे स्कूलों या कोचिंग में पढ़ाए। लिहाजा रानी की पढ़ाई की शुरूआत डुमरांव के टेक्सटाईल कॉलोनी स्थित एक छोटे से स्कूल जूनियर मॉडर्न इंगलिश स्कूल से हुई। इसके बाद उसने मैट्रिक तथा प्लस टू तक की पढ़ाई महारानी उषारानी बालिका उच्च विद्यालय से की। बिना किसी कोचिंग के रानी ने नीट व बीएससी नर्सिंग का एंटेंज्स इग्जाम पास कर यह साबित कर दी है कि प्रतिभा किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती है।

## एक नजर

### विसर्जित मूर्ति का नहीं हटाया गया मलबा, इस बार छठ में व्रतियों को होगी परेशानी



**डुमरांव।** नगर के ट्रेनिंग स्कूल स्थित महाकाल मंदिर तलाब में दशहरा बाद मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जित करने के लिए चयनित किया गया था। लिहाजा उसी में कृत्रित तलाब का निर्माण किया गया था। सोमवार को मूर्ति विसर्जन उसी तलाब में किया गया। लगभग दो दर्जन मूर्ति शहर में रखी गई थी, जिसे विसर्जित करने का सिलसिला 2 बजे रात्रि तक चलता रहा। विसर्जित की गई मूर्ति का मलबा उस तलाब से हटाया नहीं गया है। उसे नहीं हटाए जाने से छठ पूजा करने वाले परिवार के सदस्य घाट बनाने के लिए पशोपेश में पड़े हुए हैं। मालूम हो कि छठ पूजा शहर के आधा दर्जन तलाबों में होती है, जिसमें महाकाल मंदिर में भी बहुत परिवार के सदस्य छठ पूजा करते हैं। दशहरा बाद लोग घाट को तैयार करने में जुट जाते हैं, क्योंकि उनको मालूम है कि तलाब के घाटों की स्थिति कैसी रहती है। छठिया पोखरा तलाब का घाट ही कुछ ठीकठाक है, अन्य की स्थिति जर्जर अवस्था में है, उसी में महाकाल मंदिर तलाब भी आता है। तलाब के सौंदर्यीकरण के लिए जगह-जगह गड्ढा किया गया है। खोदे गए गड्ढे की मिट्टी तलाब में ही मौजूद है, जिससे तलाब का अस्तित्व मिट गया है। इधर जिस तरफ कुछ स्थिति अच्छी थी तो उस तरफ मूर्ति विसर्जन के लिए गड्ढे की खुदाई कर उसमें पानी भरा गया था। लगभग दो दर्जन मूर्ति का विसर्जन तलाब में किया गया है। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि मां दुर्गा के मूर्ति के साथ अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति भी रहती है, जिसका विसर्जन किया गया है। इसका अनुमान लगाया जा सकता है कि कितनी मूर्तियों का मलबा तलाब की सफाई नहीं होने से उसी में पड़ा हुआ है। इस सबंध में जब चेयरमैन सुनीता गुप्ता से बात की गई तो उन्होंन कहा कि सभी छठ घाटों की सफाई और समतलीकरण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। किसी तलाब में गंदगी नहीं दिखाई देगी।

### केशोपुर के हनुमान घाट पर छह साल के बेटे ने दी शहीद पिता को मुखाग्नि, नम हुई आंखें



**डुमरांव।** अनुमंडल का एक और जवान कर्तव्यपथ की बलिवेदी पर चढ़ गया है। शुक्रवार को केशोपुर स्थित हनुमान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। छह वर्षीय पुत्र आयुष के मुखाग्नि देते ही गंगा घाट पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। इसके पहले परंपरा के अनुसार साथी जवानों ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दे अंतिम विदाई दी। जवान के पिता लक्ष्मी यादव भी भारतीय सेना में थे तथा 2002 के कारगिल युद्ध में उन्हें वीरगति मिली थी। पिता के बाद पुत्र के देश सेवा में प्राण न्योछावर की चर्चा इलाके में हो रही है। जानकारी के अनुसार केशोपुर निवासी स्व. लक्ष्मी यादव के पुत्र अशोक कुमार यादव 2008 में भारतीय सेना में चयनित हुए थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग चीन की सीमा से लगे अरूणाचल प्रदेश में थी। अभी 14 अक्टूबर को ही वे 40 दिन की छुट्टी पर गांव आए थे। गुरूवार की सुबह मॉर्निंग वाक के निकले जवान अशोक की अचानक तबीयत खराब हो गई। सीने में दर्द की शिकायत पर परिजन आनन-फानन में उन्हें बक्सर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद से पत्नी उषा देवी, 12 वर्षीय बेटी अंशु कुमारी, पुत्र आयुष समेत पूरे परिवार को रो-रोकर बुरा हाल है। अशोक के छोटे भाई राजेश यादव भी सेना के जवान है। घटना के बाद से पूरा परिवार बदहवास है। किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि अचानक क्या हो गया। वही अशोक की मौत से ग्रामीणों में भी मायूशी है। ग्रामीणों का कहना है कि वह काफी मिलनसार प्रवृति का था तथा जब भी गांव आता था तो सबसे काफी अपनापन से मिलता था। यही कारण है कि उसके अंतिम यात्रा में पूरा गांव उमड़ पड़ा था। जबकि घटना के बाद से ही मृतक के दरवाजे पर मातम पूर्सी करने वालों की भीड़ लगी रही।

## लरपरवाही बरतने पर डुमरांव बीडीओ ने जारी किया नोटिस, कार्रवाई करने की तैयारी

# तीन माह से कचरा प्रसंस्करण इकाई बंद रहने पर सोवां मुखिया को शो-कॉज

♦ भबोले बीडीओ... अपने कार्यों व कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति सोवां मुखिया हैं लापरवाह



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्वच्छ बिहार लोहिया अभियान ने स्थानीय प्रखंड के सोवा पंचायत की मुखिया मनोरमा देवी की मुश्किल को बढ़ा दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने मुखिया को नोटिस भेज कर कचरा प्रसंस्करण इकाई बंद रखने पर स्पष्टीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मुखिया द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं देने पर बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 के नियमावली 18 (5) के तहत पदच्युत करने की बात कही है। उन्होंने बताया की नियमावली के तहत जो मुखिया अपने कर्तव्य का सही निर्वहन नहीं करेंगे उन्हें पदच्युत करने का प्रावधान है।

प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रोहिणी कुमारी द्वारा इससे पहले सोवा पंचायत के मुखिया को नोटिस देकर पद से हटाने की चेतावनी दी जा चुकी है। लगातार दूसरे दिन जारी हुए नोटिस के बाद मुखिया की मुश्किल बढ़ गई है। उधर मुखिया के विरोधियों को लगे हाथ विरोध का एक बेहतर मुद्दा मिल गया है। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी का कहना है कि मुखिया द्वारा पंचायत के विकास योजनाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसके कारण पंचायत में विभिन्न योजनाओं से संचालित विकास कार्य ठप पड़े हैं।


**मुखिया द्वारा बीडीओ के निर्देश को कभी गंभीरता से नहीं लिया :** बीपीआरओ ने बताया कि अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति मुखिया लापरवाह है। बताया जाता है कि पंचायत में स्वच्छ बिहार लोहिया अभियान के तहत बना कचरा प्रसंस्करण इकाई पिछले कई माह से बंद है। इस चलते लोगों को स्वच्छ बिहार लोहिया अभियान का लाभ पंचायत के लोगों को नहीं मिल रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा इसे चालू करने की चेतावनी मुखिया को पहले भी दी गई है। लेकिन मुखिया द्वारा बीडीओ के निर्देश को कभी गंभीरता से नहीं लिया गया। इस बार प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुखिया को गंभीर चेतावनी देते हुए बंद पड़े कचरा प्रसंस्करण इकाई को तत्काल खोलने तथा स्वच्छ बिहार लोहिया अभियान के तहत घर घर कूड़ा उठाव शुरू करने का निर्देश दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने घर घर कूड़ा उठाव के बदले यूजर चार्ज की वसूली सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता का लाभ लोगों को प्रदान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक घर से कूड़ा उठाव के एवज में तीस रूपया महीना अर्थात एक रूपया प्रति दिवस वसूली करना है। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय से निर्गत दोनों स्पष्टीकरण का संतोष जनक जवाब नहीं देने पर मुखिया के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को भी सोवां मुखिया को पदच्युत करने का नोटिस दिया गया है। जिसमें पंचायत सरकार भवन के निर्माण में उनकी उदासीनता तथा पंचायत के विकास कार्यों में रुचि नहीं लेने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इस चलते न सिर्फ मुखिया मनोरमा देवी की मुश्किल बढ़ी है बल्कि पंचायत के सत्ता तथा विपक्ष के बीच की राजनीति में भी गर्मी आ गई है।

### तीन सदस्यीय जांच समिति करेगी अरियांव पंचायत के मुखिया की मनमानी की जांच

**डुमरांव।** स्थानीय प्रखंड के अरियांव पंचायत के विजय बारी तथा उनके पुत्र रविरंजन कुमार के खिलाफ प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने जांच समिति का गठन किया है। मुखिया विजय बारी पर पंचायत के विकास योजनाओं में रुचि नहीं लेने तथा सरकारी निर्देश के अनुरूप गांधी जयंती के दिन जीपीडीपी के लिए ग्राम सभा नहीं कराने का गंभीर आरोप लगा है। जबकि मुखिया पुत्र रवि रंजन कुमार पर पंचायत सचिव महेश सिंह तथा पंचायत के कार्यपालक सहायक सत्येंद्र कुमार को डराने धमकाने का आरोप लगा है। दोनों सरकारी कर्मियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित शिकायत देकर अपने को पंचायत की सेवा से हटाने का अनुरोध किया है।इस शिकायत को प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने गंभीरता से लिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिकायत की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी को पूरे मामले की जांच कर संयुक्त प्रतिवेदन दो दिनों में समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। मुखिया पर पिछले दो अक्टूबर को सरकार द्वारा जारी निर्देश के बावजूद जीपीडीपी के चयन के लिए ग्राम सभा की बैठक नहीं कराने का बेहद गंभीर आरोप है। पंचायत के विकास कार्यों में रुचि नहीं लेने की शिकायत है। जबकि मुखिया विजय बारी के पुत्र रविरंजन कुमार पर मनमानी तथा सरकारी निर्देश के विपरित मनमानी कार्य कराने तथा पंचायत में पदस्थापित कर्मियों के साथ गाली-गलौच व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है।

### धान की बालियां देख किसानों के खिले चेहरे



**नावानगर।** क्षेत्र के खेतों में लहलहाते धान की बालियां देखकर किसान झूम रहे हैं। किसानों को उम्मीद हैं कि इस वर्ष नियमित अंतराल में बारिश होने के कारण धान की फसल अच्छी होगी। इस वर्ष शत-प्रतिशत धान अच्छादन हुआ है। बेहतर मौसम होने के कारण अच्छी फसल होने की उम्मीद है। समय-समय पर बारिश ने किसानों की किस्मत बदल दी है। नियमित बारिश की वजह से सिचाई का खर्च भी निर्यंत्रित हुआ है। जिससे किसान राहत महसूस कर रहे हैं। सिचाई खर्च से हीं उर्वरक का उपयोग कर किसान के चेहरे खिले हुए हैं। किसानों की मानें तो इस वर्ष धान में बालियां आगत आई है। इससे अच्छी उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के खेत तक बिजली पहुंचना भी बेहतर फसल का अहम कारण है। इधर किसान योगेन्द्र पाण्डेय, शशिभूषण पाण्डेय, अरुण कुमार पाण्डेय, श्याम गिरी, अखिलेश चौबे, बृजेश कुमार, रविन्द्र यादव एवं अन्य के अनुसार अब बारिश नहीं होती हैं, तो इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ धान की पैदावार होने की उम्मीद हैं। लगातार नियमित अंतराल से बारिश होने के कारण खेतों में किसी तरह कीटों का प्रकोप भी नहीं दिख रही है। अगर हल्की फुल्की बारिश हुई तो धान की बालियां पर किसी तरह प्रभावित नहीं करेगी, पर जोरदार बारिश होने पर धान की फसल बर्बाद होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इससे धान की बालियां में पुष्ट दाना के बदले खखरी की संभावना बढ़ जाएगी।

## किसानों को मिलेगी राहत, मसूर के बीज का वितरण सोमवार से होगा शुरू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

खरीफ फसल के बाद अब कृषि विभाग रबी फसल की तैयारी में जुट गया है। किसानों में मसूर बीज का वितरण सोमवार से शुरू कर दिया जाएगा। अन्य रबी फसलों के बीज के लिये किसानों को इंतजार करना पड़ेगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया की मसूर बीज के वितरण के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आठ से दस कट्ठा जिसकी खेती की जमीन है, उसे 8 किलो बीज दिया जाएगा। वहीं एक एकड़ खेत वाले किसानों को 12 किलो बीज मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्रखंड में 97 राजस्व गांव हैं, जिसमें 1116 किसानों को बीज दिया जाएगा।

बीज वितरण करने की जानकारी किसानों को किसान समन्वयक द्वारा दिया जा रहा है। वैसे मसूर का बीज शनिवार को कोई किसान लेने आएंगे तो उन्हें दे दिया जाएगा। किसानों में इस बात की खुशी है कि समय से बीज का वितरण शुरू किया जा रहा है, जिससे किसानों को फसल की बोआयी करने में कोई परेशानी नहीं होगी और समय से फसल तैयार हो जाएगा।

वहीं उनका यह भी कहना है कि खरीफ फसल में धान का बीचड़ा भी समय से कर दिया गया था, जिससे धान की फसल समय से तैयार होने लगा है। वैसे किसानों को जरूरत के अनुसार बीज देने का भी प्रावधान रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस बार धान की रोपनी 10, 288 एकड़ में की गई है। लिहाजा उसी के अनुसार रबी फसल की भी बोआयी होगी।

## एनसीसी के कैडेट्स को मिली आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव की जानकारी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के डीके कॉलेज में चल रहे एनसीसी के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में छात्रों को नई-नई तकनीक की जानकारी दी जा रही है। कैम्प के चौथे दिन एनसीसी कैडेटों को एनसीसी उड़ान थीम के द्वारा आपदा, फर्स्ट एड, आग से बचाव, सीपीआर, वज्रपात की विशेष ट्रेनिंग दी गई। मास्टर ट्रेनर अमलेन्दु झा तथा अभय कुमार ने मॉक ड्रील के माध्यम से कैडेटों का ज्ञानवर्द्धन किया।

वहीं उपस्थित राज्य समन्वयक धीरज कुमार ने भारत सरकार के वर्ष 2017-18 के सर्वे रिपोर्ट को कैडोटों के समक्ष सड़क हादसे में मौत के परिदृश्य का प्रस्तुतीकरण किया तथा सड़क हादसों में हो रहे भयानक आंकड़े बताकर उपस्थित सैकड़ों कैडेटों को जागरूक किया। साथ ही साथ आपदा प्रबंधन के बारे में विभिन्न स्कूलों से आए हुए एनसीसी पदाधिकारियों में मेजर कमलेश सिंह, डा. अमृता सिंह, डा. संजय रंजन सिन्हा, अभयानंद प्रजापति तथा अवधेश राय ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके अलावे बिहार बटालियन एनसीसी के पीआई सुबेदार मेजर दुबराज साहु, सूबेदार जय प्रकाश, सुबेदार महेश प्रसाद, नायब सुबेदार धर्मेन्द्र, चंद्रशेखर, बीएचएम रामअवतार, सीएचएम राहुल कुमार थापा, नीलम, हवलदार बलविंदर सहित अन्य का सराहनीय प्रदर्शन रहा।

## 21 अक्टूबर तक मलई बराज के सिंचित क्षेत्रों का दौरा पूरा करेगी माले, बोले डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार कुशवाहा

# ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए आयोजित की गई है न्याय यात्रा

♦ चौगाईं व ब्रह्मपुर प्रखंड क्षेत्र में पहुंची भाकपा-माले की न्याय यात्रा




**केटी न्यूज/डुमरांव**

भाकपा-माले के बदलो बिहार न्याय यात्रा के तीसरे दिन चौगाईं के फफदर गांव से शुरू हुई। यह यात्रा फफदर गांव से शुरू होकर बगेन गोला, बरुहां, कुरुथिया, भदवर, बराढ़ी होते हुए मड़ियां गांव पहुंची। माले के बक्सर जिला सचिव का. नवीन कुमार, डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा मलई बराज के सिंचिंत क्षेत्र का दौरा करेगी तथा 21 अक्टूबर को मलई बराज पर अपनी यात्रा खत्म करेगी। यात्रा में पार्टी के स्थानीय नेता-कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। जहां इनका काफिला पहुंच रहा है, वहां के लोग स्वागत कर रहे हैं।

इस दौरान माले विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा ने कहा कि यह यात्रा ह्यमलई बराज परियोजनाह्न को अतिशीघ्र पूरा करने, खून चूसक स्मार्ट मीटर योजना को जबरदस्ती आम जनता पर थोपने के खिलाफ सहित बिहार के अन्य ज्वलंत मुद्दों पर हो रही है। आगामी 21 अक्टूबर 2024 को मलई बराज (मलियाबाग) पर क्षेत्र के किसान एकत्रित होकर सरकार को यह संदेश देंगे की बहानेबाजी छोड़कर योजना को अतिशीघ्र पूरा करने का काम करे।

उन्होंने कहा कि मलई बराज परियोजना बक्सर, रोहतास व भोजपुर जिले के 13,900 एकड़ भूमि की सिंचाई की बेहद महत्वपूर्ण व बहुप्रतीक्षित परियोजना है। मलई बराज की आधारशिला पहली बार तत्कालीन सरकार द्वारा वर्ष 1987 में ही रखी गयी.थी तथा 25 मई 2012 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस योजना का शिलान्यास किये थे। परियोजना का काम 2020 में ही पूरा होना था, लेकिन नीतीश मोदी सरकार की उदासीनता के कारण अभी तक पूरा नहीं हो सका है। मलई बराज के अतिशीघ्र निर्माण के लिए हमने लगातार विधानसभा के कई सत्रों में सवाल उठाए, बावजूद सरकार इस परियोजना के मूल अस्तित्व को खत्म कर बराज के स्थान पर पंप लगाकर नहरों में पानी देने की बात कर रही है। पंप लगाना पूरी परियोजना के मूल लक्ष्य से भटकाना व जैसे-तैसे सरकार को खुद की जिम्मेवारियों से बचाने की कोशिश है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता में किसान कहीं है ही नहीं। यह भ्रम भी फैलाया गया है कि मलई बराज परियोजना बक्सर व भोजपुर जिले के किसानों के लिए जनोपयोगी तो है परन्तु रोहतास के किसानों का नुकसान होगा। यात्रा में भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता व जिला कमिटी के सदस्य जग नारायण शर्मा, कन्हैया पासवान, विरेन्द्र सिंह, संजय शर्मा, हरेन्द्र राम, धर्मेन्द्र सिंह, नारायण दास, धनजी पासवान, महफूज आलम, विनोद रजक, बिरबहादुर पासवान, वीरेंद्र यादव , विसर्जन राम, ऐपवा की जिला सचिव संध्या पाल, रूबी देवी, नीरज कुमार सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल हैं।



# जापलिनगंज चौकी इंचार्ज और हल्दी एसओ निलंबित

♦ कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में एसपी विक्रांत वीर ने की कार्रवाई

**केटी न्यूज/बलिया**

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने गुरुवार की देर रात कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में जापलिनगंज चौकी इंचार्ज एवं हल्दी थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिससे पुलिस महकमा में हड़कम्प मचा हुआ है। वही हल्दी थाने की कमान सिविल चौकी इंचार्ज मिथिलेश कुमार को पुलिस अधीक्षक ने सौंपी है।

बता दें कि 17 अक्टूबर 2024 को शहर कोतवाली अन्तर्गत जापलिनगंज चौकी पर सुबह करीब 7.30 बजे अमृत कुआ राजपूत नेवरी स्थित एक मकान से करीब पांच लाख रुपए की चोरी की सूचना मिली। लेकिन प्राप्त चोरी के संबंध में उच्चाधिकारीगण को सूचित न करने, समयबद्ध तरीके से एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण न कराने, पीड़ित से तहरीर प्राप्त करने के बावजूद करीब 10 घण्टे का समय बीत जाने के बाद भी प्रकरण में अभियोग पंजीकृत न कराने एवं कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, अकर्मण्यता एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में उप निरीक्षक रामानुज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

उधर, चार अक्टूबर 2024 को करीब 11.30 बजे दिन में पीड़ित के साथ गाली-गुप्ता व मारपीट के साथ-साथ जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला करने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हल्दी द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। जिसमें जघन्य अपराध की सूचना उच्चाधिकारीगण को न देने, सीएचसी सोनवानी से सदर अस्पताल बलिया रेफर होने पर नियमानुसार मजरूब के साथ किसी पुलिस कर्मी की ड्यूटी न लगाने, अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कोई सार्थक प्रयास न करने और 12 अक्टूबर 2024 को दशहरा मेला के दौरान रामगढ़ बाजार में एक अन्य वादी के साथ कुछ युवकों द्वारा धक्का-मुक्की करने, जिससे बगल में जलेबी की दुकान में रखी कढ़ाई से गर्म तेल की कुछ छीटें उसके दाहिने हाथ पर पड़ जाने के कारण त्वचा जल जाने, के संबंध में तीन नामजद व दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध थाना हल्दी पर अभियोग पंजीकृत होने, बार-बार निर्देशित करने के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास न करने, महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विजयादशमी पर्व के अवसर पर घटना स्थल पर पहुंचने के बाद मजरूब को विश्वास में लेते हुए समुचित कार्यवाही न करने एवं कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, अकर्मण्यता एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में निरीक्षक अशोक कुमार को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# बलिया के पुलिस कप्तान ने पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़





**बलिया।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम ने यूपी-112 के वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण व सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उसकी चेकिंग की। इसके साथ ही शस्त्र ड्रिल की कार्यवाही करवाते हुए समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी भी दी गई। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु बैरक व मेस का निरीक्षण किया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## खबरें फटाफट

### गंगा के छाड़न में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**बलिया।** शुक्रवार की शाम फेफना थाना क्षेत्र के थमहनपुरा गांव के सामने स्नान करते वक्त युवक गंगा नदी के छाड़न में डूबने लगा। साथ के लड़कों ने उसे डूबता देख शोर मचाया और बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां जांचोपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दे कि अमन पासवान (18) वर्ष पुत्र छट्ठू पासवान निवासी व थाना नरही अपने ननिहाल थमहनपुरा में नाना मनजीत पासवान के यहां रहकर पढ़ाई करता था। वह शुक्रवार की देर शाम गांव के कुछ लड़कों के साथ नदी में स्नान करने गया था। जहां करते वक्त वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा, उसे डूबता देख साथ के लड़कों ने शोर मचाया और बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### नवकागांव में लगी आग, एक दर्जन झोपड़ियां हुईं राख

**बलिया।** शुक्रवार को रेवती थाना क्षेत्र के टीएस बंधा के तटवर्ती सरयू नदी के मुहाने पर बसे नवकागांव के पासवान बस्ती में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें 10 लोगों की एक दर्जन झोपड़िया सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। आस पास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बता दे कि नवकागांव के पासवान बस्ती के लोग आस पास के खेतों में मजदूरी करने गए हुए थे। इसी बीच शंकर दयाल पासवान की झोपड़ी से अज्ञात कारणों से आग की लपटें निकलने लगी जो देखते ही देखते बगल के लोगों की झोपड़ियों तक फैल गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद भी शंकर, नगेश्वर, बरमेश्वर, मुन्ना, सुजीत, राजेन्द्र, राजेश, मुनीब, सुभाष, वकील की रिहायशी घर सहित गृहस्थी का सारा सामान जल गया। इस घटना में नगेश्वर, राजेश, मुनीब व वकील की सर्वाधिक क्षति हुई है। प्रधान प्रतिनिधि अनिल पासवान ने पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

## दोकटी थाना क्षेत्र की घटना, गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

# बलिया में बहुआरा स्कूल के बाहर छात्रों के बीच मारपीट, चाकूबाजी में दो घायल







**केटी न्यूज/बलिया**

दोकटी थाना क्षेत्र के बहुआरा स्कूल के बाहर स्कूली छात्रों के बीच जमकर मारपीट व चाकूबाजी हुई। जिसमें दो छात्र जख्मी हो गए। इसकी जानकारी होते ही परिजनों संग दर्जनों की संख्या में ग्रामीण स्कूल पर पहुंच गए। जिन्हें समझा बुझाकर शांत कराया गया। लेकिन वे माने नहीं, बल्कि लालगंज-बैरिया मार्ग को करीब एक घण्टे तक जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही बैरिया क्षेत्राधिकारी मो उस्मान व दोकटी थानाध्यक्ष मय फोर्स के साथ मौके पर पहुँच गए और कार्रवाई आश्वासन देकर जाम समाप्त करवाया।

जानकारी के अनुसार दोकटी थाना क्षेत्र के सुदर्शन सिंह इंटर कालेज बहुआरा में परीक्षा चल रहा है। शुक्रवार की सुबह पहली पाली में दसवीं की अंग्रेजी की परीक्षा थी। परीक्षा देकर लौट रहे चिरंजी छपरा गांव निवासी गोविंद पासवान पुत्र नारद पासवान, पवन पासवान पुत्र मनोज पासवान जब स्कूल से बाहर निकले। जिनकी छात्रों से कहासुनी हो गई जो मारपीट और चाकूबाजी में तब्दील हो गई। जिसमें एक पक्ष के गोविंद और पवन पासवान चाकू लगने के कारण घायल हो गए। आसपास के लोग घायलों को सीएचसी सोनबरसा ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। उधर मारपीट में घायल छात्रों के परिजन दर्जनों की संख्या में स्कूल में प्रवेश कर मारने वालो को बचाने का आरोप लगाने लगे। जिन्हें समझा बुझाकर बाहर निकाला गया। इसके बाद वे लोग बैरिया-लालगंज मार्ग को करीब एक घण्टे तक जाम कर दिया। जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष दोकटी बंश बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष बैरिया रामायण सिंह, क्षेत्राधिकारी बैरिया मुहम्मद उस्मान मौके पर पहुंचे और जमाकताओं को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम समाप्त करवाया। इस बाबत दोकटी थानाध्यक्ष बंश बहादुर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यक्रम को संबोधित कर रहे किसान की हार्ट अटैक से मौत



बलिया। जिला कृषि विभाग के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन शुक्रवार को दिन में करीब साढ़े 12 बजे संबोधन के दौरान एक किसान की हार्ट अटैक आने से तबीयत बिगड़ गयी। उन्हें उपचार के लिए आनन फानन में जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि जनपद के नगरा थाना क्षेत्र ग्राम सभा सरैया निवासी जयप्रकाश यादव 65 वर्ष कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। वह नीबू की बागवानी कर लाभ अर्जित करने की जानकारी साझा कर रहे थे कि इसी बीच उनकी तबीयत खराब हो गयी। वे सम्बोधन के दौरान ही गिर कर बेहोश हो गये। जिन्हे आस पास मौजूद किसानों ने आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मछली और नीबू उत्पदान के क्षेत्र में जय प्रकाश अपनी अलग पहचान रखते थे। घटना के बाद कार्यशाला तत्काल रोक दिया गया।

## एक नजर

### शहरी क्षेत्र में दोगुना, ग्रामीण क्षेत्र में चार गुना मिलेगी धनराशि : जिलाधिकारी

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार की शाम चार बजे गाजीपुर तुतीर्पार मार्ग एसएच-108 के चार लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए किसान की आपसी सहमति से विक्रय दर निर्धारण करने के लिए समिति का बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजा-रसड़ा बाहर, रसड़ा अन्दर, अखनपुरा, सरदासपुर, मनियारपुर, नीबूकबीरपुर, हिगुवाडीह, कटहुरा, जमालपुर, जोगापुर, नगहर, कोप, दुल्लहपाह, कुरेम, सब्बलपुर उर्फ सिलहटा के किसान शामिल हुए। बैठक में किसानों को बताया गया कि शासनादेश के अनुसार तथा नियमानुसार भूमि लिया जाएगा। सर्किल दर पर शहरी क्षेत्र में दोगुना एवं ग्रामीण क्षेत्र में चार गुना धनराशि दी जाएंगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, अधिशासी अभियंता कमला कान्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा किसान मौजूद रहे।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर रामायण पाठ, भजन कीर्तन हुआ संपन्न



**मऊ।** प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन संस्कृति अनुभाग के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद में विभिन्न श्री राम जानकी मंदिरों एवं श्री हनुमान मंदिरों पर व महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि मंदिरों में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम रामायण पाठ, भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन, रामायण पाठ आरंभ होकर 18 अक्टूबर को हवन पूजन कराकर संपन्न कराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम रामायण पाठ, भजन कीर्तन का कार्यक्रम सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला सूचना अधिकारी डॉक्टर धनपाल सिंह एवं रमाकांत चौहान प्रचार सहायक सूचना विभाग के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### रामलीला के अंतिम दिन भगवान श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक, जयकारे से गूंज उठा पंडाल



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे में स्थित विजय स्तंभ चौक पर श्री कृष्णा रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में हो रही रामलीला के पश्चात भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक को मंचित किया गया। इस मौके पर भगवान श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न सीता तथा हनुमान का रामलीला समिति के लोगों ने विधि पूर्वक पूजन आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किए गए। भगवान श्री राम की राजगद्दी के अवसर पर कानपुर से आए कलाकारों द्वारा एक भव्य झांकी की भी प्रस्तुति की गई । इस झांकी में भगवान शिव पार्वती का तांडव नृत्य ,राधा कृष्ण गोपियों के साथ झूमते हुए तथा पवनसुत हनुमान द्वारा एक झांकी कलाकारों ने प्रस्तुत की इस झांकी को देखकर भक्तगण भगवान श्री राम पवनसुत हनुमान की जय जयकार करने लगे अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड द्वारा इस झांकी में पवनसुत हनुमान का माल्यार्पण कर उनका पूजन कर उन्हें प्रणाम किया इस दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष अंजनी गुप्ता अजय गुप्ता सुदामा यादव शशांक त्रिपाठी सूरज गुप्ता आलोक गुप्ता समेत रामलीला समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल की लचर व्यवस्था देख प्रदेश महासचिव ने लगाई क्लास



**केटी न्यूज/बलिया**

तबियत खराब होने पर जिला अस्पताल में भर्ती हुई राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन आजमगढ़ मंडल की मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेविका रीता वर्मा का कुशलक्षेम पूछने ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान शुक्रवार की शाम जिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान अस्पताल की लचर व्यवस्था पर वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों की क्लास लगाई। इस अवसर पर आगाज फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रेम वर्मा, वरिष्ठ बहुजन नेता फागू राम, छोटन राजभर, त्रिभुवन, मोहम्मद आसिफ, सोनू गुप्ता, अबरार अहमद, दयाशंकर वर्मा, चंपा देवी आदि मौजूद रहे।

# अव्यवस्था... महज दो चिकित्सकों के भरोसे चल रहा उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा

**केटी न्यूज/मऊ**

उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा में चिकित्सकों का अभाव है दो चिकित्सक और एक अधीक्षक के भरोसे पर चल रहा है। जहां बिजली गुल होने पर डाक्टरों को मोबाइल की रोशनी में मरीजों के पर्चे पर दवा लिखते देखा जा सकता है। जेनरेटर की सुविधा उपलब्ध होने के बाद भी वह तेल के अभाव में बंद पड़ा रहता है। जिस चिकित्सालय में आधुनिक एक्स रे मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं, जो मशीन है बिजली नहीं तो एक्स रे नहीं, हड्डी का डाक्टर नहीं, सर्जन नहीं, महिला चिकित्सक सप्ताह में एक बार आकर हाजिरी लगाती हों वहां की अव्यवस्था जगजाहिर है।

कुछ दिन पहले सामाजिक कार्यकर्ता निसार अहमद और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय बहादुर सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर रतनपुरा सीएचसी एवं रतनपुरा बाजार में स्थित पुराने चिकित्सालय को पुनः पुनर्जीवित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा था, सीएमओ ने आस्वस्त किया कि जल्द ही इसमें सुधार किया जाएगा परन्तु व्यवस्था में कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिल रहा है। चिकित्सकों के अभाव में क्षेत्रीय मरीजों को कठिनाइयां आ रही हैं।

### बीमारों की बढ़ रही तादात, सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था खस्ताहाल

**सिपाह इब्राहिमाबाद ( मऊ)।** तेजी से बदलते मौसम ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है नतीजतन बड़ी तादाद में लोग सर्दी, जुकाम, टाइफाइड और मलेरिया जैसी बीमारियों की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों की स्थिति जगजाहिर होने के कारण निजी अस्पतालों में शरणागत होना मरीजों की मजबूरी है। जहां जांच और इलाज के लिए उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था जनाकांक्षाओं के अनुरूप किए जाने तथा शल्य क्रिया के अतिरिक्त कुछ अन्य बड़ी बीमारियों को भी आयुष्मान कार्ड के दायरे में लाए जाने की माँग की है। कहा कि इससे निर्धन-निर्बल वर्ग के लोग जहां बीमारियों का इलाज करा सकेंगे वहीं उनकी अर्थव्यवस्था को और ज्यादा कुप्रभावित होने से बचाया जा सकेगा।

## मनियर के गंगापुर में स्व. सरजू बाबा के अखाड़े पर सम्पन्न हुआ विराट कुश्ती दंगल

# पहलवानों ने सटीक दांव से अपने प्रतिद्वंदियों को चटाई धूल

**केटी न्यूज/बलिया**





प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा व वाल्मीकि जयन्ती के शुभ अवसर पर गुरूवार को मनियर के गंगापुर में स्वर्गीय सरजू बाबा के अखाड़े पर विराट दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया। जिसमें पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दांव पेंच लगाकर करतब दिखाया। कुश्ती की शुरूआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने फीता काटकर व पहलवानों का हाथ मिलाकर की।

मनोहर पहलवान मऊ एवं अजीत पहलवान बलिया के बीच करीब सात मिनट तक चली कुश्ती बराबरी पर रही। इसके अतिरिक्त रोहित सिंह मऊ ने श्रीकांत गाजीपुर को, योगेश सरवां मऊ ने गोलू परसिया बलिया को, देवानंद मऊ ने राहुल जगदरा को, केदार जोगेसरा ने कृष्णा बिहार को एवं राजेंद्र पीलूई ने कृष्णा बिहार को, देवानंद मऊ ने मनोज भलैया मऊ को, चुन्नू बहदुरा ने रौनक पिलूई को, नीरज यादव बनकटा कला ने गुड्डू जगदरा को एवं राहुल योगेसरा ने सुजीत कुमार धसका को पटकनी दी। वही मनोज व सागर, अभिजीत पूरी मऊ व अंचल जगदरा, कलू महाराजपुर व शिवम मऊ ,सागर खटंगी व शिवजी बहदुरा, मनोहर मऊ व अजीत बलिया, विनोद खटंगी व अभिजीत पूरी मऊ की कुश्ती बराबरी पर रही। विनोद खटंगी एवं अभिजीत पूरी मऊ की कुश्ती भी रोचक रही। प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान रामदेव यादव, प्रधान सोनू यादव, सपा नेता अवधेश यादव सोनू, पराशर मुनी पाल, दिनेश यादव, पत्रकार शिवजी उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह, उपेंद्र तिवारी, टिंकू सिंह, अर्जुन तिवारी सहित इत्यादि लोगो ने पहलवानो का हाथ मिलाकर उत्साह वर्धन किया। उद्घोषक की भूमिका में पारसनाथ तिवारी, टाइम कीपर, दिनेश यादव, रेफरी केदार पहलवान एवं अशोक पहलवान रहे। कार्यक्रम के आयोजक शिव वचन तिवारी ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

# अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रश्मि सिंह ने किया जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**केटी न्यूज/मऊ**



डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रश्मि सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र एवं खेल विभाग से जुड़े अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ही वर्तमान में प्रदेश में संचालित मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5 के तहत रश्मि सिंह द्वारा वहां उपस्थित लोगों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई।

अपने संबोधन में रश्मि सिंह ने युवाओं को खेलकूद में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया तथा महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भी मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जनपद में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए महिलाओं के प्रति अच्छी सोच रखने तथा उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। ज्ञातव्य है कि मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के दौरान जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं के स्वावलंबन, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु विभिन्न कार्यक्रम अलग-अलग तिथियों में अयोजित किए जा रहे हैं तथा लोगों को महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि बाजार समिति में बनेगा स्ट्रांग रूम

**धनबाद, एजेंसी।** विधान सभा चुनाव के लिए कृषि बाजार समिति में ही स्ट्रांग रूम बनेगा। मतगणना भी बाजार समिति में ही होगा। गुरुवार को उपायुक्त माधुरी मिश्रा ने मिलने आये जिला चेंबर के प्रतिनिधिमंडल को डीसी ने स्पष्ट कहा कि बीबीएमकेयू में स्ट्रांग रूम बनाने को लेकर पहल की जा रही थी, लेकिन तकनीकी कारणों से वहां स्ट्रांग रूम नहीं बनाया जा सकता है। लिहाजा कृषि बाजार समिति के प्रांगण में ही स्ट्रांग रूम बनाया जायेगा। उपायुक्त माधुरी मिश्रा ने कहा कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन का पालन करें। ज्यादा कैश लेकर चल रहे हैं तो नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करें। स्वीप के अंतर्गत इवेंट कराने में सहयोग करें। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला चेंबर अध्यक्ष चेतन गोयनका ने किया। प्रतिनिधिमंडल में अजय नारायण लाल, विनोद गुप्ता, राजकुमार महतो, जितेंद्र अग्रवाल, विकास कंधवे, अशोक सर्राफ, असलम जी आदि थे ।इधर, कृषि बाजार समिति के सचिव विपुल कुमार ने कहा कि बाजार समिति प्रांगण में स्ट्रांग रूम बनाये जाने की सूचना है लेकिन अब तक प्रशासन का इस संबंध में कोई पत्र नहीं आया है। प्रशासन का पत्र आने के बाद दुकान व गोदाम खाली कराने के लिए व्यवसायियों को नोटिस किया जायेगा।

### मालगाड़ी से कटकर अधेड़ की मौत, कपड़े से हुई शव की शिनाख्त

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो थर्मल–गोमिया रेलखंड मार्ग पर शुक्रवार की अहले सुबह पांच बजे हजारी पंचायत अंतर्गत गैरमजरुआ गांव के समीप रेलवे लाइन पर 58 वर्षीय महेंद्र राम की कटकर मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह पांच बजे महेंद्र राम रेलवे लाइन के किनारे शौच करने के लिए गये थे। इसी क्रम में उक्त रेलखंड के अप एवं डाऊन दोनों लाइन पर एक मालगाड़ी और एक चार बोगी का इंस्पेक्शन रेल गुज़र रही थी, जिसकी चपेट में आकर मालगाड़ी से पोल संख्या 44/31 एवं 44/33 के बीच कटकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव की शिनाख्त उसके कपड़े से किये ।घटना के बाद गांव का माहौल काफी गमगीन हो गया है। मृतक का एक ही पुत्र मुकेश राम है जो कि मुंबई में कार्यरत है। इसके अलावा मृतक अपने पीछे छह पुत्री एवं पत्नी छोड़ गये हैं। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर हजारी पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रदेव पासवान, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, गब्बर राम, शंभू राम, सुंदरलाल राम, राजेन्द्र राम सहित गोमिया जीआरपी थाना प्रभारी भीम राम, गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनीष कुमार अन्य पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर तेनुघाट शव का पोस्टमार्टम करवाने भेज दिया है।

### नीरज हत्याकांड में डबलू मिश्रा को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर व कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या मामले में जेल में बंद डबलू मिश्रा उर्फ डब्लू गिरी उर्फ राकेश कुमार मिश्रा को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिल गयी है। डब्लू मिश्रा 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद है। उसपर शूटरों को शरण देने का आरोप है। डब्लू मिश्रा के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश कुमार की खंडपीठ में डब्लू मिश्रा की जमानत अर्जी लंबित थी। डब्लू इस मामले का प्रथम आरोपी है। एसे झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिली है। इससे पूर्व रिंकू सिंह को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिली थी, परंतु उसका केस अन्य आरोपियों के केस से अलग चल रहा था। पिंटू सिंह की जमानत सुप्रीम कोर्ट से मिली है। इस तरह इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की जमानत हो चुकी है। डब्लू मिश्रा के खिलाफ पुलिस ने सरायढेला थाना में एक अन्य मामला दर्ज किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी डब्लू मिश्रा मुन्ना जी बनकर राम आह्लाद राय का मकान किराया पर लिया था तथा उसमें शूटरों को ठहराया था। घटना का अंजाम देने के बाद शूटर वहां से फरार हो गये थे। इस मामले में डब्लू मिश्रा समेत अन्य आरोपी अदालत से साक्ष्य के अभाव में बरी हो चुके हैं। नीरज हत्याकांड में डबलू मिश्रा के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह का नाम आया था। संजीव सिंह तथा डब्लू मिश्रा एक साथ जेल गये थे। डबलू मिश्रा ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा था कि रंजय सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए नीरज सिंह की हत्या की गयी थी।

# सीट बंटवारे में जुटा इंडिया गठबंधन

### एआइसीसी ने पूर्व प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद, गौरव गोगई और मोहन मार्कम को सीनियर को-ऑर्डिनेटर बनाया है

### प्रत्याशियों की सूची का अब भी इंतजार किया जा रहा है



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगरमी तेज है इस चरण में राज्य के 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराया जायेगा। अधिसूचना के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। ऐसे में इंडिया गठबंधन और एनडीए दोनों अपने-अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर मंथन कर रहे हैं। इधर घोषणा के बावजूद भाजपा ने अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। प्रत्याशियों की सूची का अब भी इंतजार किया जा रहा है।

इंडिया गठबंधन सीट बंटवारे का पेच सुलझाने में जुटा हुआ है। कांग्रेस के ऑब्जर्वर तारिक अनवर, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान रांची पहुंच गये हैं। प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी रांची पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को ही कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक बुलायी गयी है। इसमें उम्मीदवारों के नाम तय कर केंद्रीय नेतृत्व को सौंपे जायेंगे। इन नामों पर फैसला लेने के लिए दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की 19-20 अक्तूबर को बैठक होनेवाली है।

इधर रांची पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि राहुल गांधी के रांची दौरे के बाद कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची जारी होगी। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 19 अक्तूबर को रांची पहुंच रहे हैं। सीट शेयरिंग को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस के आला नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव की बैठक होगी। बैठक में माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व विधानसभा को लेकर आला नेताओं की टीम झारखंड में उतार रही है। एआइसीसी ने पूर्व प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद, गौरव गोगई और मोहन मार्कम को सीनियर को-ऑर्डिनेटर बनाया है।इधर, राजद नेता तेजस्वी यादव भी शुक्रवार को रांची पहुंच रहे हैं। वे विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो और कांग्रेस के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगे, जिसमें सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय किया जायेगा। वहीं, विपक्षी भाजपा की सूची का भी इंतजार हो रहा है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक पिछले दिनों हुई थी। इसमें प्रत्याशियों के नाम पर सहमति बनी थी। पूरे एनडीए खेमे से लेकर राजनीतिक गलियारे तक में सभी भाजपा की सूची पर टकटकी लगाये हुए हैं।राजद ने इंडिया गठबंधन के अंदर 22 सीटों पर दावा ठोंका है। गुरुवार को प्रदेश संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश पासवान की ओर से बताया गया है कि पार्टी ने सर्वसम्मति से झारखंड में 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। सभी सीटों का चयन और प्रत्याशियों का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद तय करेंगे। संसदीय बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, सत्यानंद भोक्ता, डॉ मनोज कुमार, अनीता यादव, रंजन यादव, रानी कुमारी, विक्रम यादव, चंद्रिका यादव, राजकुमार यादव मौजूद थे।

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रमुख जयराम महतो ने आठ सीटों के लिए प्रत्याशी की तीसरी सूची जारी की है। सिल्ली विधानसभा से जयराम ने देवेंद्रनाथ महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, घाटशिला से रामदास मुर्मू, पोटका से भागीरथ हांसदा, जमशेदपुर पूर्वी से तरुण कुमार डे, महगामा से जवाहर लाल यादव, कांके से फूलेश्वर बैठा, जरमुंडी से राजीव यादव और पोड़ैयाहाट से प्रवीण कुमार महतो को उम्मीदवार बनाया है। जयराम की पार्टी जेएलकेएम अब तक 28 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर चुकी है।

भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा और लोजपा (आर) के प्रमुख चिराग पासवान के बीच गुरुवार को नयी दिल्ली में झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान सीट शेयरिंग व एनडीए गठबंधन के साथ मिल कर चुनाव लड़ने पर विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले बुधवार को लोजपा (आर) के दो सांसदों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और हिमंता से नयी दिल्ली में मुलाकात की थी।

## आईपीएस की नौकरी छोड़ राजनीति में आए, सिसई से 4 बार के विधायक रहे, नहीं तोड़ पाया कोई रिकॉर्ड



**गुमला, एजेंसी।** गुमला जिले की सिसई विधानसभा सीट से चार बार विधायक बनने का रिकॉर्ड बंदी उरांव के नाम है। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी लोग उनके द्वारा क्षेत्र में किये गये कार्यों को याद करते हैं। बंदी उरांव ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने आइपीएस की नौकरी छोड़ कर राजनीति में प्रवेश किया था। वे बिहार व झारखंड राज्य के कद्दावर नेता माने जाते थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी अपने विचारों, सिद्धांतों और राज्य की जनमानस के हित के लिए लगा दी।

साल 1980 में बंदी उरांव आइपीएस की सर्विस छोड़ कर राजनीति में प्रवेश किये। जनता से उनके जुड़ाव व प्यार का ही नतीजा था कि वे सिसई विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। 1980, 1985, 1991 व 1995 में विधायक बने। अब तक कोई विधायक उनका रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाया है। बंदी उरांव ने अपने राजनीतिक जीवन में कई ऐसे काम किये हैं, जो कि संवैधानिक प्रावधान के रूप में पूरे देश में लागू है।

कार्तिक उरांव के साथ मिलकर बंदी उरांव ने जनता के बीच रहकर काम किया। कार्तिक उरांव के कहने पर ही बंदी उरांव राजनीति में आये थे। त्यागपत्र देकर नौकरी छोड़ दी थी। उनका मानना था कि यहां ऐसे राजनेता की जरूरत है, जो राज्य की जनता के लिए काम करे। बंदी उरांव का घर भरनो प्रखंड के दतिया में गांव है। बंदी उरांव ने सिसई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूती दी थी। आज भी कई ऐसे गांव हैं, जहां बंदी उरांव को लोग याद करते हैं।

बंदी उरांव सिसई से न सिर्फ चार टर्म के विधायक हैं, बल्कि वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे। साल 1980 में वे गिरिडीह के एसपी थे। उनकी पुत्र वधू गीताश्री उरांव भी सिसई से कांग्रेस की विधायक और झारखंड की शिक्षा मंत्री रह चुकी है। उनके बेटे अरूण उरांव फिलहाल भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं। वे भी अपने पिता की तरह आइपीएस की नौकरी छोड़ राजनीति में आएं।

# इस गांव के लोग बरसात में हो जाते हैं कैद, कई वर्षों से सड़क और पुल बनाने की कर रहे मांग

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां आज भी लोग बुनयादी सुविधाओं से वंचित हैं। चुनाव से पहले हर जनप्रतिनिधि उनके पास आकर समस्याओं को दूर करने की बात तो करते हैं लेकिन चुनाव के बाद वो वादा पूरा नहीं होता। कुछ ऐसी कहानी पलामू के रामगढ़ प्रखंड की है। दरअसल बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडू, असमदाहा, सुगीटांड़ और पडवनिया गांव के लोग आज भी सड़कों से वंचित हैं। यहां के लोग पगडंडी से होकर नदी पार कर गांव आने-जाने को मजबूर हैं।



असमदाहा आदिम परहिया जनजाति का गांव है। वहां तक जाने के लिए दो नदी कोकाडू नदी और घोड़दाहा नदी पार करनी पड़ती है। कोकाडू सहित अन्य गांवों की जनसंख्या लगभग 2000 और 700 वोटर हैं। इन गांवों के लोगों को गर्मी या सूखे के मौसम में गांव तक आने-जाने में कोई खास परेशानी नहीं होती है। लेकिन, बरसात में नदियों में पानी बढ़ जाने से काफी परेशानी होती है। यह क्षेत्र टापू बन जाता है और ग्रामीण गांव में ही कैद होकर रह जाते हैं। ग्रामीण कई वर्षों से पुल और सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक न तो नदी पर पुल बना और न ही सड़क बनी।

पलामू के कोकाडू गांव की निवासी सह रामगढ़ प्रखंड की प्रमुख प्रेमनी देवी ने बताया कि सांसद व विधायक को इस समस्या से अवगत कराया गया है। इसके अलावा जिला की बैठक में भी पुल और सड़क बनाने के लिए लिखित और मौखिक रूप से कहा गया, लेकिन कार्य नहीं हुआ। असमदाहा आदिम जनजाति बहुल गांव है। इस गांव में बिजली और पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोग नदी का पानी पीने के लिए विवश हैं। इन गांवों में बरसात के समय में बाइक से भी नहीं जा सकते हैं। चारपहिया वाहन का जाना तो दूर की बात है। सबसे बड़ी समस्या तब होती है, जब बरसात में कोई बीमार हो जाता है।ग्रामीण सज्जन सिंह का कहना है कि गांव में कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण इन गांवों के ज्यादातर युवक रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन कर जाते हैं। पता नहीं कब सरकार का ध्यान यहां की समस्याओं पर पड़ेगा। ग्रामीण देवमनी देवी का कहना है कि चुनाव आता है, तो इस गांव में नेता लोग आते हैं। सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन अब तक पुल बना और न ही सड़क बनी।

## मालगाड़ी से कटकर अधेड़ की मौत, कपड़े से हुई शव की शिनाख्त

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो थर्मल-गोमिया रेलखंड मार्ग पर शुक्रवार की अहले सुबह पांच बजे हजारी पंचायत अंतर्गत गैरमजरुआ गांव के समीप रेलवे लाइन पर 58 वर्षीय महेंद्र राम की कटकर मौत हो गई।



घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह पांच बजे महेंद्र राम रेलवे लाइन के किनारे शौच करने के लिए गये थे। इसी क्रम में उक्त रेलखंड के अप एवं डाऊन दोनों लाइन पर एक मालगाड़ी और एक चार बोगी का इंस्पेक्शन रेल गुज़र रही थी, जिसकी चपेट में आकर मालगाड़ी से पोल संख्या 44/31 एवं 44/33 के बीच कटकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव की शिनाख्त उसके कपड़े से किये।

घटना के बाद गांव का माहौल काफी गमगीन हो गया है। मृतक का एक ही पुत्र मुकेश राम है जो कि मुंबई में कार्यरत है। इसके अलावा मृतक अपने पीछे छह पुत्री एवं पत्नी छोड़ गये हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर हजारी पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रदेव पासवान, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, गब्बर राम, शंभू राम, सुंदरलाल राम, राजेन्द्र राम सहित गोमिया जीआरपी थाना प्रभारी भीम राम, गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनीष कुमार अन्य पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर तेनुघाट शव का पोस्टमार्टम करवाने भेज दिया है।

## रोहित सिंह हत्याकांड में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बस्तीवासियों ने घेरा थाना

**धनबाद, एजेंसी।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत कीताडीह ग्वाला पट्टी के रहने वाले रोहित सिंह उर्फ छोटू (22 वर्ष) की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस की जांच से असंतुष्ट होने पर मृतक के परिजन और बस्ती के लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को बागबेड़ा थाना का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। मृतक रोहित के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि चार दिन होने के बाद भी अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। रोहित के घर की महिलाओं का कहना है कि जिस महिला के कारण रोहित की हत्या हुई है, पुलिस ने उसे भी पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। अपराधियों के परिवार के लोगों को थाना लाकर दबाव भी नहीं बनाया जा रहा है। ऐसे में पुलिस अपराधियों को कैसे पकड़ पायेगी। पुलिस इस मामले को गंभीरता से बिल्कुल भी नहीं ले रही है। वहीं पुलिस ने रोहित के परिवार के लोगों को शांत कराया और उसके बाद कार्रवाई को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस रोहित की हत्या करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। वे लोग दो- तीन दिनों के भीतर ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेंगे। पुलिस के आश्वासन के बाद मामले को शांत कराया गया। गौरतलब है कि 13 अक्तूबर की देर रात को घर के बाहर खटाल में सोते वक्त रोहित सिंह की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में रोहित के भाई राहुल सिंह के बयान पर कुंदन और मनीष कुमार वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों फरार हैं। दोनों की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिली है। इसके आधार पर छापेमारी जारी है।

# झारखंड पार्टी के गढ़ में भाजपा, कांग्रेस और झामुमो ने की सेंधमारी

**तोरपा (खूंटी), एजेंसी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित तोरपा विधानसभा क्षेत्र झारखंड पार्टी (झापा) का गढ़ माना जाता था। आजादी के बाद झारखंड पार्टी ने ही तोरपा से सबसे अधिक विधायक दिये हैं। अब तक तोरपा से झारखंड पार्टी ने सात बार, भाजपा ने तीन व कांग्रेस और झामुमो ने दो-दो बार जीत हासिल की है।

तोरपा विधानसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया। इसके पहले यह खूंटी विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा था। 1957 में पहली बार तोरपा विधानसभा सीट के लिए हुए चुनाव में झारखंड पार्टी के जूलियस मुंडा कांग्रेस की मरियम कुजूर को हराकर विधायक बने थे। इसके बाद 1962, 1972 व 1977 में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार ही विधायक बने।

वर्ष 1980 में कांग्रेस पार्टी के लियेंद्र तिरु विधायक बने। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार सुशीला केरकेट्टा को हराया था। इसके बाद झारखंड पार्टी के अध्यक्ष एनइ होरो वर्ष 2000 तक लगातार तोरपा से विधायक चुने जाते रहे। एनइ होरो तत्कालीन बिहार सरकार में मंत्री भी रहे। वर्ष 2000 में एनइ होरो भाजपा के कोचे मुंडा से हार गये। वहीं, 2005 में कोचे मुंडा ने भाजपा के टिकट पर फिर से जीत हासिल की।

वर्ष 2009 में झामुमो के पौलुस सुरीन ने कोचे मुंडा को हराया। सुरीन ने जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा और जीता था। वर्ष 2014 के चुनाव में पौलुस सुरीन जेल से बाहर आ गये थे। उन्होंने फिर से भाजपा को हराकर चुनाव जीता, लेकिन जीत का अंतर महज 43 वोट ही था। हालांकि, वर्ष 2019 का चुनाव जीतकर भाजपा के कोचे मुंडा ने वापसी कर ली।

तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि विगत पांच वर्षों में हर क्षेत्र में विकास का काम तेजी से हुआ। क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाया गया है। शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करायी गयी है। वर्षों से लंबित पुल निर्माण का काम शुरू हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कई काम हुए हैं। प्रत्येक प्रखंड में अस्पताल का नया भवन बनाया जा रहा है। आज कोई ऐसा गांव नहीं है, जहां जाने के लिए सड़कें न हों।

तोरपा विधानसभा क्षेत्र में पलायन एक बड़ा मुद्दा है। रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण क्षेत्र से हर वर्ष सैकड़ों लोग काम की तलाश में दिल्ली, मुंबई, गोवा जैसे शहरों की ओर पलायन कर जाते हैं। गोवा के समुद्र तट पर काम करने वाले लोगों में बड़ी संख्या तोरपा के लोग हैं। इसके अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर पंजाब और सिक्किम, लद्दाख जैसे सुदूर राज्यों में भी तोरपा की जनता को काम की तलाश में जाना पड़ता है।

# बेरमो में कांग्रेस व सीपीआइ के बीच होता रहा है रोचक मुकाबला

**बोकारो, एजेंसी।** राकेश वर्मा, बेरमो। 1957 से 2019 तक के बेरमो विधानसभा चुनाव (2019 का एक उप चुनाव भी) का अगर हम जिक्र करें तो कांग्रेस, जनसंघ व भाजपा के गढ़ वाले इस क्षेत्र में भाकपा भी लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही है। 50-60 के दशक में जब बेरमो में कांग्रेस व इंटक का बोलबाला हुआ करता था, उस वक्त सीपीआइ व उसकी मजदूर यूनियन एटक ने संघर्ष के जरिये कोयला मजदूरों के बीच अपना स्थान बनाया था। बेरमो विधानसभा क्षेत्र में सीपीआइ व एटक नेता शफीक खान पूरे कोल सेक्टर में चर्चित मजदूर नेताओं में गिने जाते रहे। 1962 में शफीक खान ने बेरमो विधानसभा का पहला चुनाव लड़ा। इसके बाद एक दो विधानसभा चुनाव को छोड़ दें तो वे वर्ष 2000 तक विधानसभा चुनाव लगातार लड़ते रहे। कई बार तो जीतते-जीतते हार गये।

1957 में जब बेरमो विधानसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया तो सीपीआइ ने यहां पहली बार अपना प्रत्याशी उतारा। सीपीआइ ने पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री चतुरानन मिश्र को पार्टी का प्रत्याशी बनाया, उन्हें कुल 13।56 फीसदी वोट मिला था तथा वे तीसरे स्थान पर रहे थे। जबकि इस चुनाव में सीएनपीएसपीजेपीपी के प्रत्याशी ठाकुर ब्रजेश्वर प्रसाद जीते थे। वहीं कांग्रेस के बिंदेश्वरी दुबे दूसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में बेरमो के मजदूर नेता बिंदेश्वरी सिंह भी चुनाव लड़े तथा उन्हें 2009 तथा पीएसपी प्रत्याशी मिथिलेश सिन्हा को 1240 मत प्राप्त हुआ था। बेरमो के एटक नेता शफीक खान को वर्ष 1962 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पहली बार प्रत्याशी बनाया। वह तीसरे स्थान पर रहे तथा उन्हें कुल 2741 मत मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के बिंदश्वरी दुबे जीते थे। इसके बाद 1967 के विस चुनाव में फिर से शफीक खान प्रत्याशी हुए, इस चुनाव में उन्हें 4097 मत मिले तथा वे चौथे स्थान पर रहे। इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी एनपी सिंह दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस के बिंदेश्वरी दुबे को जीत मिली।

1977 के पहले तक बेरमो विधानसभा में डुमरी विधानसभा क्षेत्र का नावाडीह प्रखंड आता था। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट निवासी व सीपीआइ नेता कैलाश महतो को 1969 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। इस चुनाव में स्व कैलाश महतो को 2191 मत मिला तथा वह चौथे स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस के बिंदेश्वरी दुबे को जीत मिली। दूसरे स्थान पर जेएपी के यमुना सिंह रहे थे। 1972, 1977 तथा 1980 का विधानसभा चुनाव सीपीआई ने नहीं लड़ा।

1985 में एक बार फिर से पूरे दमखम के साथ सीपीआइ ने शफीक खान को कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद सिंह के मुकाबले चुनावी मैदान में उतारा। इस चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली, लेकिन सीपीआइ दूसरे स्थान पर रही। सीपीआइ प्रत्याशी शफीक खान को 20,333 मत मिले। भाजपा इस चुनाव में तीसरे स्थान पर चली गयी थी। इसके बाद 1990 के विस चुनाव में फिर से सीपीआइ ने कांग्रेस के साथ जबरदस्त मुकाबला किया तथा दूसरे स्थान पर रही। जीत कांग्रेस की हुई। सीपीआइ को कुल 31,721 मत मिले। 1995 का विस चुनाव तो सीपीआइ का बेरमो क्षेत्र में टर्निंग प्वाइंट के रूप में आज तक याद किया जाता है। इस चुनाव में भले ही सीपीआइ की हार हो गयी, लेकिन सीपीआइ ने कांग्रेस को जोरदार टक्कर दी थी। सीपीआइ प्रत्याशी शफीक खान को 39,550 मत मिला, जबकि कांग्रेस के राजेंद्र प्रसाद सिंह को 40,361 मत। मात्र 811 वोट से शफीक खान चुनाव हार गये थे, इसके बाद अपना अंतिम विधानसभा चुनाव शफीक खान ने वर्ष 2000 में लड़ा। इस चुनाव में उन्हें 16,788 वोट मिला तथा तीसरे स्थान पर रहे। जबकि जीत कांग्रेस के राजेंद्र सिंह की हुई।

2005 के विधानसभा चुनाव में सीपीआइ ने मरहूम शफीक खान के पुत्र आफताब आलम खान को बेरमी विस सीट से प्रत्याशी बनाया। आफताब उस वक्त बेंगलुरु में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे। इस चुनाव में सीपीआइ ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया तथा आफताब 29,116 मत लाकर तीसरे स्थान पर रहे।

# जमशेदपुर पश्चिम से 24 अक्तूबर को परचा भरेंगे सरयू राय

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर की जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीट से सरयू राय इस बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वह 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित विजया मिलन समारोह में उन्होंने इसकी घोषणा की।



इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह जमशेदपुर पूर्वी से ही चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन एनडीए के वरिष्ठ नेताओं का निर्णय उन्हें स्वीकार करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि संभावना यही है कि मुझे जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ना पड़े। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो 24 अक्टूबर को वे नामांकन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्हें पश्चिम में चुनाव लड़ना पड़ा, तो पूर्वी के कार्यकर्ताओं का भी पूरा सहयोग चाहिए।

सरयू राय ने सदस्यों के सामने अपने 5 साल के कार्यकाल का संक्षिप्त रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया। कोरोना महामारी के बाद पिछले 3 साल में जितना काम उन्होंने किया, उतना काम तो बीते 30 वर्षों में भी नहीं हुआ। उनके ही कार्यकाल में टाटा ने सभी बस्तियों में पानी देना शुरू किया।

जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट पर झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार रघुवर दास को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पराजित कर बड़ा उलफेर करने वाले सरयू राय इस बार एनडीए का हिस्सा हैं।

## सुभाषितम्

शक्ति शारीरिक क्षमता से नहीं आती, बल्कि यह एक अदम्य इच्छा शक्ति से आती है। - महात्मा गांधी

## बातचीत से कनाडा ही नहीं इन देशों का भी निकलेगा हल

**भारत और कनाडा के बीच** काफी लंबे समय से चली आ रही तनातनी अब दोतरफा राजनयिक कार्रवाई तक पहुंच गई है। इससे दोनों ही देशों के रिश्ते रसातल पर पहुंच गए हैं। यह सही है कि कनाडा ने भारत पर बहुत ही गंभीर आरोप लगाए हैं। मुमकिन है कि ऐसा आगामी चुनाव को देखते हुए कनाडा ने किया हो। निज्जर और पन्नू तो एक बहाना है, असल मकसद तो चुनाव साधना है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पास जनता को बतलाने के लिए कुछ खास तो बचा नहीं है, ऐसे में भारतीय मूल के वोटरों के एक बड़े धड़े को खुश करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। इस तरह से सियासी पैंतरेबाजी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर खूब चला है। नतीजा यह हुआ कि भारतीय उच्चायुक्त सहित छह राजनयिकों को निज्जर हत्याकांड से सीधे जोड़े जाने के चलते भारत ने कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर सहित छह राजनयिकों को देश छोड़ने को कह दिया और वहां से अपने राजनयिक बुलाने के आदेश दे दिए। अब चूंकि कनाडा में भारत विरोधी ताकतों का जमावड़ा लगा हुआ है और उन पर कोई कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। ऐसे में रिश्तों में दरार बढ़ना लाजमी है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम घातक होंगे, जिसे दोनों ही देश नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। ऐसे में कनाडा सरकार के लिए बेहतर यही होगा कि वह अपने देश में जमें अलगाववादियों के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करे और बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकाले। यदि ऐसा नहीं हुआ तो राजनयिकों के खिलाफ की गई दोतरफा कार्रवाई के अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक समीकरण पर भी इसका असर जरुर ही देखने को मिलेगा। यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि निज्जर मामले के अलावा भारत को अलगाववादी और अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों का भी सामना करना पड़ रहा है। कनाडा से रिश्ते बिगड़ते देख अमेरिका भी मुखर हो गया है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जून 2023 में निज्जर की हत्या के बाद से कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो मानों बौखला गए हैं। उन्होंने पिछले साल ही 21 सितंबर को नई दिल्ली मे आयोजित जी20 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। तब से ट्रूडो निज्जर की हत्या में किसी भारतीय एजेंट के हाथ होने का आरोप लगाते आ रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने इन आरोपों को सिद्ध करने के कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किए। इससे भी जब दिल नहीं भरा तो कनाडा पुलिस ने अब एक नया संगीन आरोप लगाते हुए कह दिया कि कनाडा की नागरिकता वाले सिख अलगाववादियों को धमकाने के लिए पंजाब के लॉरेंस विश्नोई गेंग का इस्तेमाल भारत की ओर से हो रहा है। अब भले ही इस मामले में कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किए जा रहे हों, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत शक के दायरे में तो आता दिख ही रहा है। इससे अलगाववादी ताकतों को ही बल मिलेगा और आज नहीं तो कल ये ताकतें कनाडा समेत अन्य देशों के गले की फांस भी बनते देर नहीं लगाएंगी। यदि ऐसा नहीं है तो क्या कारण है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कनाडा की सड़कों पर भारत विरोधी प्रदर्शन होते हैं और नारे लगाए जाते हैं। यही नहीं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी लगाकर दिखाई जाती है और कनाडा का शासन-प्रशासन मूक दर्शक बना सब होते हुए देखता रहता है। कुछ ऐसा ही नजारा अमेरिका और ब्रिटेन में भी देखने को मिले। अब इसका विस्तार अन्य और देशों में भी हो सकता है, क्योंकि साझेदार देशों में इसे लेकर संवेदनशीलता तो देखने को मिलती ही है। आगे चलकर यदि ऐसा ही कुछ ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी देखने को मिले तो हैरानी नहीं होगी, क्योंकि इन देशों में सिख प्रवासियों की संख्या अच्छी खासी है। इस पर भारत सरकार को गौर करने की आवश्यकता है।

## चिंतन-मनन

### दान और परोपकार से घटता नहीं है धन

**सभी धर्मों में कहा गया है कि** दान करो। दान करने से धन घटता नहीं है बल्कि आपका धन बढ़ता है। लेकिन समस्या यह है कि लोग धन बढ़ने का तात्पर्य यह समझते हैं कि आज आप सौ रुपए कमाते हैं तो कल हजार रुपए कमाने लगेंगे। शास्त्रों में मुद्रा को धन कभी कहा ही नहीं गया है। शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति जो पुण्य अर्जित करता है वही धन है। पुण्य रूपी धन परोपकार और जनहित से बढ़ता है। मुद्रा रूपी धन तो आपको उतना ही मिलेगा जितना आपकी किस्मत में होगा। अगर आप दान भी कर दें तो आपके पास उतना ही रहेगा जितना आपके भाग्य में है। अगर आप संचित करके भी रखेंगे तब भी उतना ही बचेगा जितना आपकी किस्मत में विधाता ने लिख दिया है। दक्षिण भारत की एक कथा है इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। एक गरीब ब्राह्मण था। दिन भर अपना काम करता इसके बाद जो भी समय बचता उसे भगवान की सेवा में लगा देता। ब्राह्मण की पत्नी अक्सर ब्राह्मण से कहती पूजा-पाठ से क्या लाभ है भगवान तो हमारी सुनते ही नहीं, पता नहीं हमारी गरीबी कब दूर होगी। एक दिन ब्राह्मणी की बात सुनकर ब्रह्मण बहुत दुःखी था। पूजा करने बैठा तो भगवान प्रकट हो गये। भगवान को देखते ही ब्रह्मण अपनी गरीबी दूर करने के लिए प्रार्थना करने लगा। भगवान ने कहा तुमने पूर्व जन्म दान नहीं किया है इसलिए तुम्हारे भाग्य में अन्न धन की मात्रा कम है। अगर तुम चाहो तो तुम्हें तुम्हारे भाग्य का अन्न धन एक साथ मिल सकता है। लेकिन एक बार अन्न धन खत्म होने के बाद तुम क्या करोगे। अच्छा होगा कि तुम धीरे-धीरे अपने हिस्से का अन्न धन प्राप्त करो। ब्रह्मण ने कुछ देर सोचा फिर बोला प्रभु मेरे भाग्य का सारा अन्न धन एक साथ दे दीजिए। कुछ दिन तो सुखी से जी लूंगा। भगवान ने तथास्तु कह दिया। ब्राह्मण का घर अन्न से भर गया। ब्राह्मणी अन्न का भंडार देखकर खुश हो गयी। ब्राह्मण ने कहा कि इसे हम एक साथ खर्च नहीं करेंगे। हमारा जीवन जैसे चल रहा था हम वैसे ही जिएंगे।

## आज का राशिफल

- **मेष** कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ बड़े परिवर्तन हो सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा।
- **तुला** आपके लिए शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग बन रहे हैं।
- **वृषभ** आज भाग्य का साथ मिलेगा और परिवार के लोगों के साथ आपका वक्त आनंद में बीतेगा।
- **वृश्चिक** दिन शुभ है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी।
- **मिथुन** बॉस का साथ मिलने से आपको किसी बहुमूल्य वस्तु या फिर संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है।
- **धनु** आज दिन सफलता से भरा होगा और आपका धन आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा।
- **कर्क** आज दिन भाग्यशाली है। आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।
- **मकर** आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा।
- **सिंह** आशातीत सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ति होगी।
- **कुंभ** आज दिन काफी खर्च से भरा होगा। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।
- **कन्या** आज लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपके मन में प्रसन्नता रहेगी।
- **मीन** आपका परिवारिक जीवन आनंद में बीतेगा। पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र: सरकार से बड़ी उम्मीदें

**ललित गर्ग**

**आखिरकार जम्मू-कश्मीर** में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।

जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने



के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं।


केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

## अश्लीलता की बाढ़ में बर्बाद होती युवा पीढ़ी

**अतुल मलिकराम**

**सोशल मीडिया और ओटीटी** प्लेटफॉर्म पर बढ़ती अश्लीलता, देश के लिए नई चुनौती खड़ी कर रही है... भारतीय संस्कृति में सदाचार, चरित्र निर्माण, विनम्रता, प्रेम, दया, त्याग, और आदर-सम्मान जैसे सद्गुणों को हमेशा से ही प्रमुखता दी गई है। इसके बावजूद, समाज में बढ़ते अपराध और नैतिक पतन की खबरें हमें आए दिन देखने, सुनने और पढ़ने को मिलती रहती है। इन बढ़ते अपराधों को देखकर कई बार मेरे मन में यह प्रश्न उठता है कि जब हमारी शिक्षा प्रणाली और संस्कारों में नैतिकता और आदर्शों पर इतना जोर दिया गया है, तो क्यों समाज के कुछ लोग पथभ्रष्ट होकर सामाजिक ताने-बाने को दूषित करने में लगे हुए हैं? इसका एक प्रमुख कारण सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बेलगाम और तेजी से बढ़ती अश्लीलता और अनुशासनहीनता है। सोशल मीडिया और इंटरनेट की भूमिका आज की दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। जहां एक ओर सोशल मीडिया ने हमें कई सुविधाएं दी हैं, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्प्रभाव भी हमारे सामने आ रहे हैं, एक तरफ यूट्यूब और गूगल जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए हम हर प्रकार की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन इसका नकारात्मक पक्ष भी है और वह है सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री की बाढ़! जो तेजी से हमारे समाज को खोखला कर रही है। आज स्थिति यह है कि जहाँ देखो वहाँ अश्लीलता छाई हुई है। सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो रील्स में अश्लीलता इतनी सामान्य हो गई है कि इसे नजरअंदाज करना मुश्किल होता जा रहा है। बात यहीं खत्म नहीं होती; ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली वेब सीरीज और शो भी उसी राह पर चल रहे हैं। इनमें से अधिकांश कंटेंट इतना अश्लील और भड़काऊ होता है कि आप परिवार के साथ उसे देख भी नहीं सकते। क्रिएटिविटी के नाम पर इन प्लेटफॉर्म्स ने अशिष्टता और गाली-गलौज को सामान्य बना दिया है। ऊपर से यह कंटेंट आज हर वर्ग की पहुँच में है। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब छोटे बच्चे और किशोर ऐसे कंटेंट से प्रभावित होकर



अपने जीवन में उन चीजों की नकल करते हैं। नतीजा यह है कि बच्चे गालियाँ, हिंसा और अश्लीलता सीख रहे हैं।

हाल ही में एक वेब सीरीज आई जिसमें कामुकता और हिंसा के ऐसे दृश्य दिखाए गए कि हॉलिवुड तक भी शायद शरमा जाए। इस प्रकार के कंटेंट से भारतीय समाज और संस्कृति का ताना-बाना बुरी तरह बिखर रहा है। हमारी फिल्म इंडस्ट्री भी ऐसी ही फिल्मों और वेब सीरीज पर केंद्रित हो रही है, जिनका उद्देश्य सिर्फ विवाद खड़ा करना है, जिनका सामाजिक जागरूकता, शिक्षा जैसे विषयों से कोई नाता नहीं है। अश्लील सामग्री का सबसे ज्यादा प्रभाव हमारी युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन ने बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन दे दिए हैं, जिससे अब माता-पिता के लिए यह पता करना कठिन हो गया है कि बच्चे केवल पढ़ाई के लिए ही फोन का उपयोग कर रहे हैं। ऊपर से अश्लील कंटेंट तक पहुँच इतनी आसान हो चुकी है कि नाबालिग भी इसे बिना किसी रोक-टोक के देख सकते हैं। सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर परोसी जा रही गंदगी युवाओं को नैतिक रूप से कमजोर कर रही है। किशोर और युवा, जो मानसिक रूप से पूरी तरह से परिपक्व नहीं होते हैं, उनके आदर्श और व्यवहार में अश्लील कंटेंट देखकर विकार आने लगता है। लेकिन हर किसी को केवल अपने मुनाफे के पीछे पड़ी हैं, भले ही इसके चलते आने वाली पीढ़ी गलत दिशा में ही क्यों ना जा रही हो। यह स्थिति इस कदर गंभीर हो चुकी है कि इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। इस स्थिति पर लगाम लगाने के लिए सरकार को सख्त नियम बनाने चाहिए और अश्लीलता फैलाने वाले सभी सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। साथ ही ऐसी साइट्स, जो असामजिक कंटेंट को बढ़ावा देती हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से ब्लॉक करना चाहिए। जिस प्रकार थिएटर में बच्चों को एडल्ट फिल्मों से दूर रखा जाता है, उसी प्रकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी ऐसी व्यवस्था करनी होगी ताकि वेब सीरीज और फिल्मों में दिखाई जाने वाली अश्लीलता को रोका जा सके। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को सेंसर बोर्ड के अंतर्गत लाने की भी आवश्यकता है ताकि इनके कंटेंट को परखा जा सके। हालाँकि सरकार अपनी और से प्रयास कर रही है, जैसे भारत सरकार ने 2021 में नए आईटी नियम लागू किए, जिनमें सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अश्लील कंटेंट को रोकने के प्रावधान किए गए हैं। इन नियमों के तहत, सोशल मीडिया कंपनियों को गलत और फेक कंटेंट के सोर्स की जानकारी देनी होती है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि ऐसे कंटेंट को सबसे पहले किसने साझा किया था। परंतु यह सिर्फ शुरूआती कदम है। सरकार के साथ-साथ, समाज, कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ़्लुएन्सर्स को भी अपनी ज़िम्मेदारी समझनी होगी। कंटेंट क्रिएटर्स को यह ध्यान रखने कि जरुरत है कि उनके द्वारा बनाए गए कंटेंट का प्रभाव समाज पर क्या पड़ेगा। उन्हें गंभीरता से इस पर विचार करना होगा कि उनका हर कंटेंट किसी न किसी रूप में समाज के हर वर्ग को प्रभावित करता है, इसलिए उन्हें अपनी रचनात्मकता का उपयोग समाज के हित में करना चाहिए। दर्शकों को भी समझना चाहिए कि क्या देखना सही है और क्या गलत, जब हम अपनी और से असामाजिक चीजों का विरोध करेंगे तो ही इनके निर्माण पर रोक लगेगी। सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता को रोकना सिर्फ कानूनी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। क्योंकि सरकार चाहे कितने भी नियम बना ले जब तक हम सामाजिक रूप से अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे इस समस्या का समाधान होना संभव नहीं है इसलिए जरुरी है कि सभी इस विषय पर सख्त हो।

## गठबंधन की मयार्दा में हीं शक्ति है

**डा. भरत मिश्र प्राची**

**जब से देश में छोटे - छोटे अनेक** क्षेत्रीय राजनीतिक दल उभर आये तब से राष्ट्रीय राजनीतिक दलों का स्वयं का वजूद कमजोर हो गया। स्वयं के बल पर सत्ता में आना या सत्ता का विरोध करना आसान नहीं रहा। इस तारह के हालात में गठबंधन मजबूरी भी हो गई एवं जरूरत भी। जिस किसी भी राजनीतिक दल ने स्वयं भू में आकर गठबंधन की मयार्दा को तोड़ा, नुकसान में हीं रहा। इतिहास साक्षी है, कि जब से देश में गठबंधन की राजनीति शुरू हुई तब से गठबंधन की मयार्दा मे छिपी शक्ति को नकार कर स्वयं के बल पर जिसने भी चुनावी समर में खड़ा होने की चेष्टा की, उसे सफलता कम ही हाथ लगी। इसका ताजा उदाहरण अभी हाल हीं हरियाणा में दो विधान सभा चुनाव में देखने को मिला जहां हरियाणा में चुनाव से पूर्व कांग्रेस एवं आप में गठबंधन होना था पर सवयं भू के चलते दोनों दलों के बीच गठबंधन न हो पाने के कारण कांग्रेस के पास आती सत्ता छिटक गई। जहां चुनाव पूर्व सत्ता पक्ष भाजपा की वापसी नजर नहीं आ रही थी, कांग्रेस आप में गठबंधन नहीं होने से भाजपा को सत्ता में आने का फिर से मौका मिल गया। कोई माने या नहीं माने कांग्रेस के वोटों में आप ने सेंघ लगा दी जिससे सत्ता के पास आती कांग्रेस सत्ता से दूर हो गई। जम्मू कश्मीर में गठबंधन की मयार्दा का सही ढ़ंग से पालन होने से सत्ता वहां के क्षेत्रीय दल के हाथ लगी।

देश में फिर दो विधान सभा चुनाव महाराष्ट्र एवं झारखंड में होने जा रहे है जहां क्षेत्रीय दलों का अपना प्रभुत्व है। वहां कोई भी दल एक दूसरे से कम नहीं। इस अहम भाव को छोडकर जो भी गठबंधन की मयार्दा का पालन ईमानदारी से करेगा, फायदे में रहेगा, जो मयार्दा को अहम में आकर तोड़ेगा, सहयोगी से छल करेगा, घाटे में रहेगा। आज समय बदल चुका हैं। देश की राजनीति गठबंधन पर निर्भर हो गई है जब कि कभी देश में एक ही राष्ट्रीय दल कांग्रेस का वजूद सर्वोपरि रहता। जिससे देश के हर कोने में कांग्रेस सत्ता में होती। फिर एक समय ऐसा आया देश के सभी अधिकांश राजनीतिक दल मिलकर कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़े सफलता भी मिली पर गठबंधन की मयार्दा तोड़ने से कांग्रेस को फिर से राजनीतिक लाभ मिला मंडल आयोग के उपरान्त देश में कई क्षेत्रीय राजनीतिक दल उभर आये जिनका आज भी अपने अपने राज्य में वजूद कायम है जिसे नकारा नहीं जा जा सकता। आज कांग्रेस की जगह भाजपा सत्ता में है पर उसे भी गठबंधन की जरूरत है। राज्य के विधान सभा चुनाव हो या देश के लोकसभाचुनाव आज उभरे क्षेत्रीय दलों की स्थानीय ताकत को नकारा नहीं जा सकता। देश में केन्द्र की सत्ता के खिलाफ गठबंधन की प्रक्रिया शुरू तो हुई पर पर साफ मन न होने, अपने को किसी से कम न समझने, क्षेत्रीय दलों की ताकत को सहीं ढ़ंग से नहीं जान पाने, या नकारने के चलते राजनीतिक लाभ नहीं मिल सका, जितना मिलना चाहिए। गठबंधन यदि करना है तो इसकी मयार्दा का भी पालन करना होगा। गठबंधन से जुड़े दलों की ताकत का भी घ्यान देना होगा तभी गठबंधन की राजनीति सफल होगी। गठबंधन की मयार्दा में छिपी ताकत को पहचान कर छल कल बल रहित जो गठबंधन की मयार्दा का सही ढ़ंग से पालन करेगा, राजनीतिक लाभ उसे ही मिलेगा।

## राजकाज

### बहराइच में भाजपा ने चलाया ब्रह्मास्त्र

**उत्तर प्रदेश के बहराइच में** भाजपा ने उपचुनाव के पहले अपना ब्रह्मास्त्र चला दिया है। एक मुस्लिम के घर का हरा झंडा निकालकर भगवा झंडा फहराने के विवाद में एक युवक की मौत हो गई। भीड़ ने अस्पताल, शोरूम और दुकानों को जला दिया, भारी हिंसा हुई। पुलिस दंगाइयों की सुरक्षा में खड़ी रही। इलाके का इंटरनेट बंद कर दिया गया। मुस्लिम बस्ती के सारे मुस्लिम घर छोड़कर जान बचाने के लिए भाग गए। पथराव और आगजनी के बीच पुलिस ने 20 राउंड से ज्यादा गोलियां चलाईं। युवक पुलिस की गोली से मारा गया है, या उसे मुसलमान ने मारा है। इसका कोई सबूत नहीं है। मुसलमानों के ऊपर मुकदमा दर्ज हो गया है। उपचुनाव में यदि भाजपा सभी 9 सीटों पर चुनाव जीत गई, तो यह ब्रह्मस्त्र काम आ गया। यदि सभी सीट भाजपा नहीं जीत पाई, तो भाजपा को अपने अस्तित्व को बचाने के लिए और कोई शस्त्र खोजना पड़ेगा।

### मंडल पर भारी पड़ रहा है कमंडल?

राहुल गांधी ने जिस तरह से जाति जनगणना का दांव खेला है। उस दांव में भाजपा बुरी तरीके से फसती हुई नजर आ रही है। अक्टूबर माह से जनगणना का काम शुरू होने जा रहा था। लेकिन इसे भी टाल दिया गया है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका लाभ नहीं मिला। चुनाव परिणाम यही बताते हैं। रही सही कसर महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में सामने आ जाएगी। इंडिया गठबंधन के दल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के दांव और चुनाव आयोग का किस तरह मुकाबला करेंगे। कांग्रेस को जाति आरक्षण का लाभ मिलेगा या नहीं, इसका इसको लेकर अटकलों का दौरा थम नहीं रहा है। अभी भी मंडल पर कमंडल ही भारी पड़ता हुआ दिख रहा है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1689 औरंगजेब ने रायगढ़ किले पर कब्जा किया। 1774 ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा संचालित प्रशासन में सुधार के लिए इंग्लैंड से न्यायाधीशों का एक दल भारत पहुंचा। 1842 नेपोलियन बोनापार्ट की फौजों ने मास्को से पीछे हटना शुरू किया। 1912 बाल्कन युद्ध में बल्गारिया ने तुर्की के शहर एड्रियानोयल की नाकेबंदी की। 1915 जापान ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किए। 1927 लिस्बन में क्रांति शुरू हुई। 1935 लीग ऑफ नेशंस ने इटली के खिलाफ प्रतिबंध लगा दिए। 1944 अमरीकी फोजें फिलीपींस पहुंची। 1954 अमरीका के राष्ट्रपति ट्रुमैन ने जर्मनी से युद्ध समाप्त होने के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए। 1970 रूस में निर्मित मिग 24 भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ। 1983 ग्रेनाडा के प्रधानमंत्री मारिस बिशप सैनिक क्रांति के दौरान मारे गए। 1987 दक्षिणी जकार्ता में दो यात्री गाड़ियों में हुई टक्कर में 02 व्यक्ति मारे गए और कई सौ लोग घायल हो गए।

## दैनिक पंचांग

**19 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | तुला | 05.50 बजे से |
| चंद्र | मेष में | वृश्चिक | 08.09 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 10.25 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.30 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.16 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मीन | 15.49 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.20 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.00 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 20.58 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.11 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | सिंह | 01.27 बजे से |
| | | कन्या | 03.39 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 293 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 09.49 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 10.47 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 17.42 बजे को समाप्त। **करण** गर 09.49 बजे तदनन्तर वणिज 20.15 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण $10^{\circ} 05'$ **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872137 **जूलियन दिन** 2460602.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 15 **विशेष** मासिक कार्तिगाई।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को दें दिशा

**अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने जा रहे हैं। टनल इंजीनियरिंग का कोर्स कर आप महीने के लाखों रुपए कमा सकते हैं।**

दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वाले लोगों का टनल से तो वास्ता जरूर होता होगा। टनल ट्रांसपोटेशन इन्फास्ट्रक्चर का हमेशा से एक अभिन्न अंग रहा है। इंजीनियर और एक्सपर्ट्स मिलकर टनल को तैयार करते हैं। सिविल इंजीनियरिंग का ही एक पार्ट टनल इंजीनियरिंग है। यह जियोटेक्निकल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग का एक कॉम्बिनेशन होता है। बता दें कि टनल इंजीनियर को चट्टानों व मिट्टी की काफी अच्छी समझ होती है। आपको बता दें कि आप टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को एक दिशा दे सकते हैं। अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टनल इंजीनियर कैसे बनते रहैं, इसके लिए कौन सा कोर्स करना चाहिए और इसमें जॉब की क्या संभावनाएं होती हैं।

## योग्यता

यदि कोई युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता है, तो उसको सबसे पहले सिविल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री प्राप्त करनी होगी। इसके बाद वह टनल कंस्ट्रक्शन में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। वहीं सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक या एमटेक करने के बाद आप टनल बोरिंग की तकनीकों में जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों के विश्वविद्यालय टनल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेशन कोर्स ऑफर करते हैं। इसके अलावा बीटेक-एमटेक करने के बाद भी आप टनल इंजीनियर बनने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।

## सैलरी

भारत देश में एक टनल इंजीनियर की एवरेज सैलरी करीब 1,73,615 रुपए के महीने के आसपास होती है। हांलाकि नॉलेज, स्किन और एक्सपीरियंस के हिसाब से ग्रोथ मिलती रहती है। ऐसे में युवा इस फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं।





# ई-मेल मार्केटिंग में बना सकते हैं शानदार कॅरियर

वर्तमान समय में ईमेल के जरिए हर कंपनी मार्केटिंग अभियानों को कस्टमर तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। आपको बता दें कि ग्राहकों के लिए ई-मेल मार्केटर ऐसी कॉपी लिखते हैं। जो कस्टमर को कंपनी के साथ इंगेज कर सके। इसके लिए ईमेल मार्केटर हर ईमेलर के लिए स्ट्रैटली तैयार करते हैं। वह कंटेट से लेकर ग्राफिक्स तक तैयार करवाते हैं। इस काम के लिए कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं।

ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाकर घर बैठे काम सीख सकते हैं। इसके जरिए कंपनियां हफ्ते भर में होने वाली गतिविधियां न्यूजलेटर के जरिये ग्राहकों को हर हफ्ते भेजती रहती हैं। जिस कारण ईमेल मार्केटिंग आज एक बड़ी फील्ड के तौर पर उभरा है। ऐसे में अगर आप भी ईमेल मार्केटिंग करना जानते हैं, तो आप इस फील्ड में आसानी से लाखों का पैकेज उठा सकते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आप डिजिटल मार्केटिंग कोर्स कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

## क्या होती है ई-मेल मार्केटिंग

आपको बता दें कि यह एक कमर्शियल मैसेज की तरह होता है, जिसके इस्तेमाल से कंपनी सीधे तौर पर कस्टमर को टारगेट करती है। इसकी मदद से कंपनी कस्टमर को अपने उत्पाद के बारे में जानकारी देने के साथ उसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने का काम करती है। यही कारण है कि ई मेल मार्केटिंग का कन्वर्जन रेट बाकी मार्केटिंग तरीकों की तुलना में ज्यादा होता है। वहीं कुछ टूल्स और सॉफ्टवेयर की मदद से आप इस काम को घर बैठे भी कर सकते हैं। ई-मेल मार्केटिंग में आप एक साथ सैकड़ों लोगों को कंपनी का मेल भेज सकते हैं।

## ई-मेल मार्केटिंग का लक्ष्य

- अपने बिजनेस वेबसाइट को प्रमोट करना
- नए ऑफर्स की जानकारी कस्टमर्स को देना
- अपने उत्पादों को उपभोक्ता तक पहुंचाना
- अपने वेबसाइट का ट्रैफिक बढ़ाना

## कैसे करें ई-मेल मार्केटिंग

अगर आप भी इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके पास ई-मेल अकाउंट होना चाहिए। वर्तमान समय में तमाम कंपनियां ई-मेल के जरिए अपने मार्केटिंग अभियान को चलाती हैं। इस फील्ड में जाने के लिए आपके पास ई-मेल लिस्ट, मार्केटिंग टूल्स सेटअप होने के साथ ई मेल टेम्प्लेट भी होना भी जरूरी है।

## ई-मेल मार्केटिंग कोर्स के लाभ

- ई-मेल मार्केटिंग के जरिए आप अपने बिजनेस या उत्पाद को प्रमोट कर सकते हैं।
- एक ही समय में आप कई लोगों को ई-मेल भेजने का काम कर सकते हैं।
- साथ ही आपके मेल को किसने देखा और किसने स्पैम किया, आप इसकी भी जानकारी ले सकते हैं।
- बता दें कि इसका कनवर्जन रेट काफी ज्यादा है।
- आप बेहद कम बजट के साथ यह मार्केटिंग कर सकते हैं।
- इसमें कस्टमर डायरेक्ट कंपनी से संवाद कर सकते हैं।

## सैलरी

आपको बता दें कि इस फील्ड में कॅरियर बनाने वाले युवाओं को सालाना 6 लाख रुपए तक का पैकेज मिलता है। वहीं एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ ही सैलरी में इंक्रिमेन्ट होता रहता है।



**आज के समय में कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।**

## कोर्स की खासियत

- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- 100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

## कॅरियर को मिलेगी नई दिशा

युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट, प्रोफेशनल और और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरुआत की गई है। बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग के अलावा कई ऐसे कोर्स हैं, जिनको करके युवा अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं।




# कंटेंट मार्केटिंग के जरिए हर कंपनी बन रही बेस्ट
## युवाओं के लिए हैं कई अवसर

**कोई भी कंपनी अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए कंटेंट का सहारा लेती है। कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है।**

अगर आप भी हर रोज अपने मोबाइल में तमाम विभिन्न कंपनियों द्वारा भेजे गए दर्जनों मैसेज, नोटिफिकेशन्स और व्हाट्सअप मैसेज और ईमेल्स को देखते होंगे। यह कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है। एक सर्वे के मुताबिक किसी भी कंपनी को तेजी से ग्रोथ पाने के लिए कंटेंट की जरूरत होती है। कंटेंट के जरिए ही बिजनेस लोगों के बीच पहचाना जाता है, जो धीरे-धीरे ब्रांड बन जाता है। यही कारण है कि साल 2026 तक कंटेंट मार्केटिंग का सेक्टर अपने वार्षिक रिवेन्यू को डबल करने जा रहा है। वहीं अगर साल 2023 के कंटेंट मार्केटिंग रिवेन्यू की बात की जाए, तो सिर्फ कंटेंट मार्केटिंग कंपनियों ने 66 बिलियन यूएस डॉलर गेन करने का काम किया है। ऐसे में अगर आप भी ग्रेजुएट हैं और अपने के लिए एक अच्छी नौकरी की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

## कंटेंट मार्केटिंग में स्कोप

- वर्तमान समय में कंटेंट ही किंग है।
- हर फील्ड की कंपनियां अपने कस्टमर से कनेक्ट करने के लिए कंटेंट का सहारा लिया जाता है।
- साल 2019 से 80% कंपनियां कंटेंट के जरिए मार्केटिंग कर रही हैं।
- साल 2021 में 97% कंपनियां कंटेंट के माध्यम से मार्केटिंग करना शुरू कर चुकी हैं।
- वहीं 40% मार्केटर्स ने साल 2022 में कंटेंट मार्केटिंग का बजट बढ़ाया है।
- जो युवा इस फील्ड में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनको आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती रहती है।
- बता दें कि कंटेंट मार्केटर की शुरूआती सैलरी 25,000 रुपए महीना होती है।

## कस्टमर को कैसे दें प्रोडक्ट की जानकारी

हर फील्ड में कंपनी या प्रोडक्ट के बारे में ग्राहकों को कई तरीके से जानकारी दी जाती है। आप वीडियो, जीआईएफ, ब्लॉग पोस्ट, इंफोग्रॉफिक, ईमेल न्यूजलेटर के जरिए कस्टमर को प्रोडक्ट की जानकारी दे सकते हैं। वहीं कस्टमर को जागरुक करने का सबसे प्रभावी तरीका प्रोडक्ट के बारे में तैयार किया गया ऑडियो विजुअल फॉर्मेट है। जोकि सबसे ज्यादा प्रचलन में है।

## डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम की खूबी

डिजिटल मार्केटिंग कोर्स बाकी संस्थानों की अपेक्षा कम कीमत में मिलता है। इस फील्ड में आपको 40 से अधिक टूल्स और मॉड्यूल्स के बारे में सिखाया जाता है। इसके अलावा आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, गूगल एड, ई-मेल मार्केटिंग, फेसबुक एड, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ग्रॉफ़िक्स डिजाइन, एंटरप्रेंन्योरशिप स्किल भी सिखाई जाती हैं। इसमें कैंडिडेट को स्पोकन इंग्लिश की ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही कैंडिडेट को 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है।

## जॉब

- पे पर क्लिक एक्सपर्ट्स
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एफिलिएट मार्केटिंग
- गूगल एड एक्सपर्ट्स
- ई-मेल मार्केटिंग

# मेधावी छात्रों को कोलगेट दे रहा बंपर स्कॉलरशिप

**कोलगेट सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे।**




कोलगेट देश की सबसे बड़ी दंत मंजन कपनियों में से एक है। यह कंपनी सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इस प्रोग्राम का नाम कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम है। इस योजना के तहत मेधावी छात्रों को अपने सपने को पूरा करने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा मेधावी छात्रों को उचित मेंटरशिप भी प्रदान करता है।

आपको बता दें कि कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग फाउंडेशन के तहत उम्मीदवारों का चयन विभिन्न स्कॉलरशिप के लिए किया जाता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए 11वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक के छात्र आवेदन कर सकते हैं। हांलाकि अलग-अलग क्लास के लिए अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं हैं।

## क्वालिफिकेशन

- इस स्कॉलरशिप का लाभ वर्तमान में बीडीएस पाठ्यक्रम के किसी भी वर्ष में नामांकित छात्र ले सकते हैं।
- छात्रों को न्यूनतम 60% अंकों के साथ कक्षा 12 की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।
- आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट स्नातक बीडीएस संस्थान में नामांकित होना चाहिए।
- छात्र के परिवार की सालान वार्षिक आय 8 लाख से कम होनी चाहिए।
- यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

## डॉक्यूमेंट्स

- आवेदक का पासपोर्ट आकार का फोटो
- आय प्रमाण (फॉर्म 16ए/सरकारी प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र/बीपीएल प्रमाण पत्र/वेतन पर्ची, आदि)
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक खाता विवरण (रद्द चेक/पासबुक कॉपी)
- प्रवेश का प्रमाण (कॉलेज आईडी कार्ड/बोनाफाइड प्रमाणपत्र, आदि)
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- फोटो पहचान प्रमाण (आधार कार्ड)
- विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

## स्कॉलरशिप का लाभ

इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत 11वीं के छात्रों को 2 साल तक 20,000 रुपए, ग्रेजुएशन व डिप्लोमा धारक छात्रों को तीन सालों तक 30,000 रुपए, अंडरग्रैजुएट/इंजिनियरिंग के स्टूडेंट्स को 4 सालों तक 30,000 रुपए, वोकेशनल कोर्स कर रहे छात्रों को 1 साल तक 20,000 रुपए और स्पोर्ट्सपर्सन को 3 सालों तक 75-75 हजार रुपये मिलेगा।

## करोड़ों टैक्सपेयर्स को मिलेगी राहत! इनकम टैक्स विभाग ने किया नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने करदाताओं को राहत देने के लिए इनकम टैक्स से जुड़े कुछ नियमों में बदलावों को नोटिफाई कर दिया है। इससे सैलरीड एंप्लॉयीज के लिए कलेक्ट किए जा चुके टीसीएस या डिडक्ट किए जा चुके डीडीएस का क्रेडिट क्लेम करना आसान हो जाएगा। साथ ही, इन बदलावों के चलते नाबालिगों के टीसीएस क्रेडिट का क्लेम पैरंट्स कर सकेंगे। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने गुरुवार को बताया कि आईटी एक्ट 1961 के सेक्शन 192 के सब सेक्शन 2क्कको फाइनैंस एक्ट 2024 के तहत संशोधित किया गया है। 15 अक्टूबर को जारी नोटिफिकेशन के जरिए सीबीडीटी ने इनकम टैक्स रूल्स 1962 में संशोधन किया है और फॉर्म नंबर 12एबी पेश किया है, जो इस एक्ट के सेक्शन 192 के सब सेक्शन 2एबी के तहत जरूरी जानकारी का प्रेस्क्राइब्ड स्टेटमेंट होगा। कर्मचारियों को ये जानकारियां अपने एंप्लॉयर को देनी होंगी, जो सेक्शन 192 के तहत पेमेंट्स के लिए जिम्मेवार होता है। एंप्लॉयर दी गई जानकारी के आधार पर सैलरी पर डीडीएस डिडक्ट करेगा। इसके अलावा किसी खास खर्च पर चुकाए गए टैक्स के लिए टीसीएस का क्रेडिट खर्च करने वाले व्यक्ति के बजाय दूसरे व्यक्ति को क्लेम करने की इजाजत देने वाला बदलाव भी किया गया है। इससे ऐसे नाबालिग कलेक्टी के मामले में पैरंट टीसीएस क्रेडिट क्लेम कर सकेंगे, जिनकी इनकम पैरंट के साथ जोड़ी जाती हो। फाइनैंस मिनिस्ट्री के बयान में कहा गया कि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 2060 के सब-सेक्शन 4 को संशोधित किया गया है, जिससे कलेक्टी के अलावा दूसरे व्यक्ति को टीसीएस क्रेडिट किया जा सके। इस बदलाव से करदाताओं को अपनी इनकम टैक्स देनदारी समझिए खबरों के कम करने में मदद मिलेगी टीसीएस पेमेंट करने वाले कलेक्टी अंदर की बात को टैक्स कलेक्ट करने वाले बैंक या दूसरे संस्थान के पास डिक्लेरेशन देना होगा, जिसमें यह बताना होगा कि टीसीएस दूसरे व्यक्ति के पेन पर क्रेडिट किया जाए। ऐसे डिक्लेरेशन में उस व्यक्ति के नाम, पते और पेन की जानकारी देनी होगी, जिसे टीसीएस दिया जाना हो उस पेमेंट की जानकारी भी देनी होगी, जिसके लिए क्रेडिट दिया जाना हो और यह भी बताना होगा कि ऐसे व्यक्ति को क्रेडिट क्यों दिया जा रहा है।

# शराब का ब्रांड कोई भी हो, बोतल मिलेगी 99 रुपये में, सरकार का है फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मदिरा के शौकीन व्यक्ति तरह तरह के ब्रांड पसंद करते हैं। कुछ लोग विभिन्न ब्रांड को आजमाते ही रहते हैं। इस चक्कर में उनको काफी पैसा खर्च करना पड़ता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। आंध्र प्रदेश सरकार ने फैसला लिया है कि अब राज्य में सभी ब्रांड के शराब का पव्वा ( 180 एमएल की बोतल) का दाम एक समान होगा। सरकार ने यह कीमत 99 रुपये प्रति बोतल तय की है।



### शुरू हो गई योजना

दरअसल, यह चुनावी वादा था। इसे ही पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने कम कीमत पर शराब की बोतल की सप्लाई सुनिश्चित किया है। हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग ने 99 रुपये में पव्वे उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इस विभाग के उपनिदेशक निशांत कुमार ने बताया कि वे खुदरा दुकानों में धीरे-धीरे स्टॉक बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों में कम कीमत वाली शराब की आपूर्ति की गई है और अगले कुछ दिनों में इसकी मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी।

### मिलेंगे 5 शीर्ष ब्रांड

निशांत कुमार ने बताया कि सूमो क्लासिक व्हिस्की , रॉयल लांसर व्हिस्की , ट्रॉपिकाना ब्रांडी , शॉट व्हिस्की और केरल माल्टेड फाइन व्हिस्की समेत पांच शीर्ष शराब ब्रांड के पव्वे 99 रुपये में बेचने के लिए तैयार हैं।

### बढ़ रही है सप्लाई

निशांत कुमार ने बताया, गुरुवार तक 99 रुपये वाली शराब की करीब 10,000 पेटियां बाजार में पहुंच गई थीं। अगले सोमवार तक इसकी रोजाना आपूर्ति 20,000 पेटियों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले पखवाड़े में दुकानों में करीब 2.4 लाख पेटियां शराब उपलब्ध कराई जाएंगी क्योंकि उन्होंने चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति बढ़ाने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि नवंबर के अंत तक 99 रुपये की कीमत वाली क्वार्टर बोतलों की करीब 1.2 करोड़ बोतलें बाजार में उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि वे चालू पखवाड़े के दौरान बिक्री का आकलन करने के बाद स्टॉक के इंपोर्ट के बारे में फैसला करेंगे। निशांत कुमार ने बताया कि वे खपत के आधार पर क्वार्टर बोतलों की खरीद बढ़ाएंगे।

## हवा में उड़ गए 34 अरब डॉलर! एक तूफान ने बुरी तरह हिला दी अमेरिका की इकोनामी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में हाल में आए मिल्टन तूफान ने काफी तबाही मचाई है। यह अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाले तूफानों में से एक है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक तूफान के कारण आई बाढ़ और तेज हवाओं से करीब 34 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। इस तूफान के कारण फ्लोरिडा में कम से कम 24 लोगों की मौत हुई। साथ ही लोगों को घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। समस्या यह है कि अधिकांश घर तेज हवाओं से होने वाले नुकसान के लिए इंश्योर्ड थे लेकिन उनके पास बाढ़ से हुए नुकसान के लिए कवर नहीं था।

मिल्टन से दो हफ्ते पहले आए हरिकेन हेलेन से करीब 47.5 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। लेकिन मिल्टन अमेरिका में आए 10 सबसे विनाशक तूफानों में शामिल है। इसमें करीब 22 अरब डॉलर का नुकसान तेज हवाओं के कारण हुआ है जबकि बाढ़ के कारण छह अरब डॉलर के नुकसान की आशंका है। हेलेन ने भी फ्लोरिडा के तटीय इलाकों में तबाही मचाई थी। अभी लोग इससे उबर भी नहीं पाए थे कि मिल्टन ने दस्तक दे दी। इससे फ्लोरिडा का इंश्योरेंस मार्केट मुश्किल में आ गया है। फ्लोरिडा में इंश्योरेंस प्रीमियम देश के बाकी राज्यों की तुलना में बहुत अधिक है।

# खाने के पैसों से कर्मचारियों ने मंगाए वाइन ग्लास, फिर जो हुआ उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्क जकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे बड़े रईस हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 204 अरब डॉलर है। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 76.1 अरब डॉलर की तेजी आई है। जकरबर्ग अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ हैं। यह कंपनी फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और वॉट्सऐप को ऑपरेट करती है। मेटा प्लेटफॉर्म्स ने हाल में अपने लॉस एंजिलिस ऑफिस में काम कर रहे 24 कर्मचारियों का निकाल दिया। इसकी वजह आपको हैरान कर देगी। इन लोगों की गलती यह थी कि उन्होंने 25 डॉलर के मील क्रेडिट्स से टूथपेस्ट, लॉन्ड्री डिटरजेंट और वाइन ग्लास जैसे आइटम खरीदे।



मेटा प्लेटफॉर्म्स में 70,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। पिछले हफ्ते कंपनी की एक जांच में यह बात सामने आई कि उसके कुछ कर्मचारियों ने मील क्रेडिट्स का दुरुपयोग किया। यहां तक कि जब वे ऑफिस में नहीं थे, तब भी उन्होंने खाना घर भिजवाया। 400,000 की सैलरी लेने वाले एक वर्कर ने दावा किया की उसने मील क्रेडिट्स से टूथपेस्ट और चाय जैसे घरेलू आइटम खरीदे। निकाले गए वर्कर्स ने खुद इस बात को स्वीकार किया कि उन्होंने मील क्रेडिट्स का मिसयूज किया था।

### फेसबुक का सफर

बड़ी आईटी कंपनी में काम करने का फायदा यह होता है कि वहां मुफ्त में खाने की सुविधा मिलती है। दुनिया के ग्रेटेस्ट एम्प्लॉयर की फोर्ब्स की लिस्ट में मेटा को 91वें नंबर पर रखा गया है। इस कंपनी की स्थापना 4 फरवरी 2004 को मार्क जकरबर्ग ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर की थी। इसका हेडक्वार्टर कैलिफोर्निया के मेलनो पार्क में है। साल 2004 में ही जकरबर्ग ने वेंचर कैपिटेलिस्ट पीटर थील से 5,00,000 डॉलर का एंजल इनवेस्टमेंट हासिल किया। अगले साल यानी 2005 में उन्होंने आधिकारिक रूप से अपनी कंपनी का नाम फेसबुक रखा। उसी साल याहू ने कंपनी को एक अरब डॉलर में खरीदने की पेशकश की थी लेकिन इस ऑफर को जकरबर्ग ने ठुकरा दिया था। साल 2007 में 23 साल की उम्र में जकरबर्ग दुनिया में सबसे कम उम्र के बिलिनेयर बन गए थे। साल 2012 में फेसबुक पब्लिक हुई जो उस समय सबसे बड़ा टेक आईपीओ था। मेटा प्लेटफॉर्म्स आज 1.459 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सातवीं बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है।

# जीरो हो गई बायजू की वैल्यू, देश छोड़कर भागे बायजू रवींद्रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुसीबतों में घिरी एडटेक स्टार्टअप बायजू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस तरह की अफवाहों का बाजार गरम है कि कंपनी के फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन देश छोड़कर दुबई भाग गए हैं। इस बीच बायजू रवींद्रन चार साल में पहले बार मीडिया से रूबरू हुए। दुबई से वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह भागकर दुबई नहीं आए हैं और जल्दी ही स्वदेश लौटेंगे। बायजू पिछले करीब एक साल से दुबई में ही रह रहे हैं। इस बीच उनकी कंपनी को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप रही बायजू की वैल्यू आज जीरो हो चुकी है। उस पर भारी कर्ज है।

44 साल के बायजू रवींद्रन ने दुबई में अपने घर से कहा, लोगों का यह सोचना दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैं भागकर दुबई आया हूं। मैं अपने पिता के इलाज के लिए पिछले एक साल से यहां हूं। लेकिन मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि मैं भागकर नहीं आया हूं। मैं भारत आऊंगा और मैं स्टेडियमों को भरकर रख दूंगा। इस समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन जल्दी ही ऐसा होगा। मैं इस स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता निकाल लूंगा। कुछ साल पहले बायजू 22 अरब डॉलर की वैल्यू के साथ देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप थी लेकिन आज इसकी कीमत जीरो रह गई है। बायजू रवींद्रन ने इसके लिए निवेशकों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जब वह कंपनी को आगे बढ़ा रहे थे तब निवेशक उनके साथ खड़े थे लेकिन संकट आते ही उन्होंने मुंह मोड़ लिया। बायजू पर आज भारी कर्ज है, उसे रेगुलेटरी जांच से गुजरना पड़ रहा है और उनसे अपनी फाइनेंशियल रिपोर्टिंग में देरी की है। इससे कंपनी की वित्तीय हालत और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं।

बायजू रवींद्रन ने कहा कि दिसंबर 2021 में जब कंपनी पर संकट आया तो उसके बाद से निवेशकों ने कोई निवेश नहीं किया है। कुछ निवेशकों ने पिछले 4-5 साल में कंपनी में कोई निवेश नहीं किया है। यह संकट कैश की कमी के चलते शुरू हुआ। आज कंपनी कई तरह की परेशानियों से घिरी है। कई कर्जदारों ने उसे एनसीएलटी में घसीट रखा है। कर्मचारियों को भी वेतन नहीं मिल पा रहा है। इन्हीं सब कारणों से इन अफवाहों को हवा मिली है कि कार्रवाई से बचने के लिए बायजू रवींद्रन दुबई भाग गए हैं।

## अदाणी एंटरप्राइजेज ने क्यूआईपी के जरिए जुटाए 4200 करोड़ रुपये, बयान जारी कर बताया कहां खर्च की जाएगी राशि




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी एंटरप्राइजेजअपनी विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए क्यूआईपी के जरिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट 50 करोड़ डॉलर यानी करीब 4, 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने एक बयान जारी कर बताया है कि उसने क्यूआईपी को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अदाणी एंटरप्राइजेस लिमिटेड के इक्विटी शेयरों की फेस वैल्यू 1 रुपये प्रति शेयर है। क्यूआईपी के जरिए कुल 1,41,79,608 इक्विटी शेयरों को 2,962 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर आवंटित किया गया था। यह लेन-देन 9 अक्टूबर 2024 को (बाजार के बाद) लगभग 4,200 करोड़ रुपये (500 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के सौदे के आकार के साथ शुरू हुआ था और 15 अक्टूबर 2024 को बंद हुआ।

# दिवंगत रतन टाटा ने 4 लोगों को दी है वसीयत की जिम्मेदारी

▶▶ **इसमें वकील डेरियस खंबाटा और दोस्त मेहली मिस्त्री शामिल हैं**

▶▶ **साथ ही उन्होंने अपनी दो सौतेली बहनों को भी नॉमिनेट किया है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का हाल ही में मुंबई में निधन हो गया था। वह अपने पीछे करीब 7,900 करोड़ रुपये की संपत्ति छोड़ गए हैं।सूत्रों के मुताबिक उन्होंने अपनी वसीयत को एग्जीक्यूट करने की जिम्मेदारी अपने करीबी वकील दोस्त डेरियस खंबाटा और सहयोगी मेहली मिस्त्री को दी है। साथ ही उन्होंने अपनी सौतेली बहनों शिरीन और डियना जीजीभॉय को भी इसके लिए नॉमिनेट किया है। रतन टाटा का 9 अक्टूबर को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का नया चेयरमैन बनाया गया है। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा ग्रुप देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है।



हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार रतन टाटा के पास टाटा संस में 0.83 प्रतिशत हिस्सेदारी थी और उनकी नेटवर्थ 7,900 करोड़ रुपये थी। टाटा चाहते थे कि उनकी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा दान और समाज के कल्याण में दिया जाए। उनकी लगभग तीन-चौथाई नेटवर्थ टाटा संस में उनकी हिस्सेदारी से जुड़ी है। इसके अलावा टाटा ने ओला, पेटीएम, ट्रैक्सन, फर्स्टक्राई, ब्लूस्टोन, कारदेखो, कैशकरो, अर्बन कंपनी और अपस्टॉक्स सहित लगभग दो दर्जन कंपनियों में निवेश किया था। हालांकि इनमें से कुछ कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेच दी थी।

### कहां-कहां है निवेश

मुंबई के कोलाबा में उनका घर था। साथ ही उनके पास अलीबाग में अरब सागर के तट पर एक होलिडे होम था। टाटा की वसीयत की डिटेल पूरी तरह प्राइवेट है। मेहली मिस्त्री रतन टाटा के विश्वासपात्र थे और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में ट्रस्टी थे। इन दो ट्रस्टों की टाटा संस में कुल मिलाकर लगभग 52 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों में टाटा संस की हिस्सेदारी की मार्केट वैल्यू लगभग 16.71 लाख करोड़ रुपये है। इस बारे में टिप्पणी के लिए मिस्त्री और खंबाटा से संपर्क नहीं हो सका और न ही जीजीभॉय से। जीजीभॉय बहनें रतन टाटा की मां सूनू की बेटियां हैं। उनकी मां की दूसरी शादी सर जमशेदजी जीजीभॉय से हुई थी। टाटा की बहनों ने परोपकारी कामों में हमेशा बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है। डियना 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में ट्रस्टी थीं। टाटा में काम कर चुके एक सूत्र ने बताया कि दिवंगत रतन टाटा अपनी छोटी बहनों के बहुत करीब थे।

### कौन हैं मेहिल मिस्त्री

एक सूत्र ने बताया कि एडवोकेट खंबाटा ने रतन टाटा की वसीयत तैयार करने में मदद की थी। लगभग सात साल के अंतराल के बाद उनकी पिछले साल टाटा के दो प्राइमरी ट्रस्टों में ट्रस्टी के रूप में वापस हुई थी। उन्होंने पेशेवर प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए 2016 में ट्रस्ट छोड़ दिए थे। नियमों के मुताबिक दिवंगत की वसीयत को लागू करने के लिए एक्जीक्यूटर का होना जरूरी है। रतन टाटा ने अपने पर्सनल इनवेस्टमेंट वीकल आरएनटी एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के जरिए वित्त वर्ष 2023 तक 186 करोड़ रुपये के निवेश किए। मिस्त्री और रतन टाटा आरएनटी एसोसिएट्स के केवल दो बोर्ड सदस्य थे। मेहिल मिस्त्री टाटा संस के पूर्व चेयरमैन दिवंगत साइरस मिस्त्री के चचेरे है। उन्होंने साइरस मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन पद से हटान से जुड़े विवाद में रतन टाटा का लगातार समर्थन किया था। वह हाल के वर्षों में रतन टाटा के स्वास्थ्य की देखभाल में भी शामिल थे। अक्टूबर 2022 में, मिस्त्री को दो टाटा के दो सबसे बड़े ट्रस्टों के बोर्ड में शामिल किया गया था। वह एम. पलोनजी ग्रुप की एक दर्जन से अधिक कंपनियों के बोर्ड में हैं।

# दुनिया की इकोनामी डुबो देगा चीन! ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा ड्रैगन का कर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन की सरकार ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए अरबों डॉलर के स्टीम्युलस पैकेज की घोषणा की है लेकिन इससे देश का कर्ज संकट हल होता नहीं दिख रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश चीन का डेट-टु-जीडीपी रेश्यो साल की पहली तिमाही में 366त्न के ऑल-टाइम हाई लेवल पर पहुंच चुका है। 2008 के वित्तीय संकट के बाद से यह रेश्यो डबल हो चुका है। नॉन-फाइनेंशियल कॉरपोरेट का रेश्यो सबसे ज्यादा 171त्न है। इसके बाद सरकार के कर्ज का रेश्यो 86त्न है। अमेरिका में सरकार का डेट-टु-जीडीपी रेश्यो 125त्न है।




करीब तीन दशक से दुनिया की फैक्ट्री बना चीन अब कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। देश की इकॉनमी डिफ्लेशन के दौर से गुजर रही है। यह वही स्थिति है जिसमें 1990 के दशक से जापान की इकॉनमी फंसी है। अमेरिका के साथ चल रहे तनाव ने चीन की बुरी हालत कर दी है। देश में बेरोजगारी चरम पर है, रियल एस्टेट सेक्टर गहरे संकट में है और लोग पैसा खर्च करने के बजाय बचत करने में लगे हैं। चीन की हालत का असर दूसरे देशों और विदेशी कंपनियों पर भी दिख रहा है। जापान का एक्सपोर्ट कई महीनों में पहली बार गिरा है। इसकी वजह यह है कि चीन में डिमांड में गिरावट आई है।

चीन की इकॉनमी डूबी तो इससे पूरा दुनिया की ग्रोथ प्रभावित होगी। हाल में दुनिया की सबसे बड़ी फैशन कंपनी एलएमवीएच के शेयरों में बड़ी गिरावट आई है। इसकी वजह यह रही कि चीन में कंपनी की बिक्री में गिरावट आई है। इसी तरह दुनिया की कई कंपनियों की ग्रोथ में चीन का बड़ा हाथ है। दुनियाभर के बाजार चीन के माल से पटे हैं। लेकिन जानकारों की मानें तो चीन में 2008 जैसी मंदी के लक्षण दिखने शुरू हो गए हैं। यही वजह है कि चीन में मंदी की आशंका ग्लोबल इकॉनमी के लिए खतरे की घंटी है। इस बीच तीसरी तिमाही में चीन की ग्रोथ डेढ़ साल में सबसे कम रही। नेशनल ब्यूरो को स्टैटिस्टिक्स के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक सितंबर तिमाही में चीन की इकॉनमी 4.6 फीसदी की रफ्तार से बढ़ी जो पिछली तिमाही में 4.7 परसेंट थी। यह 2023 की शुरुआत से सबसे कम ग्रोथ है। हाल के दिनों में चीन की सरकार ने इकॉनमी में जान फूंकने के लिए कई तरह की घोषणाएं की हैं। इनमें ब्याज दरों में कटौती और घर खरीदने से जुड़े नियमों में ढील शामिल है। लेकिन निवेशकों में इसे लेकर ज्यादा उत्साह नहीं है।

# दिवाली तक बिकेंगी 45 लाख से अधिक गाड़ियां, पूछताछ तीन गुना बढ़ी; कंपनियां दे रहीं आकर्षक ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवरात्र से शुरू त्योहारी सीजन में ट्रैक्टर को छोड़कर कारों और दोपहिया समेत सभी प्रकार की गाड़ियों की जबरदस्त मांग दिख रही है। डीलरों के पास गाड़ियों को लेकर पूछताछ तीन गुना बढ़ गई है। ग्राहकों को आकर्षित करने और अपने स्टॉक को खत्म करने के लिए वाहन कंपनियां भी भारी छूट दे रही हैं।



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के उपाध्यक्ष साई गिरधर ने बताया, इस त्योहारी सीजन में दिवाली तक देशभर में 45 लाख से अधिक गाड़ियां बिकेंगी। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं। यह आंकड़ा 2023 के त्योहारी सीजन में बिके कुल 37.93 लाख वाहनों की तुलना में 7.07 लाख अधिक है। 2022 में कुल 32 लाख गाड़ियां बिकी थीं। गिरधर ने आगे बताया कि पिछले त्योहारी सीजन की तुलना में इस बार रिकॉर्ड गाड़ियां बिकने की कई वजहे हैं। डीलरों के पास ग्राहकों के पसंदीदा कलर में लगभग सभी मॉडल उपलब्ध हैं। कुछ मॉडल को छोड़ दें तो वेटिंग पीरियड नहीं है यानी ग्राहकों को अपनी नई कार घर ले जाने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। इस बार गाड़ियों पर मिलने वाली छूट चरम पर है। फाइनेंसर भी कर्ज देने के लिए तैयार बैठे हैं। इसके उलट, 2023 के त्योहारी सीजन में वेटिंग पीरियड अधिक था। डीलरों के पास स्टॉक और ग्राहकों के पसंदीदा मॉडल उपलब्ध नहीं थे।

नवरात्र के पहले 10 दिनों में ट्रैक्टर को छोड़कर सभी गाड़ियों में दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की गईहै। दोपहिया वाहनों में 12 फीसदी की तेजी रही। पूरे त्योहारी सीजन में गाड़ियों की कुल बिक्री में नवरात्र का हिस्सा 20 फीसदी होता है।

ग्रामीण बिक्री में तेज सुधार देखने को मिल रहा है। खासतौर पर दोपहिया वाहनों में। इसके अलावा, छुपी हुई मांग (पेंटअप डिमांड) का भी बिक्री के आंकड़ों पर असर पड़ेगा। गिरधर ने बताया, मई-जून में अधिक गर्मी, उसके बाद अत्यधिक बारिश व फिर श्राद्ध के कारण लोगों ने खरीदी टाल दी। अब छुपी मांग बाहर आ रही है और इन्क्वायरी बढ़ी है। होंडा कार्स इंडिया के उपाध्यक्ष (मार्केटिंग एंड सेल्स) कुणाल बहल ने बताया, त्योहारों में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए होंडा सिटी, अमेज और एलेवेट जैसे चुनिंदा मॉडल पर छूट एवं अन्य ऑफर उपलब्ध है। इनमें नकद छूट, एक्सचेंज और कॉरपोरेट बोनस के साथ तीन साल तक निशुल्क मेटेनेंस पैकेज शामिल है।

## आईपीएल- 2025 में इन 3 खिलाड़ियों को रिटेन करेगी केकेआर? चौंकाने वाला है अनकैप्ड प्लेयर का नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें वह रिटेन करना चाहेगी. जिसमें से तीन नाम पक्के माने जा रहे हैं. आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें वह रिटेन करना चाहेगी. जिसमें से तीन नाम पक्के माने जा रहे हैं. कोलकाता नाइट राइडर्स को अपने कप्तान श्रेयस अय्यर, ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और सुनील नरेन को रिटेंशन के लिए मजबूत विकल्प माना जाता है .कोलकाता नाइट राइडर्स



को अपने कप्तान श्रेयस अय्यर, ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और सुनील नरेन को रिटेंशन के लिए मजबूत विकल्प माना जाता है. श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता आईपीएल 2024 की ट्रॉफी जीतने में सफल रही. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 29 मैचों में 140.04 की स्ट्राइक रेट से 752 रन बनाए हैं. श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता आईपीएल 2024 की ट्रॉफी जीतने में सफल रही. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 29 मैचों में 140.04 की स्ट्राइक रेट से 752 रन बनाए हैं. आंद्रे रसेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की रीढ़ माना जाता है. उन्होंने कोलकाता के लिए 120 मैचों में 175.80 की स्ट्राइक रेट से 2426 रन बनाए हैं और 9.30 की इकॉनमी से 114 विकेट भी लिए हैं.
आंद्रे रसेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की रीढ़ माना जाता है. उन्होंने कोलकाता के लिए 120 मैचों में 175.80 की स्ट्राइक रेट से 2426 रन बनाए हैं और 9.30 की इकॉनमी से 114 विकेट भी लिए हैं.
सुनील नरेन की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीन आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं. इसमें आईपीएल 2012, 2014 और 2024 शामिल हैं. उन्होंने कोलकाता के लिए 177 मैचों में 165.84 की स्ट्राइक रेट से 1534 रन बनाए हैं और 6.73 की इकॉनमी से 180 विकेट लिए हैं.

## राज्य स्तरीय सीनियर हॉकी प्रतियोगिता में चयन के लिए ट्रायल 20 को

**अलवर, एजेंसी।** हॉकी राजस्थान की ओर से बाड़मेर में होने वाली 14वी राज्य स्तरीय सीनियर हॉकी प्रतियोगिता 2024 (पुरुष) के लिए रविवार 20 अक्टूबर को अलवर जिले की टीम के चयन के लिए राजर्षि कॉलेज के खेल मैदान में ट्रायल किया जाएगा। हॉकी अलवर के सचिव लोकेश मीना बताया कि ट्रायल के लिए प्रदीप सिंह नरूका (सीनियर) एवं चंद्रांश शर्मा संयोजक बनाया गया है। टीम के चयन के लिए



हद्वुस-कोच मारग्रेट हिंदुस्तानी को सेलेक्टर बनाया गया हैं। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता के लिए पुरुष टीम के लिए ट्रायल आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि ट्रायल में जिले के समस्त सीनियर खिलाड़ी इस हॉकी ट्रायल में भाग ले सकेंगे। 20 अक्टूबर, 2024 को सुबह 9 बजे ट्रायल राज ऋषि कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र या पहचान पत्र के साथ एक फोटो लेकर आना अनिवार्य है।

### भारत-न्यूजीलैंड पहला टेस्ट,

# सरफराज -विराट ने निकाला कीवी गेंदबाजों का तेल

- तूफानी अंदाज में ठोकी फिफ्टी
- विराट के 9 हजार रन पूरे, टीम का स्कोर 200 पार
- कीवियों ने पहली पारी में 402 रन बनाए

### बदकिस्मत अंदाज में बोल्ड हुए रोहित शर्मा, सिर पर हाथ रखकर क्रीज पर खड़े ही रह गए



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में 402 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने 356 रन की बढ़त हासिल की। विराट के 9 हजार रन पूरे हो गए थे।

भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 214 रन बना लिए थे। विराट कोहली और सरफराज खान ने शानदार 50 रन बनाए। दोनों खिलाड़ी शतक के करीब पहुँचने वाले थे। दोनों अपनी-अपनी फिफ्टी पूरी कर चुके थे। कोहली और सरफराज दोनों के बीच शतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी थी। रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट एजाज पटेल ने लिए। पहली पारी में सिर्फ दो रन पर आउट होने वाले रोहित शर्मा दूसरी पारी में बेहतरीन लय में नजर आ रहे थे। रोहित शर्मा उसी अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे, जैसे एक टीम को अपने कप्तान से उम्मीद होती है। तीसरे दिन के आखिरी सेशन में रोहित शर्मा खतरनाक नजर आ रहे थे। 21वें ओवर में तो उन्होंने मैट हेनरी को रिमांड में लेते हुए लगातार चौका, छक्का और फिर चौका जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन फिर अगले ही ओवर में बदकिस्मती से क्लीन बोल्ड हो गए।

**घूमती-उछलती गेंद स्टंप में घुस गई-** दरअसल, स्पिनर एजाज पटेल की पांचवीं गेंद को फ्रंटफुट पर डिफेंस करने के बाद उछलती हुई गेंद उनके स्टंप पर जा लगी। रोहित शर्मा को भी यकीन नहीं हुआ कि उनके साथ क्या हो गया। अपनी किस्मत पर अफसोस जताते हुए वह सिर पर हाथ रखकर क्रीज पर खड़े हो गए। हिटमैन ने 63 गेंद में 52 रन बनाए। इस तरह भारत को 95 रन पर दूसरा और सबसे बड़ा झटका लगा। गेंद को वापस स्टंप की ओर लुढ़कते देखते हुए रोहित चपलता से उसे किक भी मार सकते थे।

**रोहित ने पहली पारी में बनाए थे सिर्फ दो रन-** पहली पारी में 16 गेंद में दो रन बनाकर आउट होने वाले रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में आठ चौके और एक छक्का मारा। चाय के ठीक बाद, भारत ने यशस्वी जयसवाल को खो दिया, जिन्होंने रोहित के साथ 72 रन की मजबूत साझेदारी की थी। रोहित की 59 गेंदों में अर्धशतकीय पारी भारत के लिए उम्मीद की किरण थी। सरफराज खान के नंबर तीन पर आने से विराट कोहली अपनी पुरानी पोजिशन चौथे नंबर पर आ गए। भारत की पारी को फिर से बनाने और मैच बचाने का दारोमदार अब कोहली के कंधों पर होगा।

टीम इंडिया के लिए सरफराज खान करियर के चौथे टेस्ट मैच में मैदान पर उतरे थे। इस तरह सरफराज खान ने चार टेस्ट मैच में चार फिफ्टी ठोक दी है। अपनी



अर्धशतकीय पारी के दौरान सरफराज ने वनडे के अंदाज में 6 चौका और 3 छक्के भी उड़ाए। रोहित शर्मा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए मैदान पर सरफराज खान ने क्रीज पर आते ही धूम धड़ाका करना शुरू कर दिया।

**न्यूजीलैंड की पहली पारी में 402 रन-** इससे पहले न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में 402 रन बनाकर 356 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी।

# मेगा नीलामी में उतर सकते हैं केएल राहुल और ध्रुव जुरेल

नई दिल्ली, एजेंसी। इस बात की प्रबल संभावना है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल और ध्रुव जुरेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की इस साल के अंत में होने वाली मेगा नीलामी में शामिल होंगे। वर्तमान में, सभी टीमों के लिए मेगा नीलामी से पहले अपने रिटेंशन को पूरा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी रिटेंशन और आरटीएम विकल्प के संयोजन के माध्यम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। छह रिटेंशन या आरटीएम में अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों का संयोजन) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी हो सकते हैं।



राहुल ने 2022 सीज़न से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 38 मैचों में 1410 रन बनाए हैं। इसके बावजूद, सूत्रों ने आईएएनएस को संकेत दिया है कि फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने के बजाय उनके मेगा नीलामी में शामिल होने की संभावना है। इस समाचार एजेंसी को सूत्रों ने बताया, इस बारे में काफी चर्चा हो रही है कि राहुल वाकई मेगा नीलामी में उतरना चाहते हैं, क्योंकि एलएसजी उन्हें रिटेन नहीं कर सकती है। रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों या रिटेंशन की कीमत के बारे में विभिन्न चर्चाओं के नतीजों के आधार पर, अगर राहुल नीलामी सूची में शामिल होते हैं, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। राहुल इससे पहले आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अगर वह मेगा नीलामी में उतरते हैं, तो यह देखकर आश्चर्य नहीं होगा कि कई टीमें उन्हें अपने सेट-अप में शामिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, खासकर उनके कैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज होने और पूर्व नेतृत्व अनुभव के अनूठे संयोजन को देखते हुए। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि 2023 सीज़न से राजस्थान रॉयल्स के लिए 28 आईपीएल मैच खेलने वाले जुरेल, फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने से साफ इनकार करने के बाद मेगा नीलामी में शामिल होने वाले एक और कैप्ड भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं।

### सैफ चैंपियनशिप:

# आशालता देवी ने रचा इतिहास

**काठमांडू, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने सैफ महिला चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने पहले मैच में पाकिस्तान को 5-2 से मात दी। इसके साथ ही भारत ने अंकतालिका में भी दो अहम अंक हासिल किए। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले हाफ तक 4-1 से आगे थी। भारत ने तीन टीम के ग्रुप के शुरुआती मैच में जीत से तीन अंक हासिल किए। बांग्लादेश ग्रुप की तीसरी टीम है। भारतीय कप्तान आशालता देवी ने देश के लिए 100वां मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की और स्ट्राइकर नगांगोम बाला देवी 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली देश की पहली महिला फुटबॉलर बनीं।



पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले हाफ तक 4-1 से आगे थी। भारत ने तीन टीम के ग्रुप के शुरुआती मैच में जीत से तीन अंक हासिल किए। बांग्लादेश ग्रुप की तीसरी टीम है। भारतीय कप्तान आशालता देवी ने देश के लिए 100वां मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की और स्ट्राइकर नगांगोम बाला देवी 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली देश की पहली महिला फुटबॉलर बनीं। भारतीय टीम को सैफ चैंपियनशिप में ग्रुप ए में पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया। भारत 23 अक्टूबर को बांग्लादेश का सामना करेगा।

### महिला टी-20 वर्ल्डकप

# साउथ अफ्रीका फाइनल में, 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पहली बार विश्व कप में हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने कसी गेंदबाजी के बाद एनेके बॉश (नाबाद 74 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 की रात दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को 8 विकेट से हराकर उलटफेर किया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। साउथ अफ्रीका ने टी20 विश्व कप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है।

**ऑस्ट्रेलिया ने 7 में से 6 विश्व कप फाइनल खेले-** दोनों टीमों के बीच महिला टी20 विश्व कप 2023 का फाइनल खेला गया था, जिसमें आस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। साल 2009 से अब तक 7 टी20 विश्व कप हो चुके हैं और ऑस्ट्रेलिया ने उनमें से 6 जीते हैं और एक में फाइनल में हारा है। अब रविवार 20 अक्टूबर 2024 को साउथ अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।साउथ अफ्रीका ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहीं बॉश की आठ चौके और एक छक्के वाली 48 गेंद की नाबाद पारी की मदद से 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर आस्ट्रेलियाई टीम का 8वीं बार फाइनल में प्रवेश करने का सपना तोड़ दिया।

## बॉश-वोल्वार्ड्ट ने साउथ अफ्रीका के लिये रचा इतिहास

साउथ अफ्रीका की जीत में कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (42 रन) और एनेके बॉश के बीच दूसरे विकेट के लिए की गई 65 गेंद में 96 रन की आक्रामक साझेदारी ने अहम भूमिका निभाई। बॉश और वोल्वार्ड्ट के बीच यह साझेदारी टी20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए साउथ अफ्रीका की ओर से सबसे अधिक रन की साझेदारी है।

वोल्वार्ड्ट ने 37 गेंद में 3 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि तजमिन ब्रिट्स ने एक चौके और एक छक्के की मदद से 15 गेंद में 15 रन बनाये। साउथ अफ्रीका के दोनों विकेट एनाबेल सदरलैंड ने झटके। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद धीमी शुरुआत करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 134 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया ने 2009 से शुरू हुए महिला टी20 विश्व कप में अब तक सभी 9 सेमीफाइनल खेले हैं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 44 रन बनाये। कप्तान तहालिया मैक्ग्रा ने 27 रन का योगदान दिया। अंत में एलिस पैरी की 23 गेंद में 31 रन और फोबे लिचफील्ड की 9 गेंद में नाबाद 16 रन की पारी से ऑस्ट्रेलिया इस स्कोर तक पहुंचा। साउथ अफ्रीका ने अंत में अंतिम 4 ओवर में 40 रन लुटाये।

# पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रनों से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की

मुल्तान, एजेंसी। पाकिस्तान ने मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर 152 रनों की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह जीत पाकिस्तान के स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिली, जिन्होंने दोबारा इस्तेमाल की गई पिच का पूरा फायदा उठाया और चौथे दिन लंच से पहले इंग्लैंड को 144 रनों पर आउट कर दिया। इस नतीजे के बाद अगले हफ्ते रावलपिंडी में रोमांचक सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा, जिसमें सीरीज 1-1 से बराबर होगी। 297 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, बाएं हाथ के स्पिनर नोमान



अली ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ढेर कर दिया, जिन्होंने चौथे दिन सुबह गिरे आठ में से सात विकेट चटकाए, दूसरी पारी में 8-46 और मैच में कुल मिलाकर 11-147 के आंकड़े हासिल किए। मैच में नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। नोमान ने ऑफ स्पिनर साजिद खान के साथ मिलकर, जिन्होंने दोनों पारियों में नौ विकेट लिए, इंग्लैंड की स्पिन के सामने कमजोरियों को उजागर किया। दोनों ने मिलकर 20 विकेट आपस में बांटने का दुर्लभ कारनामा किया, ऐसा टेस्ट इतिहास में केवल सात बार हुआ है। पाकिस्तान की जीत का श्रेय उनके चयन और पिच की स्थिति को दिया गया।

# इगा स्वियाटेक ने विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने अगले महीने रियाद में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स से पहले विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त करने की घोषणा की है।

फिसेट, स्वियाटेक के पहले गैर-पोलिश कोच और साथ ही उनके करियर के शीर्ष स्तर पर तीसरे कोच बने। इगा स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मैं एक नया अध्याय शुरू करने के लिए उत्साहित और प्रेरित हूं। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि विम फिसेट हमारी टीम में शामिल हो रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं, मैं डब्ल्यूटीए फाइनल्स की तैयारी कर रही हूं, लेकिन मेरा दृष्टिकोण हमेशा की तरह है काफी आगे तक का है, न कि शॉर्ट टर्म। मैंने कई बार कहा है कि मेरा करियर मेरे लिए मैराथन है, स्प्रिंट नहीं और मैं इसी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही हूं, संचालन कर रही हूं और निर्णय ले रही हूं।





# सेंसर बोर्ड से पास हुई कंगना की इमरजेंसी

### जल्द होगा प्रदर्शन तिथि का ऐलान

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर हुए विवाद की वजह से फिल्म की रिलीज टाल दी गई थी। ये फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होनी थी लेकिन सिख समुदाय की आपत्ति की वजह से इसे टाल दिया गया था। मामला कोर्ट में था। हालांकि, अब कंगना और उनके फैंस के लिए खुशी की खबर ये है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। फिल्म की रिलीज की तारीख अब जल्द ही तय होगी। कंगना रनौत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल गया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए लिखा, हमें ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमें सेंसर बोर्ड से हमारी फिल्म इमरजेंसी के लिए सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगे।
आपके सब्र और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर ये बताया गया था कि फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन फिल्म पर सिख समुदाय ने आपत्ति की थी, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया था। मामला मध्य प्रदेश की हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इसके बाद फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी गई। जानकारी के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं, और कुछ सीन में आपत्ति जताते हुए मेकर्स को कुछ उनमें बदलाव के लिए सुझाव भी दिए थे। साथ ही, डिस्क्लेमर के इस्तेमाल के लिए भी कहा गया था। बता दें कि इस फिल्म में कंगना के अलावा, श्रेयस तलपड़े और अनुपम खेर जैसे एक्टर्स भी हैं। फिल्म में कंगना पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के रोल में हैं। कंगना रनौत इस फिल्म की डायरेक्टर और प्रोड्यूसर भी हैं।

### खास दोस्त ने ली मीरा राजपूत की

# 'सबसे खराब तस्वीर' मुस्कुराते नजर आए शाहिद

**बॉलीवुड** के क्यूट कपल शाहिद कपूर और मीरा राजपूत सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक दमदार पोस्ट से प्रशंसकों को लुभाते रहते हैं। मीरा राजपूत ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर से फैंस संग खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं। बता दें कि मीरा राजपूत और शाहिद कपूर का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी एक से बढ़कर एक पोस्ट से भरा पड़ा है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर हालिया पोस्ट में कपल अपने दोस्तों के साथ हंसता मुस्कुराता देखा जा सकता है। इस तस्वीर में 'कबीर सिंह' एक्टर पत्नी मीरा और उनके दो दोस्तों संग पोज देते नजर आ रहे हैं। सेल्फी के लिए कैमरा थामे मीरा ब्लैक जैकेट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, शाहिद भी काले लिबास में नजर आ रहे हैं। मीरा ने स्टोरी सेक्शन में लिखा 'एनुअल सीन' यानि साल का सबसे खास दृश्य! फॉलोअप स्टोरी में मीरा ने अपनी सोलो फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सोफे पर बैठी हैं। अगली तस्वीर में आइस्क्रीम संग खुद को क्लिक कराया है। इसके साथ बड़ा मजेदार कैप्शन भी लिखा है। मीरा कहती हैं, 'खास दोस्त आपकी सबसे खराब तस्वीरें लेते हैं। शाहिद कपूर की पत्नी ने कुछ लजीज वीगन व्यंजनों की एक तस्वीर शेयर की। बता दें कि शाहिद कपूर और मीरा राजपूत ने साल 2015 में शादी की थी। कपल को दो बच्चे हैं, बेटी का नाम मीशा और बेटे का नाम जैन है। शाहिद कपूर के फिल्मी करियर की बात करें तो हैदर एक्टर मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज निर्देशित अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर देवा में दिखने वाले हैं । फिल्म में शाहिद कपूर के साथ लीड रोल में पूजा हेगड़े हैं। यह फिल्म 14 फरवरी, 2025 को वैलेंटाइन डे पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने बताया था कि फर्जी 2 पर काम चल रहा है। शाहिद कपूर कृति सेनन के साथ तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था।





# महादेव बैटिंग ऐप केस में नाम आने के बाद मुश्किल में तमन्ना

**एक्ट्रेस** तमन्ना भाटिया मुश्किल में पड़ती नजर आ रही हैं। उनका नाम महादेव बेटिंग ऐप मामले में सामने आया है और इसे लेकर ED (प्रवर्तन निदेशाल) ने एक्ट्रेस से पूछताछ की है। तमन्ना 17 अक्टूबर को गुवाहाटी में ईडी के सामने पेश हुई और उनसे महादेव बैटिंग ऐप और ऑनलाइन गेमिंग को लेकर सवाल पूछे गए।

तमन्ना पर आरोप है कि उन्होंने महादेव ऑनलाइन गेमिंग के सपोर्टिव बैटिंग ऐप यानी फेयरप्ले पर IPL मैचों को अवैध रूप से देखने को बढ़ावा दिया। इसी सिलसिले में ईडी ने एक्ट्रेस को तलब किया था। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी ED द्वारा बुलाए जाने के बाद तमन्ना भाटिया अपनी मां के साथ गुवाहाटी पहुंचीं।

### अप्रैल में महाराष्ट्र साइबर सेल ने की थी पूछताछ

यह दूसरी बार है जब महादेव बैटिंग ऐप केस की आंच तमन्ना तक पहुंची है। इसी साल अप्रैल में फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल मैचों को बढ़ावा देने के आरोप में महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा तलब किया गया था। महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले ने काफी ध्यान आकर्षित किया है। अनुमान है कि इसमें 15 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ, जिसकी जांच जारी है

### ऐसे जांच के चक्कर में फंसी तमन्ना

महादेव बैटिंग ऐप ने कथित तौर पर क्रिकेट टूर्नामेंट के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर वायाकॉम 18 की अनुमति के बिना अवैध रूप से आईपीएल मैचों को स्ट्रीम किया था। इससे भारी नुकसान हुआ था। तमन्ना भाटिया कथित तौर पर फेयरप्ले ऐप से जुड़ी थीं। इसके कारण वायाकॉम को 1 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। महादेव के सपोर्टिंग ऐप फेयरप्ले को प्रमोट करने के चक्कर में वह जांच के दायरे में आ गई।



# सलमान को फिर मिली धमकी

**एनसीपी** नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान को स्पेशल सिक्योरिटी दी गई है। उन्हें Y+ सिक्योरिटी दी गई है। उनकी सारी मीटिंग्स और शूटिंग तक को कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही उनके करीबियों को भी उनसे ना मिलने की सलाह दी गई है। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान से दूर रहने की सलाह दी गई थी। ऐसे में अब एक बार फिर से खबर सामने आ रही है कि बिश्नोई गैंग के नाम पर सलमान खान को धमकी दी गई है और 5 करोड़ की फिरौती मांगी गई है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सअप नंबर पर एक धमकी भरा मैसेज मिला है, जिसमें सलमान खान से 5 करोड़ की फिरौती की मांग की गई है। सेंडर की ओर से दावा किया गया, 'इस हल्के में ना लें। अगर सलमान खान को जिंदा रहना है और लॉरेंस बिश्नोई के साथ दुश्मनी को खत्म करना है तो 5 करोड़ देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए जाएंगे तो सलमान खान की हालत बाबा सिद्दीकी से भी बुरी होगी।' मामले की छानबीन शुरू हो चुकी है। मुंबई पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

# पवित्र रिश्ता की अर्चना ने बताया सेल्फ लव है सबसे बेहतरीन तरह का प्यार

**टीवी** जगत की खूबसूरत अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में साड़ी में सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने एक वीडियो शेयर की है। पवित्र रिश्ता की अर्चना ने बताया कि सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा कर पवित्र रिश्ता से घर-घर लोकप्रिय हुई अंकिता लोखंडे ने कैप्शन में लिखा 'सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है, मैं जैसी हूं, बिल्कुल वैसी ही हूं और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साथ ही उन्होंने लिखा, सेल्फ लव स्वार्थ नहीं है, यह महत्वपूर्ण है और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साड़ी के साथ अंकिता ने मुलायम, कर्ल बालों को स्टाइल किया, जो उन पर काफी फब रहा है। वीडियो के अलावा अंकिता ने कुछ खूबसूरत साड़ी की तस्वीरें भी साझा कीं, इसमें एक्ट्रेस पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में टीवी कलाकार खूबसूरत लग रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रशंसक अंकिता की तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन को अंकिता लोखंडे की प्रशंसा से भर दिया।

वर्ष 1984 में जन्मीं अंकिता लोखंडे को पवित्र रिश्ता से घर-घर पहचान मिली। शो में उनका नाम अर्चना था और उनके साथ लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत थे। छोटे पर्दे के अलावा अंकिता मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ झांसी (2019), बागी 3 (2020), और स्वातंर्त्य वीर सावरकर जैसी फिल्मों में भी दिखाई दी हैं। अभिनेत्री तीन गोल्ड अवार्ड, एक आईटीए अवॉर्ड और एक इंडियन टेली अवॉर्ड भी पा चुकी हैं। 'बिग बॉस' फेम अंकिता ने खुद को इंडस्ट्री में लोकप्रिय और सबसे अधिक भुगतान पाने वाली टीवी अभिनेत्रियों में से एक के रूप में जगह बनाई है।

इस बीच काम के मोर्चे पर बात करें तो अंकिता लोखंडे 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनकी भूमिका का नाम यमुनाबाई सावरकर था। वह अपने पति विक्की जैन के साथ 'ला पिला दे शराब' नाम के एक म्यूजिक वीडियो में भी दिखाई दी थीं। अंकिता जल्द ही अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'आम्रपाली' में नजर आएंगी।





# पिता मुकेश गौतम के लिए बेहद खुश और भावुक हैं यामी गौतम


**अभिनेत्री** यामी गौतम अपने पिता मुकेश गौतम के राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने से बेहद खुश हैं। सोशल मीडिया पर अपने पिता की प्रशंसा करने के बाद अभिनेत्री ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पिता के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर यामी गौतम ने बताया कि वह अपने पिता के राष्ट्रीय पुरस्कार पाने पर काफी खुश हैं। इसके साथ ही वह इस पल को लेकर वह भावुक भी हैं। यामी गौतम के पिता मुकेश गौतम ने अपनी फिल्म बागी दी धी के लिए सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा 'काश मैं बता पाती कि इस समय मेरा दिल कितना खुश और भावुक है।


### मिस इंडिया निकिता पोरवाल का चंबल कनेक्शन:

# डेब्यू फिल्म चंबल पार में देहाती लुक में दिखी

**मिस** इंडिया 2024 का खिताब जीतने वाली निकिता पोरवाल की पहली डेब्यू फिल्म चंबल पार जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की शूटिंग धौलपुर के चंबल और नदी किनारे बसे गांवों में की गई है। फिल्म के दौरान निकिता पोरवाल को देहाती और सरल लुक में देखा गया, जिसने दर्शकों को खासा प्रभावित किया है। यह फिल्म सामाजिक रीति-रिवाजों और संस्कृति के हो रहे दोहन पर आधारित है और निकिता के अभिनय के साथ, यह फिल्म उनके मिस इंडिया से लेकर बॉलीवुड तक के सफर की एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गई है। शूटिंग के दौरान, निकिता पोरवाल को देहाती संस्कृति से काफी लगाव हुआ।



उनका कहना है कि चंबल के गांवों की सादगी और वहां के रीति-रिवाजों ने उन्हें बहुत प्रभावित किया। मिस इंडिया का खिताब जीतने के बाद अब निकिता का सपना है कि वे बॉलीवुड के नामी निर्देशक संजय लीला भंसाली की हीरोइन बनें। 2 घंटे 15 मिनट की यह फीचर फिल्म चंबल पार सामाजिक रीति-रिवाजों और संस्कृति के हो रहे दोहन की गंभीर समस्या पर ध्यान केंद्रित करती है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक संजीव राज सिंह परमार और देवेंद्र सिंह परमार हैं, और उन्होंने फिल्म को वास्तविकता के करीब रखने के लिए धौलपुर के ग्रामीण इलाकों में फिल्माया है। फिल्म के निर्देशक संजीव राज सिंह परमार ने कहा, ÷हमारी फिल्म में चंबल क्षेत्र के गांवों की जीवनशैली और वहां के लोगों की समस्याओं को दिखाने का प्रयास किया गया है। निकिता पोरवाल ने अपने किरदार के साथ न्याय किया है और उनके प्रदर्शन से दर्शक प्रभावित होंगे। फिल्म के अंत में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है, जो समाज के लिए जरूरी है।



# मैं पछतावे में नहीं, कोई मलाल नहीं...

### मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद पहली बार तोड़ी चुप्पी

**कुछ** दिन पहले मलाइका अरोड़ा ने अपने पिता अनिल मेहता को खो दिया, जिसके बाद वह गुमसुम हो गई थीं और काम से भी दूरी बना ली थी। उनके पिता ने घर की बालकनी से कूदकर सुसाइड कर लिया था। हालांकि, अब मलाइका काम पर वापस लौट आई हैं। वापसी के बाद उन्होंने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने पछतावे और अपनी चॉइसेस को लेकर कुछ ऐसा कहा, जिससे लोगों को लग रहा है कि एक्ट्रेस का इशारा अर्जुन कपूर की तरफ है।

### मलाइका बोलीं- पछतावे के बिना जी रही

मलाइका ने ग्लोबल स्पा मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरा मानना है कि पर्सनली और प्रोफेशनली मैंने जो भी चुनाव किया है, उसने मेरे जीवन को आकार दिया है और उसका कारण है। मैं बिना किसी पछतावे के जी रही हूं और खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं कि चीजें वैसे ही सामने आ रही हैं जैसी वो थीं।

### मलाइका और अर्जुन का कब हुआ ब्रेकअप

मलाइका और अर्जुन का कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में ब्रेकअप हो गया था। फैंस उस वक्त परेशान हो गए थे, जब मलाइका, अर्जुन कपूर की बर्थडे पार्टी में नहीं पहुंची थीं। यही नहीं, उन्होंने एक्टर को सोशल मीडिया पर भी बर्थडे विश नहीं किया था। बाद में अर्जुन कपूर और मलाइका एक इवेंट में नजर आए थे। पर यहां मलाइका ने अर्जुन को इग्नोर किया। वह उन्हें कुछ बोले बिना ही उनके सामने से निकल गई।

-साभार एजेंसी

# ओवरसाइज कोट के बटन खोल मौनी रॉय ने दिखाई टोन्ड फिगर



### एक-एक तस्वीर ने इंटरनेट पर लगाई आग

**टीवी** से करियर की शुरुआत करने वाली मौनी रॉय ने अब बॉलीवुड में भी अपनी नई पहचान बना ली है। मौनी रॉय अपनी फिल्मों के साथ-साथ सिजलिंग लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं। मौनी ने हमेशा ही अपनी खूबसूरती से फैंस को इंप्रेस किया है। इतना ही नहीं एक्ट्रेस कई बार अपनी बोल्डनेस से इंटरनेट हिला चुकी हैं।स बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। मौनी रॉय की कुछ सिंजलिंग और हॉट फोटोज सामने आई हैं। इन फोटोज में वह ओवरसाइज कोट में परम सुंदरी लग रही हैं लेकिन उनका कातिलाना अंदाज भी लोगों के दिलों को छू रहा है। लुक की बात करें तो मौनी व्हाइट पेंट और ब्रालेट ब्राउन टॉप स्टाइलिश लग रही हैं। उन्होंने इसके साथ ओवरसाइज्ड कोट पेयर किया है। मौनी कोट के बटन खोल अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

